राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 11 अंक-147
लखनऊ, रविवार 14 जनवरी, 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- रु 4.00
आमंत्रण मूल्य ₹3
लखनऊ व कानपुर से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





पात्रों को मिलेगा पेंशन, मकान, राशनकार्ड : सीएम योगी 03

टी-20 सीरीज जीतने आज मैदान में उतरेगी टीम इंडिया 12


## संक्षिप्त समाचार

### ईडी ने अरविंद केजरीवाल को भेजा चौथा समन

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में शराब घोटाले की जांच कर रहे प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को चौथी बार समन भेजा है। अब तक किसी भी समन में केजरीवाल पेश नहीं हुए हैं। उन्होंने अपनी लीगल टीम से समन का जवाब भेजा था। अब ईडी ने नया समन भेजकर 18 जनवरी को पूछताछ के लिए बुलाया है। मुख्यमंत्री कार्यालय के अनुसार, केजरीवाल 18, 19 और 20 जनवरी को गोवा दौरे पर रहेंगे। कहा जा रहा है कि मुख्यमंत्री संभवत: इस बार भी ईडी मुख्यालय नहीं जाएंगे। इससे पहले 11 और 12 जनवरी को केजरीवाल का गोवा दौरा प्रस्तावित था। प्रस्तावित दौरा गणतंत्र दिवस कार्यक्रम की तैयारियों से जुड़ी मीटिंग के कारण निरस्त हो गया था।

### नेपाल में बस नदी में गिरने से 12 लोगों की मौत

**काठमांडू।** पश्चिमी नेपाल के डांग जिले में शुक्रवार की रात एक बस के पुल से नदी में गिर जाने से 12 लोगों की मौत हो गई। मुख्य जिला अधिकारी रामबंधु सुबेदी ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दुर्घटना कल रात करीब 22:30 बजे उस समय हुई जब काठमांडू आ रही बस राप्ती नदी पर बने पुल की रेलिंग से टकराकर नदी में गिर गयी। हादसे में 12 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है, जबकि 22 अन्य घायल हुए हैं। उन्होंने बताया कि बचावकर्मियों को बस को नदी से बाहर निकालने में लगभग चार घंटे लग गये। घायलों को स्थानीय अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

### विदेश मंत्री 14-15 जनवरी को ईरान की यात्रा पर

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर अपने ईरानी समकक्ष होसैन अमीर-अब्दुल्लाहियन के साथ बातचीत करने के लिए 14-15 जनवरी को ईरान की यात्रा पर रहेंगे। विदेश मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि दोनों पक्षों के बीच चल रहे उच्च स्तरीय आदान-प्रदान के हिस्से के रूप में विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर 14-15 जनवरी को ईरान का दौरा करेंगे। वह ईरान के विदेश मंत्री डॉ. होसैन अमीर-अब्दुल्लाहियन से मुलाकात करेंगे और द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा करेंगे। राजनीतिक सहयोग, कनेक्टिविटी पहल एजेंडे के महत्वपूर्ण पहलू होंगे।

### ईडी ने कुर्क की सरकारी कर्मी की 3.46 करोड़ की संपत्ति

**कोलकाता।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पश्चिम बंगाल में एक सरकारी कर्मचारी की 3.46 करोड़ मूल्य की चल-अचल संपत्ति कुर्क की है। ईडी के सूत्रों ने शनिवार यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत डाक विभाग के उप-डाकपाल लक्ष्मण हेम्ब्रम से संबंधित भूमि बैंक शेष के रूप में 3.46 करोड़ रुपये जब्त किये गये हैं। ईडी लक्ष्मण हेम्ब्रम के खिलाफ भारतीय दंड विधान की विभिन्न धाराओं के तहत धोखाधड़ी की जांच कर रही है। आरोपी खाताधारकों के जाली हस्ताक्षर करके सावधि जमा खातों को समय से पहले या अंतिम रूप से बंद करने का काम करता था और उन टीडी खातों की समय से पहले राशि या परिपक्वता आय को उसी खाता धारकों के बचत खातों में स्थानांतरित कर देता था।

# आध्यात्मिक जगत के लोगों से मिलती है ऊर्जा : पीएम

**▸ श्री सोनल मां के जन्म शताब्दी महोत्सव को पीएम ने किया संबोधित**

एजेंसी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि भारत को एक विकसित और आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने के लक्ष्य सिद्ध करने के प्रयासों को आध्यात्मिक जगत के लोगों से ऊर्जा मिलती है। श्री मोदी चारण समाज द्वारा पूज्य आई श्री सोनल मां के तीन दिवसीय जन्म शताब्दी महोत्सव के उपलक्ष्य में एक वीडियो संदेश में कहा, आज जब भारत विकसित होने के लक्ष्य पर, आत्मनिर्भर होने के लक्ष्य पर काम कर रहा है, तो आई श्री सोनल मां की प्रेरणा, हमें नयी ऊर्जा देती है। इन लक्ष्यों की प्राप्ति में चारण समाज की भी बड़ी भूमिका है। यह महोत्सव इस समाज के आस्था के केंद्र मढड़ा धाम में आयोजित किया गया है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि श्री सोनल मां देश के लिये, चारण समाज के लिये, माता सरस्वती के सभी उपासकों के लिये महान योगदान की महान प्रतीक हैं। भागवत पुराण जैसे ग्रन्थों में चारण समाज को सीधे श्रीहरि की संतान कहा गया है। इस समाज पर माँ सरस्वती का विशेष आशीर्वाद भी रहा है। इसीलिये, इस समाज में एक से एक विद्वानों ने परंपराअविरत चलती रही है। उन्हें पारंपरिक पद्धति से कभी शिक्षा नहीं मिली, लेकिन, संस्कृत भाषा उस पर भी उनकी अद्भुत पकड़ थी तथा शास्त्रों का उन्हें गहरा ज्ञान प्राप्त था। उनके मुख से जिसने भी रामायण की मधुर कथा सुनी, वो कभी नहीं भूल पाया। प्रधानमंत्री ने अपने संदेश में अयोध्या में रामजन्म भूमि मंदिर का भी उल्लेख किया।

उन्होंने कहा, 'हम सब कल्पना कर सकते हैं कि आज जब अयोध्या में 22 जनवरी को श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम होने जा रहा है, तो श्री सोनल मां कितनी प्रसन्न होंगी। उन्होंने श्रीराम मंदिर में रामलला की मूर्ति के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दिन 22 जनवरी को सभी से हर घर में श्रीराम ज्योति प्रज्वलित करने का का आग्रह। श्री मोदी ने मंदिरों में स्वच्छता के लिये कल से शुरू किये गये विशेष अभियान का भी उल्लेख किया। इस दिशा में भी हमें मिलकर काम करने का आह्वान किया । उन्होंने कहा, मुझे विश्वास है, हमारे ऐसे प्रयासों से श्री सोनल मां की खुशी अनेक गुणा बढ़ जायेगी। समारोह में समाज की वर्तमान आध्यात्मिक मुखिया गादीपति- कंचन मां धाम के व्यवस्थापक गिरीश आपा और समाज के बड़ी संख्या में आये लोग शामिल थे।

### सोनल मां के दिए 51 आदेश हैं पथ प्रदर्शक

मोदी ने कहा कि सोनल मां के दिये गये 51 आदेश, चारण समाज के लिये दिशादर्शक और पथदर्शक हैं। चारण समाज को इसे याद रखना चाहिये और समाज में जागृति लाने का काम निरंतर जारी रखना चाहिये। उन्होंने कहा, मुझे बताया गया है कि, सामाजिक समरसता को मजबूत करने के लिये मढड़ा धाम में सतत सदाव्रत का यज्ञ भी चल रहा है। उन्होंने इस प्रयास की सराहना की और विश्वास जताया कि मढड़ा धाम राष्ट्र निर्माण के ऐसे अनगिनत अनुष्ठानों को गति देता रहेगा। चारण समाज के लोग मूलत: गुजरात-सौराष्ट्र क्षेत्र के निवासी हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, गुजरात और सौराष्ट्र की धरती महान संतों और विभूतियों की भूमि रही है। सौराष्ट्र की इस सनातन संत परंपरा में श्री सोनल मां आधुनिक युग के लिये प्रकाश स्तम्भ की तरह थीं। उनकी आध्यात्मिक ऊर्जा, उनकी मानवीय शिक्षायें, उनकी तपस्या, इससे उनके व्यक्तित्व में एक अद्भुत दैवीय आकर्षण पैदा होता था। उसकी अनुभूति आज भी जूनागढ़ और मढड़ा के सोनल धाम में की जा सकती है। उन्होंने कहा कि श्री सोनल मां की ओजस्वी वाणी खुद इसका एक बहुत बड़ा उदाहरण रही है।

### प्रधानमंत्री मोदी 27 को बिहार के सुगौली में

**बेतिया।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 27 जनवरी को बिहार राज्य में स्थित पूर्वी चंपारण जिले के सुगौली में आइओसीएल इंडियन ऑयल के टर्मिनल का उद्घाटन करेंगे। उक्त जानकारी देते हुए भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं पश्चिम चंपारण लोकसभा इलाका के सांसद डॉ संजय जायसवाल ने मीडिया कर्मियों को संबोधित करते हुए शनिवार को दी। उन्होंने कहा कि बहुत ही हर्ष की बात है कि प्रधानमंत्री का आगमन बिहार में मेरे संसदीय क्षेत्र में सुगौली विधानसभा के छपवा में हो रहा है। प्रधानमंत्री कई योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास भी करेंगे, जिसमें मुख्य रूप से बेतिया टू पटना एक्सप्रेस वे का भी शिलान्यास करेंगे तथा रक्सौल से पिपरा कोठी तक हाईवे का भी उद्घाटन करेंगे। प. चंपारण संसदीय क्षेत्र के लोगों से समारोह में भागीदार बनने की भी अपील उन्होंने की। मौके पर प्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री रेणु देवी चनपटिया विधायक उमाकांत सिंह आदि भाजपा नेता उपस्थित थे।

### बंगाल के पुरुलिया में साधुओं पर हमला मामले में 12 लोग गिरफ्तार

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के पुरुलिया में तीन साधुओं को पीटने के मामले में विवाद बढ़ने के बाद पुलिस ने 12 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस का दावा है कि स्थानीय लोगों ने उन्हें अपहरण करने वाला समझ कर हमला कर दिया। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर साधुओं को भीड़ से बचा कर नजदीकी पुलिस स्टेशन पहुंचाया। पुरुलिया के पुलिस अधीक्षक अभिजीत बनर्जी ने घटना के संबंध में बताया कि साधुओं से मारपीट करने वाले 12 संदिग्धों को गिरफ्तार कर लिया गया है। अभी मामले की जांच की जा रही है। घटना में शामिल अन्य लोगों की तलाश में छापेमारी भी की जा रही है। गिरफ्तार सभी आरोपितों को पुरुलिया जिले के रघुनाथपुर सब डिविजनल कोर्ट में पेश किया जाएगा।

## सीएम पीएमआई इलेक्ट्रो मोबिलिटी की 100 बसों को दिखाएंगे झंडी

**▸ एयरकंडीशंड ई-बसों से तीर्थयात्रियों व जनता को मिलेगी सुविधा**

समृद्धि न्यूज



**अयोध्या।** अयोध्याधाम में श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर पीएमआई इलैक्ट्रो मोबिलिटी की 100 इलैक्ट्रिक बसों को इस पावन नगरी में यात्रियों की सुविधा के लिए उपलब्ध कराने की योजना है।

मुख्यमंत्री योगी ज़ीरो-कार्बन पब्लिक मोबिलिटी पहल के अंतर्गत, 14 जनवरी, 2024 को अयोध्याधाम बस स्टैंड से इन बसों को झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। ये ई-बसें अयोध्या पहुंचने वाले गणमान्य जनों, तीर्थयात्रियों तथा स्थानीय नागरिकों के लिए शहर में आवागमन हेतु सार्वजिनक परिवहन की पर्यावरण अनुकूल एवं आरामदायक सुविधा प्रदान करेंगी। उल्लेखनीय है कि इन ई-बसों से शहर को प्रदूषण मुक्त रखने तथा ग्रीन ट्रांसपोर्ट मिशन को बढ़ावा देने में भी मदद मिलेगी। 'मेक-इन-इंडिया' पहल के अंतर्गत, भारत में ई-बसों के अग्रणी निर्माता पीएमआई इलैक्ट्रो मोबिलिटी इंडिया के पास राज्य में ई-बसों का सबसे बड़ा बेड़ा है।

## अनुशासन व देशभक्ति को बढ़ाना चाहता है संघ

**▸ संघ प्रमुख ने पूर्व सैनिकों को किया संबोधित**

एजेंसी



**जींद।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने संघ में सक्रिय पूर्व सैनिकों को संबोधित करते हुए कहा कि आप तो सेना में रहे हैं। ऐसे में आपके अंदर अनुशासन व देशभक्ति का भाव पहले ही भरा हुआ है। संघ भी समाज में अनुशासन व देशभक्ति के भाव को बढ़ाना चाहता है।

डॉ. भागवत ने शनिवार को गोपाल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में अपने तीन दिवसीय प्रवास के दूसरे दिन पूर्व सैनिकों के साथ वार्ता की। डॉ. भागवत ने कहा कि देश का युवा वर्ग अनुशासित होकर अपने देश को आगे बढ़ाने की दिशा में कार्य करेगा। इसलिए आप संघ को और गहराई से समझ कर हरियाणा में संघ कार्य को बढ़ाने में अपना योगदान दें। इस अवसर क्षेत्र संघचालक सीताराम व्यास और प्रांत संघचालक पवन जिंदल भी मौजूद रहे। बैठक में 125 पूर्व सैनिक स्वयंसेवक मौजूद रहे। संघ प्रमुख डॉ. भागवत ने कहा कि संघ समाज परिवर्तन के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। संघ समाज में लोगों तक पांच विषयों को लेकर प्रबोधन करेगा। स्व का बोध अर्थात स्वदेशी, नागरिक कर्तव्य, पर्यावरण, सामाजिक समरसता, कुटुम्ब प्रबोधन, ये पंच परिवर्तन के कार्यों को पहुंचाने के लिए संघ प्रयासरत है।

### उत्तर भारत में अगले 4-5 दिनों तक घना कोहरा रहने की संभावना

**नई दिल्ली।** उत्तर भारत में अगले 4 से 5 दिनों तक ठंड से कोई राहत मिलने की संभावना नहीं है। मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार उत्तर भारत में अगले 4-5 दिनों तक घना से बहुत घना कोहरा रहने की संभावना है। 24 घंटे में पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, यूपी, उत्तर मध्य प्रदेश और राजस्थान के कुछ भागों तथा बिहार में न्यूनतम तापमान 3 से 7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। उत्तर पश्चिम भारत के मैदानी इलाकों में 4 दिनों तक ठंडे से गंभीर ठंडे दिन होने और उसके बाद इसमें कमी आने की संभावना है।

## ऑपरेशनल कार्य के दौरान जवान शहीद, सेना ने दी श्रद्धांजलि

एजेंसी

**बारामूला।** सेना ने शनिवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में नियंत्रण रेखा के पास अग्रिम क्षेत्र में एक ऑपरेशनल कार्य करते समय 24 वर्षीय एक सैनिक बलिदान हो गया। सेना के सभी रैंकों के अधिकारियों ने बलिदानी गनर गुरप्रीत सिंह को शनिवार को श्रद्धांजलि दी।

सेना की चिनार कोर ने शनिवार को कहा कि बारामूला सेक्टर में आगे के क्षेत्र में परिचालन कार्य करते समय गनर गुरप्रीत सिंह बलिदान हो गया। सेना ने कहा कि दुख की इस घड़ी में भारतीय सेना शोक संतप्त परिवार के साथ एकजुटता से खड़ी है। चिनारकॉर्प्स कमांडर, जीओसी 31 सब एरिया, सीओएस मुख्यालय चिनार कोर और सभी रैंकों की ओर से 18 आरआर बटालियन के गनर गुरप्रीत सिंह को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दी गई, जिन्होंने ड्यूटी के दौरान सर्वोच्च बलिदान दिया है। सेना ने कहा कि शोक संतप्त परिवार के प्रति हम गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं।

## सीबीआई ने दूसरे दिन भी छापामार कार्रवाई में खंगाले दस्तावेज

**▸ बंद कमरे में सिविल सर्जन से हुई पूछतांछ**

एजेंसी




**अनूपपुर।** उच्च न्यायालय के आदेश के बाद जिले में लगातार दूसरे दिन शनिवार को भी सीबीआई ने नर्सिंग कॉलेज में छापामार कार्रवाई करते हुए पंडित रामगोपाल तिवारी कॉलेज ऑफ नर्सिंग ग्राम हर्री में दबिश दी। ज्ञात हो कि सीबीआई ने इसके पूर्व भी शहर के तीन कॉलेज में छापा मारते हुए आवश्यक कागजात को जप्त किया था।

सीबीआई की टीम ने दूसरे दिन शनिवार को नर्सिंग कॉलेज अनूपपुर में छापा मार कार्रवाई कर भवन, शैक्षणिक, स्टाफ, छात्रों को क्लीनिकल सुविधा, लाइब्रेरी, क्लासरूम, लैब, प्रिंसिपल को 15 वर्ष का अनुभव, असिस्टेंट प्रोफेसर एवं प्रोफेसर को 13 से 10 साल का अनुभव इन बिंदुओं पर जांच की जा रहीं है। सीबीआई इस मामले कुछ भी कहने से बच रहीं है। 12 जनवरी को भी सीबीआई ने रिलायंस इंस्टीट्यूट आफ नर्सिंग कॉलेज में भी छापा मारा था। यहां दस्तावेज खंगालने के बाद टीम जिला चिकित्सालय भी पहुंची थी। जहां सिविल सर्जन से बंद कमरे में पूछतांछ की थी। ज्ञात हो कि नर्सिंग कॉलेज के छात्र जिला अस्पताल में प्रशिक्षण लेते हैं। इन्हीं सभी दस्तावेज को खंगाले के लिए जिला चिकित्सालय सीबीआई की टीम पहुंची थी।

### नियम के विरुद्ध हो रहा कॉलेज का संचालन

पंडित राम गोपाल तिवारी कॉलेज ऑफ नर्सिंग जो एक ही बिल्डिंग में कई कोर्स संचालित करते हैं। इस कॉलेज में पैरामेडिकल, नर्सिंग इसके साथ ही बीएससी, बीए, बीसीए, बीकॉम, एमएसडब्ल्यू, पीजीडीसीए सभी विषय एक ही कॉलेज में कराया जा रहा हैं। जबकि नियम अनुसार, सभी कोर्स के लिए अलग-अलग भवन होना चाहिए। नर्सिंग और पैरामेडिकल छात्रों के लिए लैब एवं अन्य सुविधा होनी चाहिए। लेकिन नर्सिंग कॉलेज सभी नियमों को ताक पर रखकर एक ही बिल्डिंग में सभी कोर्स संचालित कर रहा हैं।

## भ्रष्टाचारियों की पनाहगाह बनी पश्चिम बंगाल सरकार : अनुराग ठाकुर

एजेंसी

**कोलकता।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि ममता बनर्जी ने पश्चिम बंगाल में तुष्टिकरण की पराकाष्ठा कर दी है।

आज जब पूरे देश में रामनाम की गूंज है तब पश्चिम बंगाल में हिंदुओं को खुशियां भी नहीं मानने दिया जा रहा। यहां कर्फ्यू जैसी स्थिति है। अब साधुओं के साथ मारपीट और उनकी हत्या के प्रयास के मामले सामने आए हैं। लगातार मीडिया में खबर चलाने के बाद कार्रवाई हुई।

शनिवार को कोलकाता एयरपोर्ट पर पत्रकारों से मुखातिब अनुराग ठाकुर ने राज्य में कानून व्यवस्था की बदहाली पर गंभीर सवाल खड़ा करते हुए कहा कि ममता दीदी के राज में पश्चिम बंगाल की कानून व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। भ्रष्टाचार के मामलों में कार्रवाई करने आई ईडी की टीम पर भी यहां पथराव और मारपीट कर उनका सिर फोड़ने का काम किया जाता है।

## राम राज्य का आदर्श संविधान में निहित

**▸ राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर सेमिनार को धनखड़ ने किया संबोधित**

एजेंसी




**जयपुर।** विश्व इलेक्ट्रोपैथी दिवस के उपलक्ष्य में इलेक्ट्रो होम्योपैथी चिकित्सा परिषद के तत्वावधान में शनिवार को झालाना संस्थानिक क्षेत्र स्थित राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में 13वीं राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया। रीनल डिसऑर्डर्स एंड इलेक्ट्रोपैथी अप्रोच विषय पर आयोजित सेमिनार के उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ थे।

राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा अति विशिष्ट अतिथि और उप मुख्यमंत्री एवं आयुर्वेद मंत्री प्रेमचंद बैरवा विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए । उपराष्ट्रपति ने कहा कि मुझे बहुत पीड़ा होती है जब कोई अज्ञानी, इतिहास से अनभिज्ञ, हलफनामा दे देते हैं कि राम काल्पनिक हैं। उन्होंने कहा कि राम और राम-राज्य का आदर्श भारत के संविधान में निहित है। धनखड़ ने बताया कि हमारे संविधान में 20 से ज्यादा चित्र हैं और उनमें मौलिक अधिकारों के ऊपर जो चित्र है उसमें राम-लक्ष्मण-सीता हैं।

## गृह मंत्री अमित शाह से यूपी के मंत्री नन्द गोपाल नंदी ने की मुलाकात

समृद्धि न्यूज

**▸ शाह ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर संगठन की मजबूती के दिए सुझाव**

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर चल रही चुनावी सरगर्मी के बीच उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने शनिवार को नई दिल्ली में गृह मंत्री अमित शाह से उनके आवास पर मुलाकात की।

इस दौरान मंत्री नन्दी ने गृह मंत्री से मुलाकात कर विभिन्न सांगठनिक व राजनैतिक विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा करते हुए मार्गदर्शन प्राप्त किया। मंत्री नन्दी ने लोकसभा चुनाव 2024 के दृष्टिगत क्लस्टर प्रभारी जैसा महत्वपूर्ण दायित्व प्रदान करने के लिए पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के साथ ही गृह मंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। गृह मंत्री शाह ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर संगठन की मजबूती एवं इस भूमिका के सम्यक निर्वहन के लिए संगठन कार्य के दीर्घ अनुभव से युक्त अनेक बहुमूल्य सुझाव प्रदान किए।

## केन्द्रीय गृह मंत्री, रक्षा मंत्री व भाजपा अध्यक्ष को मिला राम मंदिर का न्योता

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह व भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा को 22 जनवरी को श्रीराम मंदिर अयोध्या के 'प्राण प्रतिष्ठा' समारोह का निमंत्रण मिला है।



विहिप के अंतरराष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष आलोक कुमार और मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और गृह मंत्री अमित शाह को 22 जनवरी को श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण पत्र दिया। नड्डा ने निमंत्रण स्वीकार किया और कहा कि वह आएंगे। शाह और राजनाथ ने मंदिर निर्माण कार्य पूरा होने और कार्यक्रम पर अत्यंत हर्ष व्यक्त किया तथा कहा कि वे श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र से चर्चा करके आने व दर्शन करने की तिथि शीघ्र तय करेंगे।

### मायावती ने स्वीकार किया प्राण प्रतिष्ठा समारोह का निमंत्रण

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** रामलला के अयोध्या में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह का निमंत्रण बहुजन समाज पार्टी अध्यक्ष मायावती को भी भेजा गया है। सूत्रों के अनुसार फिलहाल मायावती ने निमंत्रण पत्र स्वीकार कर लिया है, लेकिन उनके जाने पर सस्पेंस बरकरार है। हालाँकि ये कहा जा रहा है कि बसपा अध्यक्ष कार्यक्रम में शामिल नहीं होंगी। गौरतलब है कि 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह में देश भर से प्रमुख हस्तियों को आमंत्रित किया गया है। इस दिन केवल वही लोग अयोध्या आएंगे जिन्हें निमंत्रण भेजा गया है। खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कह चुके हैं कि 22 जनवरी को अयोध्या में आम लोग न आएं। वहीं निमंत्रण पत्र को लेकर भी काफी हंगामा मचा है।

**समारोह** | रक्षा मंत्री ने एनडीटीएफ मकर संक्रांति मिलनोत्सव समारोह को किया संबोधित

## अयोध्या तोड़ती नहीं बल्कि एक दूसरे को जोड़ती है : राजनाथ

**▸ दिल्ली विवि में बलबीर पुंज की पुस्तक का लोकार्पण**

एजेंसी



**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि अयोध्या तोड़ती नहीं बल्कि अयोध्या तो जोड़ती है। रक्षामंत्री नेशनल डेमोक्रेटिक टीचर्स फ्रंट (एनडीटीएफ) एवं किताबवाले द्वारा दिल्ली विश्वविद्यालय के मल्टीपर्पज हाल में आयोजित लोहड़ी, मकर संक्रांति मिलनोत्सव एवं पुस्तक लोकार्पण समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यातिथि द्वारा लेखक बलबीर पुंज की पुस्तक का विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने अपने संबोधन में कहा, ÷राम से सीखना है कि लोकहित में काम कैसे करें÷। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्व हिन्दू परिषद के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट आलोक कुमार ने की।अयोध्या में 22 जनवरी को राम मंदिर में प्राणप्रतिष्ठा को लेकर राजनाथ सिंह ने कहा कि 500 साल बाद अयोध्या के साथ न्याय हुआ है। यह राष्ट्रीय स्वाभिमान की चरम अनुभूति का क्षण होगा, जब रामलला भव्य मंदिर में लौटेंगे। उन्होंने बलबीर पुंज द्वारा लिखित पुस्तक की चर्चा करते हुए कहा कि यह पुस्तक अयोध्या की सांस्कृतिक विरासत और उस विरासत से जुड़े वोट बैंक के खेल और तुष्टीकरण की राजनीति की पोल खोलती है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में राम जन्म स्थान का मंदिर नए भारत का प्रतीक होगा। यह मंदिर हमारी सनातन आस्था का शिखर भी होगा। उन्होंने कहा कि इस देश में कुछ लोग राम को काल्पनिक कहते हैं। राम थे, राम हैं और राम रहेंगे। सच तो यह है कि राम के बिना भारत के व्यक्तित्व की कल्पना भी नहीं की जा सकती।

### पूर्व सैनिक दिवस समारोह की आज अध्यक्षता करेंगे रक्षा मंत्री

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह रविवार को कानपुर वायु सेना स्टेशन में पूर्व सैनिकों की रैली के साथ आठवें सशस्त्र बल पूर्व सैनिक दिवस के राष्ट्रव्यापी समारोह की अध्यक्षता करेंगे। श्री सिंह सर्वोच्च बलिदान और समर्पित सेवा के लिए युद्ध स्मारक पर देश के रणबांकुरों को पुष्पांजलि भी अर्पित श्रद्धांजलि भी अर्पित करेंगे। रक्षा मंत्रालय के अनुसार इस वर्ष तीनों सेनाओं द्वारा यह कार्यक्रम देश भर में 10 स्थानों, श्रीनगर, पठानकोट, दिल्ली, कानपुर, अलवर, जोधपुर, गुवाहाटी, मुंबई, सिकंदराबाद और कोच्चि में मनाया जा रहा है। सिकंदराबाद में कार्यक्रम की अध्यक्षता रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट करेंगे। दिल्ली में यह कार्यक्रम मानेकशॉ सेंटर में आयोजित किया जाएगा और इसमें वायुसेना प्रमुख और नौसेना प्रमुख शामिल होंगे। सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों और उपराज्यपालों से अपने-अपने प्रदेशों में इस दिन को मनाने का आग्रह किया गया है।

# डाक कमेटी डेवलपमेंट प्रोग्राम में आए पोस्ट मास्टर जनरल

▸ बोले आपके बच्चों तक पहुंचती हैं डाक सेवाएं

**हैदरगढ़,बाराबंकी समृद्धि न्यूज।**

डाकघर आपके लिए खोला गया है यहां नियुक्त कर्मचारी आपको डाकघर की सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए ही नियुक्त किए गए हैं डाकघर की सेवाएं आपके बच्चों से शुरू होकर आप जब तक पहुंचती हैं। उक्त उद्गार डाक कमेटी डेवलपमेंट प्रोग्राम के तहत खरसतिया ग्राम में एक समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में लखनऊ मुख्यालय से आए पोस्ट मास्टर जनरल विवेक कुमार दक्ष ने व्यक्त किये। इस अवसर पर बाराबंकी डाक मंडल के हैदरगढ़ उप मंडल में डाकघर की विभिन्न बचत एवं बीमा योजना के प्रचार-प्रसार हेतु विशाल डाक व्यवसाय मेले में आए शाखा डाकपालों तथा स्थानीय ग्रामीणों को विभाग की विभाग विभिन्न योजना के विषय में विस्तार से बताया।

उन्होंने कहा कि डाकघर अब आधार कार्ड से लेकर सभी तरह की वित्तीय सेवाएं बैंकों की तरह आपको उपलब्ध कराता है इसलिए आप सभी डाकघर की विभिन्न बचत योजनाओं एवं अन्य सेवाओं से जोड़कर अपनी बचत जमा करके अपने भविष्य को सुरक्षित कर सकते हैं पोस्ट ऑफिस



से मिलने वाली आधार संबंधित सुविधाओं का जिक्र करते हुए कहा कि अब आपके गांव के बाहर जाने की जरूरत नहीं है।

आधार संशोधन के साथ-साथ जीरो से 5 साल के बच्चों के आधार कार्ड आपके गांव में ही बन जाएंगे उन्होंने सुकन्या समृद्धि योजना का जिक्र करते हुए कहा कि यह योजना बालिकाओं के लिए वरदान है क्योंकि 21 साल की उम्र पूरी होने के पहले यह धनराशि नहीं निकाली जा सकती एक मुश्त धनराशि मिलने से बालिका की शिक्षा से लेकर शादी तक के लिए पर्याप्त धन मिल जाता है उन्होंने एक युवती द्वारा 100 का खाता खाता खोले जाने को बढ़िया कदम बताते हुए कहा कि भविष्य के लिए बचत करना बहुत ही जरूरी है उन्होंने डाकघर की विभिन्न बचत व बीमा योजना का जिक्र किया और जुड़ने की अपील की डाकघर की इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक योजना का जिक्र करते हुए कहा कि अब बैंक खाते से पैसा निकालने के लिए आपके गांव से बाहर जाने की जरूरत नहीं होगी क्योंकि आधार कार्ड के माध्यम से आप अपने गांव में ही 10,000 की तक की धनराशि निकाल सकते हैं शाखा डाकपालों को विभाग की सबसे बड़ी पूंजी बताया कहा कि आपके बीच रहकर अपनी सेवाएं प्रदान करते हैं इसलिए आप इनके माध्यम से वित्तीय क्षमताओं को बढ़ाने का काम करें श्री दक्ष ने डाक निरीक्षक कपिल वर्मा के प्रयासों की सराहना की कहा कि इस अचीवमेंट को स्वीकार करके पूरे रीजन में संचालित किया जा रहा है टीम भावना से काम करने के सलाह देते हुए कहा कि 2047 तक भारत को विकसित भारत बनाने के समय को भी सरकार को जब सभी अपना योगदान दें। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने सुकन्या समृद्धि खाता खुलवाने वाली बालिकाओं को स्वयं पासबुक तथा उपहार प्रदान किया तथा डाकघर द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं पर चर्चा करते हुए सभी डाकपालों को वित्तीय वर्ष में शेष बचे कुछ दिनों के दौरान ग्रामीणों को योजनाओं से जोड़ने के लिए प्रेरित किया। श्री दक्ष ने मंडल में बचत एवं बीमा कार्यों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शाखा डाकपालों कृपाराम पाठक अजीत कुमार सिंह अशोक गोस्वामी उमाशंकर मिश्रा जनार्दन प्रताप सिंह मोहम्मद शमीम को पुरस्कृत किया गांव में आयोजित मेले में के दौरान 17 बचत बैंक खाता 200 सुकन्या समृद्धि खाता खोलें गए तथा 300000 से अधिक प्रीमियम का बीपीएल वेबसाइट भी किया गया इस अवसर पर अधीक्षक डाकघर लखनऊ मंडल विशाल कुमार पाठक सहायक अधीक्षक बाराबंकी मोहम्मद मोहसिन उप मंडलीय निरीक्षक डाकघर हैदरगढ़ कपिल वर्मा सुधीर सिंह ग्राम प्रधान प्रतिनिधि बृजेश कुमार यादव सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## स्व. अशर्फीलाल श्रद्धांजलि सभा की चल रही तैयारी

**सिरौलीगौसपुर,बाराबंकी।** मंगलवार को होने वाली पूर्व विधायक स्वर्गीय अशर्फी लाल यादव की पुण्यतिथि पर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की सभा की व्यवस्था को लेकर पुलिस उपाधीक्षक रामनगर हर्षित चौहान तहसीलदार वैशाली अहलावत थानाध्यक्ष बदोसराय प्रफुल्ल कुमार यादव ने सभा स्थल पार्किंग स्थल का निरीक्षण किया। शनिवार को क़स्बा बदोसराय स्थित अशर्फी लाल यादव जनता मान्टेसरी स्कूल के पास सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के आगमन को लेकर सभा स्थल पार्किंग स्थल एंव सुरक्षा ब्यवस्था का पुलिस उपाधीक्षक रामनगर तहसीलदार व थानाध्यक्ष बदोसराय आदि ने निरीक्षण किया।

# किसानों को मिल रहा किसान सम्मान निधि का लाभ : विधायक

**हैदरगढ़,बाराबंकी समृद्धि न्यूज।**

केंद्र व प्रदेश में भाजपा सरकार में समाज के अंतिम छोर पर बसे व्यक्ति तक बिना भेदभाव के जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंच रहा है पहली बार देश के किसानों को किसान सम्मान निधि का लाभ मिल रहा है आयुष्मान कार्ड से वर्ष में 5 लाख तक का मुफ्त इलाज के साथ गरीबों को निशुल्क राशन इस सरकार द्वारा मुहैया कराया जा रहा है उक्त उद्गार विकासखंड त्रिवेदीगंज की ग्राम पंचायत रौनी में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित क्षेत्रीय विधायक दिनेश रावत ने व्यक्त किये। इस अवसर पर मुख्य अतिथि दिनेश रावत ने उज्ज्वला योजना के अंतर्गत गैस सिलेंडर व चूल्हा किसान सम्मान



निधि आयुष्मान कार्ड सहित विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं से आच्छादित लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए और उनसे संवाद किया एवं वंचित ग्राम वासियों को लाभ प्राप्त करने के लिए पंजीकरण कराने का निर्देश दिया। ग्राम प्रधान महेश वर्मा द्वारा आए हुए सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत भी किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष कृष्ण कुमार सिंह पूर्व प्रधान चंद्रशेखर सिंह मंडल उपाध्यक्ष विकास पांडे विक्की शिक्षक नेता विवेक गुप्ता सहित संबंधित विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियो ग्राम वासियों की भारी संख्या में उपस्थिति रही।

# गिरोह के दो चोर गिरफ्तार, जेवर व नकदी तमंचा बरामद

**हैदरगढ़,बाराबंकी समृद्धि न्यूज।**

सर्विलांस व थाना हैदरगढ़ की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा चोरी की घटना का सफल अनावरण कर 02 शातिर चोरों को गिरफ्तार कर कब्जे से चोरी के सोने/चांदी के आभूषण, नकदी व 01 अदद मोबाइल, तमंचा व कारतूस बरामद करने में सफलता पाई है। पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह द्वारा अपराध पर प्रभावी नियंत्रण हेतु अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत शनिवार को सर्विलांस व थाना हैदरगढ़ की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा डिजिलटल डेटा व मैनुअल एन्टेलीजेन्स की मदद से चोरी की घटना का सफल अनावरण कर 02 शातिर चोरों - राजकुमार रावत पुत्र जगन पासी निवासी ग्राम बगिया मजरे अमरवल किरसिया थाना सुबेहा



जनपद बाराबंकी तथा राम सिंह पुत्र स्व. रामफेर निवासी ग्राम सुजारा मजरे बहुता थाना हैदरगढ़ को त्रिपुला नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार चोरों के कब्जे से चोरी की 01 जोड़ी झुमकी पीली धातु, 01 अदद लाकेट मंगल सूत्र का पीली धातु, 04 अदद नाक की कील पीली धातु, 02 जोड़ी पायल सफेद धातु, तीन हजार-रुपये नकद, 01 अदद एण्ड्रायड मोबाइल फोन, 01 अदद तमंचा .12 बोर मय 02 अदद जिन्दा कारतूस12 बोर बरामद किया है। बरामदगी के आधार पर अभियोग में धारा 411 भादवि की बढ़ोत्तरी की गई तथा बरामद तमंचा व कारतूस के सम्बन्ध में थाना हैदरगढ़ पर मु0अ0सं0 16/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट बनाम राजकुमार

▸ थाना हैदरगढ़ पर मु.अ.सं. 16/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट बनाम राजकुमार उपरोक्त पंजीकृत कर भेजा जेल

उपरोक्त पंजीकृत जेल भेज दिया है। गिरफ्तार चोरों का एक गैंग है जो संगठित गिरोह बनाकर आर्थिक, भौतिक एवं दुनियावी लाभ हेतु चोरी की घटनाएं कारित करते हैं। गिरफ्तार चोरों ने 21 नवम्बर की रात्रि में थाना हैदरगढ़ क्षेत्रान्तर्गत ग्राम महिमापुर मजरे बहुता में विपिन सिंह के घर से सोने/चांदी के आभूषण, नकदी, मोबाइल फोन चोरी की घटना कारित की गई थी । जिसके सम्बन्ध में थाना हैदरगढ़ पर मु0अ0सं0 439/2023 धारा 379/457 भादवि पंजीकृत है।

## बिजली बिल जारी करने की सुविधा से उपभोक्ताओं को मिली सहूलियत

**जैदपुर,बाराबंकी।** नगर पंचायत जैदपुर सहित आस पास क्षेत्र में एस डीओ व जेई के आदेशानुसार विद्युत मीटर से बिल निकालने हेतु रिडर के साथ हर इलाके में दो कर्मचारी को लगाने से तत्काल विभिन्न प्रकार की समस्यायों से छुटकारा मिलने से उपभोक्ताओं को एक बड़ी सोहलियत मिल रही है। जिसकी चर्चा कस्बे के तमाम वार्डो सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भी हो रही है। ज्ञात होकि विद्युत विभाग जैदपुर के सुपर वाइजर वकार मेंहदी की देख रेख में अब हर महीने मीटर रिडिंग करने वालों के साथ दो कर्मचारियों को भी साथ भेजा जाता है। जिसमें मीटर को घर से बाहर करनें के साथ बिल में हुई खराबी व अंय तमाम दिक्कतों को तत्काल दुरूस्त किया जा रहा है। सनिवार को सूबह से ही मीटर रिडिंग करने वाले फिरोज रिजवी के साथ मो. वसी,व सुरेन्द्र कस्बे के छोटा इमामबाड़ा अहिरान,नानपजान बर्हम्नान के भारी संख्या बिल निकालकर तमाम लोगों के बिल को भी दुरुस्त करते नजर आये। वहीं संविधा कर्मचारी सुरेन्द्र ने बताया कि घरेलू कनेक्शन से दुकानों में बिजली का प्रयोग करने वाले तमाम उपभोक्ताओं का कामर्शियल कनेक्शन भी कराया गया है। लगातार टयूटी पर काबिज रहने वाले एसडीओ प्रहलाद सिंह जेई शमसुल लका अंसारी ने बताया कि आदेशानुसार ग्रामीण क्षेत्रों सहित कस्बे में कैम्प लगाकर आज भी बकाया वसूली का कार्य किया जा रहा है।

## खबरें एक नजर में

### कांग्रेस का बूथ सत्यापन कार्यक्रम जारी



**हैदरगढ़, बाराबंकी।** कांग्रेस पार्टी के ब्लॉक अध्यक्ष सियाराम यादव की देखरेख में बूथ अध्यक्ष सत्यापन कार्यक्रम का क्रम लगातार जारी है इसी कड़ी में शनिवार को श्री यादव ने अंसारी न्याय पंचायत के सभी बूथों पर जब जाकर मौके पर बूथ अध्यक्षों का सत्यापन किया। इस के दौरान उनके साथ पूर्व ब्लाक अध्यक्ष राजकुमार सिंह, दिनेश शुक्ला , डिंपल सिंह, नगर अध्यक्ष सभासद सूरज दीक्षित, जिला सचिव अंकुर यादव ने अंसारी के न्याय पंचायत अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी के साथ बारा , करौंदी, रनापुर, भेतमुवा, गोतौना, जासेपुर, कनवा, अंसारी, रौली, बढनापुर के सभी बूथ अध्यक्षों के घर पहुंच कर सत्यापन कार्यक्रम संपन्न हुआ।

### गोला के कुम्हारन टोला में नब्बे हजार का हुआ फ्राड

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** गोला थाना के अन्तर्गत मोहल्ला कुम्हारन टोला में नब्बे हजार रुपये गूगल पे से निकाल लिए गए पीड़ित अर्जुन लाल मिश्रा निवासी कुम्हारन टोला का है। पीड़ित का कहना है कि दिनांक आठ जनवरी को उसके खाते से नब्बे हजार रुपये निकाल लिए गए है, रुपये निकालने का माध्यम पे टी एम बताया जा रहा है। पीड़ित का खाता यूको बैंक में है जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी इंद्रजीत सिंह चौहान ने तहरीर के माध्यम से जांच पड़ताल व कार्यवाही शुरू कर दी है जिससे एक व्यक्ति को भी पूंछतांछ के लिए बैठाया है।

### अभिमंत्रित अक्षत ग्राम पंचायत खूंटी बुजुर्ग में वितरित

**औरंगाबाद खीरी।** शनिवार को अयोध्या जी से आये हुए अभिमंत्रित अक्षत वितरण किये गए जिन्हे पाकर गांव वासी अपने आप को सौभाग्यशाली समझ रहे थे वही आंखें नम भी थी तीन दशकों का सफर चलचित्र की भांति सामने से गुजरने लगा। गांव मे एडवोकेट धीरू दीक्षित व लक्ष्मीकांत दीक्षित के नेतृत्व में श्री राम जन्मभूमि मे मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम लाल की प्राण प्रतिष्ठा के लिए आमंत्रण अभिमंत्रित अक्षत के रूप में राम भक्तो ने घर घर जाकर वितरण किया। 22 जनवरी को वर्ष की दूसरी दीपावली मनाने को कहा, और कहा दीप प्रज्वलित करें घरों में मिष्ठान तरह-तरह के पकवान आदि बनाएं व घरों को सजा कर पटाखे फोड़े। हो सके तो घरों मे सुन्दरकाण्ड का पाठ भी कराये। विधि विधान से रामलला के मंदिर मे प्रतिष्ठित होने पर प्रभु का भव्य और दिव्य स्वागत करने को कहा। अक्षत वितरण कार्यक्रम मे एडवोकेट धीरू दीक्षित, लक्ष्मीकांत दीक्षित, ब्रजेश राजपूत, डॉ. रंजीत राजपूत, साथ हि तमाम राम भक्त मौजूद रहे और गांव जय श्री राम के नारों के साथ गुंजायमान हुआ।

### वृद्धा आश्रम में लगा स्वास्थ्य शिविर, देखे गए 58 बुजुर्ग

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।** एनपीएचसीई कार्यक्रम के अंतर्गत वृद्ध आश्रम सलेमपुर कोन में मासिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 58 बुजुर्गों को जिरियाट्रिक फिजिशियन डॉ शिखर बाजपेई देखा गया। डॉ शिखर बाजपेई ने बताया कि बुजुर्गों को ठंड में अधिक देखभाल की जरूरत होती है। उन्हें ठंड से बचाव के लिए गर्म कपड़ों को पहनना चाहिए और संबंधित बीमारियों की दवाई लगातार खानी चाहिए।

# गांधी व गांधीवादी चिंतक पर एसडीएम की टिप्पणी

**बाराबंकी समृद्धि न्यूज।**

हिंदी पत्रकार एसोसिएशन ने शनिवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और प्रख्यात गांधीवादी चिंतक एवं लोकतंत्र रक्षक सेनानी राजनाथ शर्मा पर अपमानजनक टिप्पणी के लिए सदर एसडीएम विजय कुमार त्रिवेदी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। त्रिवेदी ने शुक्रवार को एसडीएम न्यायालय पर एक जमीन के विवाद में हो रहे अवैध कब्जे को रोकने की शिकायत करने अधिवक्ता बलराम सिंह के साथ पहुंचे मृत्युंजय शर्मा और अन्य संभ्रांत व्यक्तियों के समक्ष राजनाथ शर्मा के विरुद्ध अमर्यादित टिप्पणी की। त्रिवेदी ने बोलते हुए कथित तौर पर महात्मा गांधी और गांधीवादी राजनाथ शर्मा के बारे में कुछ विवादास्पद बयान दिया और भू माफियाओं का संरक्षण देते हुए बचाव



किया। शनिवार को हिंदी पत्रकार एसोसिएशन ने बैठक बुलाकर एसोसिएशन के संरक्षक एवं गांधीवादी चिंतक राजनाथ शर्मा पर अमर्यादित टिप्पणी करने वाले एसडीएम के विरुद्ध मोर्चा खोल दिया। बैठक की अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष पाटेश्वरी प्रसाद ने कहा कि एसडीएम विजय कुमार त्रिवेदी की हालिया टिप्पणियां शर्मनाक है। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। साथ ही सार्वजनिक माफी मांगने को कहा। श्री प्रसाद ने कहा कि लोकतंत्र सेनानी और गांधीवादी चिंतक राजनाथ शर्मा जनपद के प्रतिष्ठित व समाजसेवी व्यक्ति है। वह युवा पीढ़ी के प्रेरणास्रोत है। उन्होंने अपना पूरा जीवन देश व समाज के लिए समर्पित किया। पिछले छह दशक से अधिक समय से वह सार्वजनिक जीवन में सामाजिक कार्यकर्ता के तौर पर अन्याय और शोषण के खिलाफ लड़ाई लड़ रहे है।

वह कांग्रेस और श्रीमती इंदिरा गांधी के विरुद्ध संघर्ष करते हुए आपातकाल में राजनीतिक बंदी भी रहे। और पिछले पांच दशक से गांधीवादी विचारधारा एवम पत्रकारीय लेखन का काम कर रहे हैं। श्री प्रसाद ने कहा, %यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि प्रशासन और पुलिस अपने कर्तव्यों को भूल रही है और भू माफियाओं के दबाव में काम कर रही है।



## गोला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुँचे केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** गोला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे केंद्रीय गृह राज्य मंत्री ने बने बीस शैय्या वार्ड का लोकार्पण किया। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री ने जनपद में हो रहे स्वास्थ्य विभाग के विकास पर प्रकाश डाला व उपलब्धियां गिनवाई। जनपद लखीमपुर खीरी के तीन ब्लॉकों में कुम्भी, बाँकेगंज, बिजुआ में बने एक करोड़ बीस लाख की लागत से नवनिर्मित बीस शैय्या वार्ड का गोला के ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लोकार्पण किया। साथ ही गोला के रेलवे मे चल रहे सुंदरीकरण का भी निरीक्षण किया। इस मौके पर मुख्य चिकित्साधिकारी सन्तोष गुप्ता, गोला चिकित्सा अधिकारी डॉ गणेश व समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## कैम्प लगाकर वसूले चार लाख 85 हजार का बिजली बिल

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी।** ग्राम किन्तूर में विद्युत विभाग ने कैम्प लगाकर 4 लाख 85 हजार रुपए बकाया राजस्व जमा कराया गया है। वहीं 88 उपभोक्ताओं के ओटीएस किया गया तथा 38 बकायेदार उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे गए हैं। शनिवार को उपखंण्ड अधिकारी सिरौलीगौसपुर रामगोपाल की अध्यक्षता एवं बी डी यादव के संयोजन में ग्राम किन्तूर में विद्युत कैम्प लगाकर 4 लाख 85 हजार रुपए बकाया राजस्व विल जमा कराया गया। वहीं 88 उपभोक्ताओं के ओ टी एस किये गये तथा 38 बकायेदारों के कनेक्शन काटे गए हैं।अवर अभियंता शशि कटियार टी जी टू सत्यवान अंकित गुप्ता सहित मीटर,रीडर लाइन मैन आदि विद्युत कर्मी मौजूद रहे।

# विद्यालय में रखा 11 हजार वोल्टेज ट्रांसफार्मर, हादसे को दे रहा दावत

**हैदरगढ़,बाराबंकी समृद्धि न्यूज।**

विकास क्षेत्र त्रिवेदीगंज की ग्राम पंचायत जरौली में प्राथमिक विद्यालय परिसर में रखा 11 हजार लाइन का ट्रांसफार्मर हादसें को दावत दे रहा है, इसके बावजूद भी जिम्मेदार इसको लेकर पूरी तरह से अनभिज्ञ बने हुए हैं। ग्रामीणों ने विद्यालय के अंदर रखे ट्रांसफार्मर को हटाए जाने की मांग की है। ग्रामीण दिलशाद, भारत, रामनाथ, शुभम व सहज राम सहित ग्रामीणों ने बताया कि गांव के प्राथमिक विद्यालय के भीतर परिसर में 11 हजार लाइन का ट्रांसफार्मर रखा हुआ है जो कभी भी बड़े हादसे का सबब बन सकता है करीब आठ माह पूर्व इसी पल की चपेट में आकर



एक व्यक्ति की जान जा चुकी है इसके बावजूद भी जिम्मेदार विद्युत विभाग उसको लेकर पूरी तरह से लापरवाह बना हुआ है और किसी के द्वारा इस तरफ ध्यान नहीं दिया जा रहा है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि इसको लेकर कई बार बिजली महमके को इससे इसकी शिकायत की जा चुकी है लेकिन अभी तक विद्यालय से ट्रांसफार्मर हटाया नहीं गया है। विद्यालय परिसर में रखे ट्रांसफार्मर को हटाए जाने की मांग की है।

## आज से शुरू राधा कृष्ण मंदिर में श्री राम उत्सव

**बांकेगंज खीरी।** बांकेगंज के राधा कृष्ण मंदिर में शनिवार को प्रबुद्धजनों ने बैठक की। इनमें 14 जनवरी से 22 जनवरी तक होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई। राधा कृष्ण मंदिर में सभी के सहयोग से कार्यक्रम होने हैं। 14 जनवरी कार्यक्रम प्रारंभ होने को लेकर संकल्प हवन एवं गीत मंडली द्वारा भजन कीर्तन किया जाएगा। 15 जनवरी को संस्कृत कार्यक्रम किया जाएगा। 16 को महिला संकीर्तन 17, 18, 19, को भजन कीर्तन 20 को सुंदरकांड 21 को श्री रामचरितमानस पाठ किए जाने की योजना तैयार की गई। उसके बाद 22 जनवरी को प्रसाद वितरित शाम को दीपोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। बैठक में ग्राम सचिव अभिषेक प्रताप, प्रधानपति वीरेंद्र कुमार, भाजपा मंडल अध्यक्ष राजीव कौशल, संतोष सक्सेना, एवं अन्य सम्मानित व्यक्त मौजूद रहे।

# आयुष्मान जन आरोग्य मंदिरों का केंद्रीय मंत्री ने किया लोकार्पण

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

स्वास्थ्य सेवाओं को ग्रामीण अंचलों तक पहुंचाने के उद्देश्य से शासन के निर्देश पर खीरी लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत बनाए गए 10 आयुष्मान जन आरोग्य मंदिरों का लोकार्पण सीएचसी गोला पर आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टेनी द्वारा किया गया।

इस दौरान सीएचसी गोला, बांकेगंज और बिजुआ पर अतिरिक्त 20-20 बेड के वाड़ों का भी लोकार्पण किया गया। जिनकी लागत करीब एक करोड़ 25 लाख रुपए है। इस दौरान उनके साथ सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता भी मौजूद रहे। सीएचसी गोला में आयोजित कार्यक्रम में सभी आयुष्मान जन आरोग्य मंदिरों का



लोकार्पण किया गया। इस दौरान केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टैनी ने कहा कि सरकार ने गांव-गांव तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने का जो वादा किया था, वह भाजपा की डबल इंजन की सरकार ने निभाया है। जिले में मेडिकल कॉलेज सहित ग्रामीण अंचलों तक स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर किया गया है। इसी क्रम में 10 आयुष्मान जन आरोग्य मंदिरों का लोकार्पण हुआ है। वही गोला, बांकेगंज और बिजुआ में 20-20 बेड के अतिरिक्त वार्ड की व्यवस्था भी कर दी गई है और इसका शुभारंभ भी हो गया है। आम जनमानस तक स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करने का केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश की योगी सरकार का जो वादा था वह आज हकीकत में बदल चुका है।

# किशोरी की आत्महत्या मामले में मुकदमा दर्ज



मुकदमा लिखा जा चुका था आरोपी गिरफ्तार है , शांति व्यवस्था कायम है।
✔ अरुण कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी मोहम्मदी

**औरंगाबाद खीरी, समृद्धि न्यूज।**

मैंगलगंज थाना क्षेत्र के ढखौरा गांव में शुक्रवार को दिन में किशोरी ने आत्महत्या कर ली थी। पिता ने किशोरी का पोस्टमार्टम करने के लिए लिखित तहरीर दी थी जिसमें गांव के ही एक व्यक्ति पर उत्पीड़न का आरोप लगाया था इसके बाद पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया था। शनिवार चार बजे के करीब किशोरी का शव पीएम के बाद गांव पहुंचा तो परिजनों ने किशोरी का अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया परिजनों का कहना है मुकदमे में जब तक पॉक्सो की धारा नहीं बढ़ाई जाएगी तब तक अंतिम संस्कार नहीं किया जाएगा। वहीं काफी पुलिस फोर्स परिवार को मनाने में जुटा रहा कि किसी तरह किशोरी का अंतिम संस्कार हो जाए लेकिन परिवार के लोग अंतिम संस्कार करने के लिए राजी नही हुए। गांव के ही एक व्यक्ति के खिलाफ किशोरी के पिता ने नामजद तहरीर दी। बताया मेरी बेटी के साथ आरोपी के नाजायज संबंध थे इसी को लेकर आरोपी लड़की के साथ उत्पीड़न कर रहा था जिसको लेकर आत्महत्या जैसा कदम उठाया है इस पर मैगलगंज पुलिस ने आत्महत्या में उकसाने के लिए 306 की धारा में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है और आरोपी को गिरफ्तार भी कर लिया है।

बैठक | पुलिस और भूमि विवाद से जुड़े मामलों की हुई सुनवाई

# डीएम ने फरियादें सुनकर समस्या निस्तारण को भेजी पुलिस व राजस्व टीमें

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

जिले के सभी थानों में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इसमें पुलिस और भूमि विवाद से जुड़े मामलों की सुनवाई हुई। पुलिस, प्रशासनिक अफसरों ने शिकायत सुनकर निस्तारण कराया। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने एसपी गणेश प्रसाद साहा के संग थाना खीरी और थाना कोतवाली सदर में आयोजित थाना समाधान दिवस पहुंचे, जहां दोनो अफसरों ने फरियादियों से रूबरू होकर समस्याएं सुनी। समाधान दिवस थाना खीरी में



डीएम ने कहा कि राजस्व-पुलिस से सम्बन्धित शिकायतें का निस्तारण आपसी सामंजस्य से सुनिश्चित कराए। इसमें किसी भी स्तर पर हीलाहवाली क्षम्य नही होगी। पीड़ितों की समस्याओं को खुद समझ कर दूर करें। फोर्स के साथ राजस्वकर्मी मौके पर जाकर विवादित मामलों का निस्तारण करें। अगर मामला गंभीर है तो तत्काल एसडीएम, तहसीलदार को अवगत कराएं, ताकि अधिकारी मौके पर जाकर समाधान करें। उन्होनें शिकायत पंजिका का निरीक्षण कर निस्तारित शिकायतों के बाबत स्वयं दूरभाष पर शिकायतकर्ताओ से बात कर उनका सत्यापन कर जानकारी ली कि वह शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता से सहमत है।

इसके बाद डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, एसपी गणेश प्रसाद साहा ने थाना कोतवाली पहुंचे, जहां पर मौजूद फरियादियों की समस्याओं को मौके पर सुना तथा सम्बन्धित का यथाशीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। थाना समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण राजस्व व पुलिस विभाग के संयुक्त टीमें मौके पर जाकर कराएं। डीएम ने कहा कि शासन की मंशा है कि गांवों, कस्बों में उत्पन्न विवादों का निस्तारण थानों में ही विभिन्न विभागों के अफसरों व कर्मियों की मौजूदगी में हो जाए। इसलिए माह के पहले व चौथे शनिवार को हर थाने पर समाधान दिवस का आयोजन होता है। कोतवाली सदर में तहसीलदार सदर सुशील प्रताप सिंह, प्रभारी निरीक्षक अंबर सिंह सहित राजस्व एवं पुलिस के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# आठ जांबाजों को शौर्य पराक्रम के लिए मिला वीरता पुरस्कार, 11 को विशिष्ट सेवा पुरस्कार

## अलंकरण समारोह के दौरान छावनी स्थित गोरखा रेजिमेंटल सेंटर परेड ग्राउंड में मध्य कमान के आर्मी कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल एनएस राजा सुब्रमणि ने प्रदान किया अवार्ड






समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** देश के लिए जान दांव पर लगाकर शौर्य का परिचय देने वाले 8 जांबाजों को आज लखनऊ में गैलेंट्री अवॉर्ड से नवाजा गया। वहीं 11 को विशिष्ट सेवा पुरस्कार प्रदान किया गया।

यह अवॉर्ड मध्य कमान अलंकरण समारोह के दौरान छावनी स्थित गोरखा रेजिमेंटल सेंटर परेड ग्राउंड में मध्य कमान के आर्मी कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल एनएस राजा सुब्रमणि ने प्रदान किया। इस भव्य अलंकरण समारोह में लेफ्टिनेंट जनरल एनएस राजा सुब्रमणि जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ मध्य कमान की मौजूदगी में सेना के जवानों ने देश के प्रति गजब समर्पण का नमूना भी पेश किया। इस दौरान 17 इकाइयों को उनकी बेहतरीन उत्कृष्टता के लिए यूनिट प्रशंसा के साथ-साथ पांच सूर्या कमांड ट्रॉफियां दी गई। गैलेंट्री अवॉर्ड पाने वालों में मेजर सुजय घोरपड़े, मेजर प्रशांत भट्ट, मेजर लालनगाइसांग वैफेई, मेजर हितेश खरायत, लेफ्टिनेंट कर्नल ध्रुव राजन और कैप्टन सिद्धार्थ शेखर शामिल रहे। वही मेजर नीतीश त्यागी और मेजर ए रंजीत कुमार को बार टू सेना मेडल वीरता से अलंकृत किया जाएगा। बार टू सेना मेडल वीरता उन्हें दिया जाता है, जो दूसरी बार यह अवॉर्ड पा रहे होते हैं।


पुरस्कार विजेताओं को दुश्मन के सामने वीरता के दिखाने के साथ राष्ट्र के प्रति असाधारण कर्तव्यनिष्ठा और सेवा के लिए सम्मानित किया गया। इस दौरान लेफ्टिनेंट जनरल एनएस राजा सुब्रमणि ने मध्य कमान की 17 सैन्य इकाइयों द्वारा प्रदान किए गए असाधारण प्रदर्शन और सेवाओं के लिए जीओसी-इन-सी यूनिट प्रशंसा पत्र से भी सम्मानित किया। लेफ्टिनेंट जनरल एनएस राजा सुब्रमणि ने मेधावी और उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए ट्रॉफी-सूर्या कमांड सर्वश्रेष्ठ ग्रीन स्टेशन के लिए प्रयागराज, सर्वश्रेष्ठ जोनल हॉस्पिटल के लिए सैन्य अस्पताल मेरठ, सर्वश्रेष्ठ फील्ड हॉस्पिटल के लिए 60 पैरा फील्ड अस्पताल, बेस्ट मिड जोनल व पेरीफेरल अस्पताल के लिए 161 सैन्य अस्पताल और बेस्ट ईसीएचएस पॉलीक्लीनक के लिए ईसीएचएस पॉलीक्लीनिक मेरठ को प्रदान की।

### सीएम योगी ने जनता दर्शन में सुनीं लोगों की समस्याएं, कहा

# पात्रों को मिलेगा पेंशन, मकान, राशनकार्ड

**अफसरों को जन समस्याओं का शीघ्र निस्तारण के निर्देश**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ/गोरखपुर।** बिलकुल भी चिंता मत करिए। आपको सरकार की योजना का मकान जरूर मिलेगा। इसके साथ ही आपको पेंशन भी दिलवाएंगे और राशनकार्ड भी बनवाएंगे। आपकी हर परेशानी दूर की जाएगी। अपनेपन के एहसास में सराबोर यह भरोसा जब खुद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिया है तो उस भरोसे के अवश्यसंभावी परिणति की उम्मीद में गुहार करने वाले के चेहरे पर चमक और संतोष का भाव उभरना स्वाभाविक ही है। आत्मीय भरोसे और उस पर संतोष की तस्वीर शनिवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में मुख्यमंत्री के जनता दर्शन के दौरान देखने को मिली।

जनता दर्शन में एक महिला ने जब मकान की समस्या बताकर आवास उपलब्ध कराने की गुहार लगाई तो मुख्यमंत्री ने उसके मनोभावों से उसकी अन्य दिक्कतों को भी संभवतः समझ लिया। उन्होंने पूछा, क्या आपको पेंशन मिलती है? महिला के इनकार वाले जवाब पर सीएम फौरन बोल पड़े- आपको पेंशन, मकान, राशनकार्ड सब दिलवाएंगे। इसे लेकर उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही शुरू कर महिला की हर समस्या दूर करने का निर्देश दिया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार अपराह्न से गोरखपुर प्रवास पर हैं। शनिवार सुबह हर बार की तरह उनकी दिनचर्या में जनसेवा का विशिष्ट अनुष्ठान %जनता दर्शन% शामिल रहा। गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सभागार में आयोजित जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने करीब 200 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने सभी लोगों को अपनेपन के एहसास से भरोसा दिया कि सबकी समस्याओं का निस्तारण कराया जाएगा। जिन्हें आवास की समस्या है उन्हें सरकारी योजना से आवास दिलाया जाएगा। गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए पर्याप्त आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। किसी की जमीन पर अवैध कब्जा नहीं होने दिया जाएगा। भू माफिया के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित कराई जाएगी। सबकी समस्याओं को सुनते हुए मुख्यमंत्री ने पास में मौजूद अधिकारियों को समस्या निस्तारण के लिए त्वरित कार्यवाही का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि हर समस्या का समाधान गुणवत्तापूर्ण व संतोषप्रद होना चाहिए। इसमें किसी भी दशा में शिथिलता न करें। हर बार की तरह शनिवार को भी कई लोग गंभीर बीमारियों के इलाज में आर्थिक सहायता की गुहार लेकर आए थे। सीएम ने उन्हें आश्वस्त किया कि इलाज में मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से भरपूर मदद मिलेगी। इसे लेकर उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित की इलाज संबंधी इस्टीमेट की प्रक्रिया को शीघ्रता से पूर्ण कर शासन में भेजें।

**सीएम ने प्रदेश वासियों को लोहड़ी की दी शुभकामनाएं**

**लखनऊ।** सीएम योगी ने लोहड़ी की पूरे यूपी वासियों खासकर किसानों को हार्दिक बधाई दी है। सीएम योगी ने अपने एक्स अकाउंट पर एक पोस्ट लिखा और कहा–नई फसल के अभिनंदन और ऊर्जा, उल्लास व उत्साह की उत्सवपूर्ण अभिव्यक्ति लोहड़ी की प्रदेश वासियों एवं सभी अन्नदाता किसानों को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं! यह पर्व सभी के जीवन को सुख, शांति, समृद्धि और आरोग्यता से परिपूर्ण करे, यही कामना है। इस मौसम में उत्तर भारतीय राज्य पंजाब में किसानों के खेत लहलहाने लगते हैं। रबी की फसल कटकर घर में आती है।

### अन्धेरगर्दी : एक मीटर पर भेज दिए दस बिल

**लखनऊ।** आज एक चौंकाने वाला मामला सामने जनपद कसया से सामने आया। एक विद्युत उपभोक्ता राकेश गौंड विद्युत वितरण खंड कसया जिन्होंने 1 किलोवाट का घरेलू कनेक्शन लिया। उनके घर पर उनके नाम एक ही मीटर नंबर पर 10 बिजली का कनेक्शन जारी कर, उनके घर 10 बिजली कनेक्शन का बिल भेजा गया। जब परेशान होकर बिजली दफ्तर पहुंचे तो उन्हें दो टका जवाब मिला कि अभी उनके पास टाइम नहीं है। उपभोक्ता परेशान होकर आज उपभोक्ता परिषद के ऑनलाइन वेबीनार में जुड़ा जिसको उपभोक्ता परिषद ने बहुत गंभीरता से लिया। परिषद के अध्यक्ष अवधेश वर्मा ने कहा जल्द ही आपकी समस्या का समाधान कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह कितना गंभीर मामला है जो पूरे बिलिंग सिस्टम पर सवाल खडा कर रहा है। एक ही मीटर नंबर से 10 बिजली कनेक्शन कैसे जारी कर दिए गए। इसका मतलब कोई भी सिक्योरिटी सिस्टम बिलिंग सॉफ्टवेयर में नहीं है जिसकी उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने उपभोक्ता से जब पूरा सभी बिल मांगया तो चौंकाने वाला मामला सामने आया।

# अयोध्या हाईवे से हटाए जाएंगे अतिक्रमण

**मंडलायुक्त ने लखनऊ से अयोध्या जाने वाले सभी मार्गों का किया दौरा**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** अयोध्या में आयोजित होने वाले श्री राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से पहले लखनऊ से अयोध्या जाने वाले सभी मार्गो को साफ सुथरा और अतिक्रमण मुक्त किया जा रहा है। शनिवार को मंडलायुक्त रोशन जैकब ने अयोध्या हाईवे की तरफ जाने वाले सभी चौराहों का निरीक्षण किया। इस दौरान नगर निगम के आयुक्त इंद्रजीत सिंह भी मौजूद रहे।

मंडलायुक्त ने कामता तिराहा, चिनहट तिराहा और मटियारी चौराहे पर समस्याओं के बारे में देखा सड़क के चौड़ीकरण, बाउंड्री वॉल और बिजली के पोल्स को हटाए जाने के तत्काल निर्देश दिए। मंडलायुक्त ने कहा कि अयोध्या हाईवे से सभी अवैध अतिक्रमण हटाए जाएंगे। नगर निगम के नगर आयुक्त इंद्रजीत सरोज ने कहा आज से ही इस पर अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष इंद्रमणि त्रिपाठी भी मौजूद रहे। मंडलायुक्त रोशन जैकब ने शहर के प्रमुख अस्पतालों के गेट के आसपास अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया है। इसके लिए उन्होंने नगर आयुक्त को पत्र लिख कर पांच दिन का समय दिया है। 17 तारीख तक अतिक्रमण हटाते हुए रिपोर्ट मांगी है। मंडलायुक्त की ओर से नगर आयुक्त को इस संबंध में पत्र लिखा गया है। अयोध्या में 22 जनवरी को श्रीराम मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने के लिए बड़ी संख्या में लोग लखनऊ आएंगे। ऐसे में सड़कों पर ट्रैफिक का दबाव बढ़ना तय है। वहीँ राम मनोहर लोहिया अस्पतालों बलरामपुर अस्पतालों केजीएमयूं लोकबंधु व अन्य बड़े अस्पतालों के गेट के पास ठेलों खोमचों का अतिक्रमण है। मंडलायुक्त ने भारी ट्रैफिक के बीच यदि किसी की जान पर बन आई तो एम्बुलेंस मरीज को समय पर अस्पताल नहीं पहुंचा पाएगीं ऐसा नहीं होना चाहिए।

### शिक्षक भर्ती के लिए सीएम आवास के बाहर कैंडीडेट्स की पुलिस से झड़प

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** नौकरी की मांग कर रहे करीब 150 अभ्यर्थी शनिवार को सीएम आवास का घेराव करने पहुंचे। ये कैंडिडेट यूपी में 69000 शिक्षक भर्ती में पिछड़े और दलितों के कोटे के 6800 पदों की बहाली की डिमांड कर रहे हैं। 500 से ज्यादा दिन हो गए, इन कैंडिडेट्स का धरना लखनऊ में चल रहा है। शनिवार को सीएम आवास के बाहर नारेबाजी करते करीब 150 लोगों को देख पुलिस एक्शन में आ गई। प्रदर्शन कर रहे लोगों को हटाने का प्रयास किया। लेकिन, कोई पीछे हटने को राजी नहीं था। ये सड़क पर ही धरने पर बैठ गए। सभी अपने हाथों में बैनर-पोस्टर लिए थे। पोस्टर में लिखा था- पिछड़े और दलितों के साथ अन्याय क्यों...6800 शिक्षकों का नियुक्ति दो...।

## खबरें एक नजर में

### तीसरी बार केंद्र में बनेगी मोदी सरकार : भाजपा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता मनजीत सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश की सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ किसानों को मिल रहा है। पिछली सरकारों में प्रदेश के जिन लोगों को नकारा गया उन गरीबों और वंचितों का भला देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया है। केंद्र व प्रदेश की सरकारों की योजनाएं गरीबों के जीवन में परिवर्तन का काम कर रही है। पूर्व में सपा बसपा सरकारी थी, वो अराजकता और गुंडागर्दी को बढ़ावा देती थी जबकि उत्तर प्रदेश की अब योगी सरकार की ने अराजकता और गुंडागर्दी से मुक्ति प्रदेश की जनता को दिलाई है। श्री सिंह ने कहा कि पूर्व सरकारों में उत्तर प्रदेश की जनता को शौचालय आवास राशन स्वास्थ्य सड़क बिजली के लिए भटकना पड़ता था, जबसे मोदी सरकार और योगी सरकार बनी है तब से देश की 140 करोड लोगों को परिवारों की तरह समझ कर प्रतिबद्धता व ईमानदारी के साथ उनकी भलाई के लिए कार्य किया है।

### रेडक्रॉस सोसाइटी ने बांटे कम्बल व स्वच्छता किट

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी ने गरीबों को भीषण ठंड से बचाव हेतु चौक क्षेत्र के 150 परिवारों को कम्बल व स्वच्छता किट वितरण किया। स्वच्छता किट में टूथपेस्ट, टूथ ब्रश, तेल, साबुन, शेविंग किट तथा महिलाओं के लिए सैनिटरी नैपकिन आदि सम्मिलित है। इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी, लखनऊ शाखा के चेयरमैन ओम प्रकाश पाठक ने बताया कि उत्तर प्रदेश में इस समय भीषण शीतलहर चल रही है जिसके बचाव हेतु चौक क्षेत्र के गरीबों को कंबल व स्वच्छता किट वितरित की गयी। सचिव अमरनाथ मिश्र ने बताया कि चौक क्षेत्र में रहने वाले गरीबों परिवारों को ठंड के बचाव हेतु काली मंदिर पार्क में इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के द्वारा 150 कंबल एवं 150 स्वच्छता किट दी गई।

### निर्माणाधीन किसान पथ पर युवक का शव मिला

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** बीकेटी के दुर्जनपुर गांव के पास निर्माणाधीन रिंग रोड किसान पथ पर एक युवक का शव मिला। शनिवार सुबह मिले शव की सूचना ग्रामीणों ने बख्शी का तालाब थाना में दी। जानकारी पाकर मौके थाना प्रभारी राणा राजेश सिंह मय पुलिस बल के घटनास्थल पर पहुंचे। जहां उन्होंने जांच शुरू किया। शव के शरीर पर चोट के निशान मिले हैं। वहीं लगभग 50 मीटर दूर ट्रक संख्या एच आर 61 डी 0989 भी खड़ा हुआ मिला जिसकी दिशा क्षेत्र से बाराबंकी की तरफथा। सम्भवतः ट्रक बाराबंकी की ओर से कहीं जा रहा होगा। पुलिस ने ट्रक की जांच की तो मौके से मिले कागज के आधार पर मृतक ट्रक चालक नाम प्रदीप उम्र लगभग 26 वर्ष निवासी जमामर्दपुर थाना विष्णुगढ़ जिला कन्नौज पता चला है। थाना प्रभारी राणा राजेश सिंह ने बताया कि अभी तक पूरी जानकारी नहीं मिल सकी है। वहीं शव पचास मीटर दूर पड़ा है जो संदिग्ध हालात बयां कर रहे हैं। वहीं पुलिस हर एंगल से जांच कर रही है।

### चीफ प्रोवोस्ट ने किया छात्रावासों का निरीक्षण

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर में सभी छात्रावासों का चीफ प्रोवोस्ट प्रो अनूप कुमार सिंह ने औचक निरीक्षण किया। उनके साथ एडिशनल चीफप्रोवोस्ट डॉ अनुपमा श्रीवास्तव भी थीं। दोपहर के भोजन के समय टीम ने खाने की गुणवत्ता जाँच के साथ साफ–सफाई का भी निरीक्षण किया। चीफप्रोवोस्ट ने कैटर्स को हरी एवं पत्ते वाली शब्जियाँ के अधिकतम प्रयोग और मोटे अनाज के भी प्रयोग के लिये निर्देश दिये। होमी जहांगीर भाभा में चल रहे मरम्मत कार्य का भी निरीक्षण किया गया और मौके पर ही मेस के पीछे खुले हिस्से में विधिवत सफाई के निर्देश दिये। कौटिल्य एवं होमी जहांगीर भाभा छात्रावास के अंतःवासियों से श्रमदान हेतु प्रोत्साहित भी किया। प्रो सिंह ने गंगा छात्रावास एवं लावण्या छात्रावास में रह रही छात्राओं को इंटर हॉस्टल फेस्ट में अधिक से अधिक प्रतिभाग करने हेतु भी प्रोत्साहित किया। निरीक्षण के समय सभी प्रोवोस्ट डॉ अर्चना सिंह, डॉ अभिषेक कुमार, डॉ नीतम सिंह, डॉ प्रणति श्रीवास्तव भी उपस्थित थे।

### प्राविधिक शिक्षा मंत्री ने छात्र-छात्राओं को बांटे टैबलेट

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश के प्राविधिक शिक्षा मंत्री आशीष पटेल ने शनिवार को राजधानी लखनऊ के महानगर स्थित हीवेट पॉलिटेक्निक में अनुसूचित जाति,जनजाति के छात्रों के लिए एआईसीटीई दिल्ली द्वारा वित्तपोषित 70 बेड के छात्रावास का लोकार्पण किया। उद्घाटन के साथ मंत्री आशीष पटेल ने पॉलिटेक्निक परिसर के ग्राउंड में रुद्राक्ष पौधे का रोपण किया। इसके अलावा उन्होंने छात्र–छात्राओं को टैबलेट भी बांटा। इस दौरान प्राविधिक शिक्षा मध्य क्षेत्र के संयुक्त निदेशक विजय पाल सिंह, प्राविधिक शिक्षा परिषद के सचिव अजीत कुमार मिश्रा, प्रबंध समिति के अध्यक्ष डा0 एस0 अस्थाना, सदस्य राजेश कुमार, संजय कुमार, प्रधानाचार्य कुंदन सिंह, कई सहायता प्राप्त पॉलिटेक्निक के प्रधानाचार्य, पूर्व प्रधानाचार्य समेत संस्था के प्रोफेसर और भारी संख्या में छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

# 14-22 जनवरी तक मंदिरों व तीर्थ स्थलों पर चलेगा सफाई अभियान : कौशल किशोर

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** लखनऊ के जॉगर्स पार्क में शनिवार को केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर ने मोहनलालगंज लोकसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। सभी लोगों ने अपने घर से लाए भोजन को सामूहिक रूप से किया और आगामी कार्यक्रमों पर विस्तृत चर्चा की। लोगों ने राममंदिर में प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 दिवसीय व्रत का स्वागत किया।

बैठक में तय किया गया कि श्री रामजन्मभूमि में रामलला के आगमन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर 14 जनवरी से 22 जनवरी तक मंदिरों एवं तीर्थ स्थलों पर व्यापक सफाई अभियान चलाने के साथ नवरात्रि की तरह व्रत रखेंगे, सात्विक भोजन करेंगे और हर व्यसन से दूर रहेंगे।



**स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी हैं देश के 10 करोड़ महिलाएं**

केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर ने दुबग्गा में आयोजित कार्यकर्ताओं की बैठक में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में लगभग 10 करोड़ महिलाएं स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी है। ये करोड़ों बहनें आत्मनिर्भर भारत संकल्प के साथ राष्ट्र के विकास में योगदान दे रहीं हैं। मोदी ने लाल किले से 15,000 डब्ल्यूएसएचजी को ड्रोन वितरित करने की घोषणा की। आज पूरे देश में महिलाएं ड्रोन दीदी और लखपति दीदी बन रही हैं और महिलाओं को सशक्त करने के लिए कई जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं।

### सड़कों पर अतिक्रमण रोकने व निर्बाध आवागमन के लिए लगाएं रेलिंग : खन्ना



**चार वार्डों की शहर में हो रही सफाई व्यवस्था का लिया निरीक्षण**


**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री तथा लखनऊ के प्रभारी मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने आज प्रातः शहर में सफाई व्यवस्था देखने निरीक्षण पर निकले। सर्वप्रथम उन्होंने अलीगंज स्थित हनुमान मंदिर में दर्शन करने के उपरांत श्रमदान के माध्यम से मंदिर परिसर में सफाई तथा पोंछा इत्यादि का कार्य किया। श्री खन्ना ने आज जनपद के चार वार्डों की शहर में हो रही सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। शहर के वार्ड नंबर 94 विवेकानन्द पुरी, वार्ड नंबर 68 राजेन्द्र नगर गणेशगंज, वार्ड नंबर 55 रानी लक्ष्मीबाई वार्ड तथा वार्ड नंबर 96 गोलागंज वार्ड का निरीक्षण किया। सड़क पर झाड़ू लगाने की स्थिति पहले से बेहतर पाया। मुख्य मार्गो पर कही कूड़ा बिखरा नही पाया। श्री खन्ना ने नगर आयुक्त को विवेकानंद वार्ड में स्थित कूड़ा घर को व्यवस्थित करने के निर्देश दिए।

### निर्णय : आउटसोर्सिंग कर्मचारियों का वेतन नहीं बढ़ा तो होगा आंदोलन

**लखनऊ।** राजधानी के गोमती नगर स्थित डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के आउटसोर्सिंग कर्मचारियों का 2015 के बाद से वेतन नहीं बढ़ा है, जबकि महंगाई लगातार बढ़ रही है। मुख्यमंत्री के आदेश के बाद भी वेतन बढ़ोतरी की प्रक्रिया शासन में लगभग एक साल से लंबित है। जिसके कारण कर्मचारियों में आक्रोश बढ़ रहा है। आउटसोर्सिंग कर्मचारियों ने आंदोलन का मन बनाया है। इसके लिए आज डॉ राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान संविदा कर्मचारी संघ के बैनर तले जुटे कर्मचारियों ने चर्चा की है और आगे रणनीति बनाई है। हालांकि इस बैठक में कर्मचारियों ने वेतन बढ़ोतरी के लिए कमेटी की रिपोर्ट का शासनादेश जारी करने की मांग रखी है। संविदा कर्मचारी संघ के महामंत्री सच्चिता नन्द मिश्र ने कहा कि कई बार उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर, प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा को इस संबंध में पत्र दिया जा चुका है। इतना ही नहरीं उपमुख्यमंत्री से मिलकर कर्मचारी गुहार लगा चुके हैं लेकिन अभी तक शासनादेश जारी नहीं हुआ।

# भाजपा सरकार में मछुआ समाज का हुआ विकास : संजय निषाद

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** निषाद पार्टी अपने 11वें संकल्प दिवस कार्यक्रम शनिवार को रमाबाई अंबेडकर मैदान में हुआ। निषाद पार्टी के कार्यक्रम में बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, दोनों डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य, बृजेश पाठक समेत एनडीए के कई सहयोगी दल के नेता भी शामिल हुए। कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय निषाद ने कहा, संकल्प दिवस में प्रदेश भर से आए मछुआ समाज के लोग एकजुट हुए हैं। वर्ष की तरह आज भी हम सभी लोग निषाद पार्टी का संकल्प दिवस मना रहे हैं।

कैबिनेट मंत्री संजय निषाद ने कहा कि हम लोग सौभाग्य शाली है इतने बड़े-बड़े लोग हमारे बीच पहुंचे हैं। 2019 में भाजपा ने निषाद पार्टी को गले लगाया था, पीएम मोदी को फिर से गद्दी पर बैठाएंगे। स्थापना दिवस कार्यक्रम में केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा मछुआ समाज के विकास और उत्थान के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं को भी उनके समक्ष रखा गया। पूर्ववर्ती कांग्रेस की केंद्र सरकार ने 67 वर्षों में पूरे देश के मछुआ समाज के लिए केवल 3000 करोड़ रुपये आवंटित किए थे जबकि केंद्र की मोदी सरकार ने केवल नौ वर्षों में 39,000 करोड़ रुपए मछुआ समाज के लिए आवंटित किए हैं। डॉ. संजय निषाद आए हुए सभी मछुआ समाज के लोगों को बताएंगे कि प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री स्वयं निषाद समाज की चिंता करते हैं और निषाद समाज के सभी लंबित मुद्दों को लेकर भी गंभीर हैं। पूर्व की सपा-बसपा और कांग्रेस की सरकारों ने निषाद समाज को मुद्दों से भटकाने का कार्य किया है और आगामी 13 जनवरी की रैली में मछुआ समाज के सामने पूर्व की सरकारों द्वारा किए गए कुकृत्य एवं मौजूदा प्रदेश एवं केंद्र सरकार द्वारा किए गए मछुआ हितैषी कार्यो को भी उनके सामने रखा जाएगा। कैबिनेट मंत्री संजय निषाद पार्टी का गठन मछुआ कल्याण के लिए 16 अगस्त 2016 को किया गया था।

**समारोह** — केरल के राज्यपाल ने ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विवि का आठवें दीक्षांत समारोह में कहा

# हमारी संस्कृति दुनिया की सभी संस्कृतियों से बेहतर

**दीक्षांत समारोह में बांटे गए 138 मेडल**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** लखनऊ में ख्वाजा मुइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय का आठवां दीक्षांत (13 जनवरी) को आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने कहा, सभी भाषाएं मां सरस्वती की अभिव्यक्ति है। जिन्हें दो भाषाएं आती हैं वो ज्यादा सफल होते हैं। जिन्हें इससे ज्यादा भाषाएं आती हैं वह बुढ़ापे में होने वाली बीमारियों से ज्यादा सुरक्षित होते हैं। यह हावर्ड यूनिवर्सिटी का शोध है। उन्होंने कहा, जो विद्वान अपनी विद्या को अपनी काबिलियत को दूसरों के साथ साझा नहीं करता है वह सरस्वती का उपासक नहीं है बल्कि खलनायक है। हमारी संस्कृति दुनिया की सभी संस्कृतियों से बेहतर है।

भारतीय संस्कृति एकमात्र ऐसी संस्कृति है जो आत्मा से परिभाषित होती है। स्वामी विवेकानंद को कोट करते हुए कहा, जीवन का उद्देश्य ज्ञान की प्राप्ति है। अपने संबोधन के दौरान उन्होंने ज्यादा से ज्यादा संस्कृत के श्लोक का इस्तेमाल किया। दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने की। इस दौरान 138 मेडल का बांटे गए। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा, जहां भी दीक्षांत में जाती हूं वहां पर लड़कियां 80 प्रतिशत अवार्ड ले जाती हैं। सबको अच्छी तरह से पढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा, हमारे विश्वविद्यालय वैश्विक रैंकिंग में प्रवेश कर रहे हैं यह अच्छी बात है। यूपी के 5 यूनिवर्सिटी ने ए. की रैंकिंग हासिल किया है। जबकि 4 यूनिवर्सिटी ने ए. की रैंकिंग हासिल की है। मैं चाहती हूं कि ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय भी ए. की रैंकिंग हासिल करे। स्वास्थ्य पर बात करते हुए उन्होंने कहा, सभी बच्चों की हीमोग्लोबिन की जांच कीजिए और जिनका हीमोग्लोबिन 10 से कम है उनके माता-पिता को बुलाए और हीमोग्लोबिन बढ़ाने के लिए कदम उठाइए। एक साल तक उस पर काम कीजिए फिर उसकी जांच कराएं। लोगों को इसके लिए प्रेरित करिए। उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने कहा, प्रदेश शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है।

**आठ साल में पहली बार दी गई पीएचडी की उपाधि**

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा, 8 साल में पहली बार पीएचडी की उपाधि दी गई है। जो डिग्री मिली है उसमें सबसे बड़ा योगदान आपके माता–पिता का है। ऐसे में घर जाओं तो पैर छूकर आशीर्वाद जरूर लेना। उसके बाद आप के गुरु की भूमिका सबसे ज्यादा है। गुरु न हो तो पता भी नहीं चलेगा कि हमने कोई गलती की है। एक शिक्षक अपने अथक प्रयासों से समाज के लिए अच्छे नागरिक पैदा करने में अपनी भूमिका निभाता है। उन्होंने 26 जनवरी को दिल्ली में होने वाले परेड में शामिल होने के लिए यूनिवर्सिटी की छात्रा वैष्णवी मिश्रा को बधाई दी। वैष्णवी एनसीसी की तरफ से उसमें हिस्सा लेंगी।

### कैसरबाग बस स्टेशन में हुई क्षेत्रीय कंट्रोल रूम की स्थापना

**लखनऊ।** 22 जनवरी को श्री राम जन्म भूमि अयोध्या धाम में राम मन्दिर की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में देश के विभिन्न प्रांतो एवं जनपदों से आये श्रद्धालुओं,यात्रियों की सुविधाओं हेतु परिवहन निगम लखनऊ क्षेत्र ने कैसरबाग बस स्टेशन में क्षेत्रीय कन्ट्रोल रूम की स्थापना की है। जिसका हेल्पलाइन नंबर 18001802877, 8726005808 है। क्षेत्र के प्रमुख स्टेशन कैसरबाग बस स्टेशन, चारबाग बस स्टेशन, आलमबाग बस टर्मिनल, अवध बस स्टेशन, बाराबंकी बस स्टेशन, रायबरेली बस स्टेशनों पर यात्रियों की सुविधा हेतु श्री राम जन्म भूमि अयोध्या धाम में राम मन्दिर की प्राण प्रतिष्ठा कार्यकम के दृष्टिगत स्वागत किये जाने सम्बन्धी फ्लैक्स बैनर लगवाये गये है।

# सड़क हादसे में हाईस्कूल के छात्र की मौत





**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

जरवल रोड लखनऊ मार्ग निकट ओमकार पेट्रोल टंकी बस स्टॉप तिराहा के पास सड़क पर मोरंग लदी खड़ी डंपर ट्रक में पहले पिकअप टकराई उसके बाद बाई तरफ डंपर से बाइक सवार दोनों वाहन डंपर से टकरा गए बाइक सवार मौके पर मौत हो गई।जरवलरोड थाना अंतर्गत जरवल रोड लखनऊ मार्ग निकट बस स्टॉप पेट्रोल टंकी के पास सड़क किनारे मोरंग लदी डंपर ट्रक खड़ी थी पीछे से ग्राम पंचायत तपेसिपाह के बरखंडी पुरवा निवासी हर्षित राज पुत्र कृष्ण पाल बाइक से पेसिफिक क्लासेज कोचिंग सेंटर अलीनगर पढ़ने जरवल रोड आ रहा था। लखनऊ की ओर से आई मोरंग लदी खड़ी डंपर ट्रक में पीछे से बाइक सवार जा टकराया।

बाइक सवार 18 वर्षीय हर्षितराज की मौके पर मौत हो गई छात्र आरपीएस इंटर कॉलेज जरवल रोड में कक्षा 10 का छात्र था सूचना पर जरवल रोड पुलिस उपनिरीक्षक लव कुमार सिंह कांस्टेबल सिद्धार्थ यादव, कांस्टेबल राम नगीना चौरसिया ने पहुंचकर लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया कि मोरंग नदी डंपर ट्रक पहले से खड़ी थी उसके बाद लखनऊ की तरफ से पिकअप गाड़ी आ गई वह भी डंपर में टकरा गई पिकअप के बाई तरफ से आ रहा हर्षित भी डंपर से टकरा गया जिससे हर्षित की मौके पर मौत हो गई। थाना प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार राव ने बताया कि कोहरे की धुंध जबरदस्त थी डंपर से लड़ने की सूचना मिली है डंपर चालक लेकर फरार हो गया तलाश चल रही है परिजनों की तरफ से तहरीर मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

**छुट्टी के बावजूद कैसे खुले है कोचिंग और स्कूल**

सरकारी निर्देशों के बावजूद भी कड़ाके की ठंड में कोचिंग सेंटर और स्कूल खुल रहे हैं जिससे छात्र छात्राओं को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। भीषण कोहरे में छात्र हर्षित को अपनी जान भी गंवानी पड़ गई।

**नही उठा डीआइओएस का सीयूजी**

इस सम्बंध में जिला विद्यालय निरीक्षक बहराइच को सीयूजी नम्बर पर फोन किया गया लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नही किया।

**घर से बाइक से कोचिंग के लिए निकला था छात्र**



## सड़क हादसों में नलकूप विभाग के जेई और छात्र की मौत, कोहराम

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** जिले के नानपारा में साइड पर चल रहे काम का निरीक्षण कर श्रावस्ती की तरफ जा रहे नलकूप विभाग के जेई की कार खड्ड में पलट गई। जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। गोरखपुर जिला निवासी धर्मेंद्र कुमार यादव अवर अभियंता के पद पर अयोध्या में नलकूप विभाग में तैनात थे। वह बहराइच के नानपारा में चल रहे काम का शुक्रवार को निरीक्षण करने गए। इसके बाद रात में वापस हुंडई कार से श्रावस्ती जनपद की ओर जा रहे थे। नवीन मार्डन थाना क्षेत्र के कटरा शनि मंदिर के निकट उनकी कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। हादसे में जेई की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## मकर संक्रान्ति स्नान पर्व व प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम के पर रूट डायवर्जन प्लान

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।** अयोध्या धाम में मकर संक्रान्ति स्नान पर्व व प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम के अवसर पर दिनांक 14.01.2024 को प्रातः 08.00 बजे से दिनांक 22.01.2024 को रात्रि 22.00 बजे तक जनपद गोण्डा क्षेत्रान्तर्गत यातायात व्यवस्था सुदृढ रखने हेतु निम्न मार्ग निर्धारित किया गया है उक्त कार्यक्रम के दृष्टिगत 14.01.2024 को प्रातः 08.00 बजे से दिनांक 22.01.2024 को रात्रि 22.00 बजे तक ऐसे भारी एवं माल वाहक वाहन जिन्हें गोण्डा से नवाबगंज होकर जनपद अयोध्या, बस्ती, सन्तकबीर नगर, गोरखपुर, अम्बेडकर नगर आदि को जाते है उन्हें पुलिस चौकी दर्जीकुँआ से ही मोतीगंज-मनकापुर मार्ग होते हुए अपने गन्तव्य को प्रस्थान करेंगे। जनपद बस्ती, संतकबीर नगर, गोरखपुर व अम्बेडकर नगर जाने हेतु निम्न तीन मार्ग निर्धारित किये गये है। रुट-ए-जो वाहन दर्जीकुआँ से डायवर्ट किये जायेंगे, उन्हें झिलाही रेलवे क्रासिंग होते हुए मनकापुर-उतरौला रोड, डुमरियागंज होकर अपने गन्तव्य को प्रस्थान करेंगे। रुट-बी- जो वाहन दर्जीकुआँ से मोतीगंज-मनकापुर मार्ग से डायवर्ट किये जायेंगे उन्हें मोतीगंज, मनकापुर-मसकनवाँ बाजार, बभनान होकर अपने गन्तव्य को प्रस्थान करेंगे। रुट-सी-जो वाहन दर्जीकुआ से मोतीगंज-मनकापुर मार्ग से डायवर्ट किये जायेंगे उन्हें आवश्यकता प्रतीत होने पर मनकापुर-कोल्हमपुर मार्ग होते हुए लोलपुर पुल की तरफ डायवर्ट कर जनपद बस्ती को प्रस्थान करेंगे। यदि कदाचित वाहन दर्जीकुआँ पुलिस चौकी व वजीरगंज होकर नवाबगंज पहुँचते है उन्हें कोल्ड स्टोरेज तिराहा नवाबगंज से ही तरबगंज-परसपुर-कर्नलगंज होकर बाराबंकी के रास्ते अपने गंतव्य को प्रस्थान करेंगे। जो वाहन थाना वजीरगंज क्षेत्र के है और उन्हें अयोध्या, बस्ती व अम्बेडकर नगर जाना है, ऐसे सभी वाहनों को टिकरी मोड़ वजीरगंज से ही मनकापुर रोड डायवर्ट कर अपने गन्तव्य को प्रस्थान करेंगे। इसी प्रकार जनपद बलरामपुर व श्रावस्ती से चलकर गोण्डा के रास्ते जनपद अयोध्या को जायेगें।

# आटो चालक का शव झाड़ियों से बरामद

**हार्ट अटैक से मृत्यु की जताई जा रही आशंका**



**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

जिले के हुसैनपुर गांव निवासी आटो चालक का शव लखनऊ बहराइच मार्ग के निकट नवोदय विद्यालय के पीछे झाड़ियों में मिला। इससे परिवार के लोग रोने लगे। पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।कोतवाली देहात क्षेत्र के ग्राम हुसैनपुर भगत राम (35) आटो चालक था। वह ऑटो चलकर परिवार का भरण पोषण करता था। उसका शव शनिवार को लखनऊ बहराइच मार्ग स्थित नवोदय विद्यालय के पीछे झाड़ियों में पड़ा मिला। शव मिलने की जानकारी टिकोरा मोड़ पुलिस चौकी में दी गई। चौकी के पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचे।सभी ने झाड़ी से शव बाहर निकलवाया। इसके बाद आसपास के लोगों ने मृतक की पहचान की। कोतवाल ब्रह्मा गौड़ ने बताया कि गांव के निकट ही शव मिला। जिससे मृतक की पहचान तुरंत हो गई। उन्होंने बताया कि मृतक आटो से घर जा रहा था। अटैक आने के चलते गिरकर मौत हुई है। वहीं जहां शव मिला है, उससे सड़क की दूरी लगभग 80 से 100 मीटर हैं। ऐसे में कई सवाल उठ रहे हैं।

# एसपी ने किया थाना दरगाह शरीफ का औचक निरीक्षण

## 48 घंटे के अंदर सारी कार्यवाही समाप्त कर अनुपालन आख्या प्रेषित करने के लिए किया आदेशित



**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला ने थाना दरगाह शरीफ के औचक निरीक्षण के दौरान मौके पर जाकर महिला हेल्पडेस्क पर प्रार्थना पत्रों की पेंडेंसी की समीक्षा की। व सभी प्रार्थना पत्रों को रजिस्टर पर चढ़ाकर उन पर विधिवत कार्यवाही के उपरांत फीडबैक लेने के लिए थाना प्रभारी को आदेशित किया। साथ ही महिला आगंतुकों के लिए पीने के पानी की व्यवस्था तथा शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के लिए निर्देशित किया। माल मुकदमाती को क्रमवार तथा वर्षवार लगाने के लिए बताया गया एवं आकस्मिक रूप से पुराने मालों को खोज कर दिखलाने के लिए बताया और निस्तारित प्रार्थना पत्रों में फोन करके फ़ीडबैक लिया। मैस में साफ-सफाई तथा एक फिक्स मेनू के तहत खाना बनाने के लिए कहा गया। एनसीआर रजिस्टर की समीक्षा कर पुराने एनसीआर प्रकरण जिनमें अभी तक कार्यवाही नहीं हुई है में 48 घंटे के अंदर सारी कार्यवाही समाप्त कर अनुपालन आख्या प्रेषित करने हेतु आदेशित किया गया। थाने पर लंबित विवेचनाओं की समीक्षा की गई एवं उनमें से लंबित गंभीर अपराधों में त्वरित खुलासे के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

**एसपी ने दिया प्रभारी निरीक्षक को निर्देश**

एसपी ने हवालात के ग्रिल के बीच जाली लगवाने को निर्देशित किया गया ताकि कोई बंदी अपने आप को ग्रिल के सहारे नुकशान न पहुँचा सके। थाने में शौचालयों की बेहतर साफ सफाई तथा पानी की उपलब्धता के बारे में प्रभारी निरीक्षक को निर्देशित किया।थाना दरगाह शरीफ पर बड़ी संख्या में पिछले वर्ष की लंबित विवेचनायें पायी गयी जिनके निस्तारण हेतु प्रभारी निरीक्षक को निर्देशित किया गया।

## खबरें एक नजर में

### अब विशेश्वरगंज में सुधरेगी विद्युत व्यवस्था

**विशेश्वरगंज,बहराइच समृद्धि न्यूज।** विद्युत आपूर्ति व्यवस्था सुधारने के लिए विद्युत उपकेंद्र विशेश्वरगंज पर फीडर की संख्या में बढ़ोत्तरी की जाएगी। विद्युत उपकेंद्र विशेश्वरगंज पर शनिवार को एसडीओ बीके वर्मा ने पत्रकारों से मुखातिब होकर विद्युत आपूर्ति सुधारने के लिए किए गए नए कार्यों का ब्योरा बताया गया। उन्होंने बताया कि विधायक पयागपुर के अथक प्रयासों से विशेश्वरगंज में 43 व धनुही उपकेंद्र पर 22 विद्युत ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाई जा चुकी है। जल्द ही फीडर को बढ़ाया जाएगा जिससे लोड कम होगा तथा लोगों पूर्ण वोल्टेज में विद्युत आपूर्ति मिल सकेगी।उन्होंने बताया कि उपरोक्त के क्रम में पत्राचार किया जा चुका है। सभी लाइन मैन को सख्त हिदायत दी गई है कि विद्युत फाल्ट की सूचना मिलते ही उसे ठीक जाय। क्षेत्र के जो भी जर्जर तार है जो विद्युत आपूर्ति में बाधक बनते है उन्हे शीघ्र ही बदल कर ठीक किया जा रहा है ।

### पं दीन दयाल बृहद पशु आरोग्य मेले का हुआ आयोजन



**बाबागंज/ धानेपुर ,समृद्धि न्यूज़।** श्री नगर बाबागंज में स्थित संत सहज वन इंटर कालेज के प्रांगण में शनिवार को मंडल स्तरीय पंडित दीन दयाल पशु आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में मेहनौन विधायक विनय कुमार द्विवेदी व विशिष्ट अतिथि सांसद प्रतिनिधि राजेश सिंह ने फीता काट कर मेले में आये पशु पालकों के पशुओं का रजिस्ट्रेशन प्रारम्भ किया गया। इस अवसर पर विधायक द्विवेदी ने लोगो को सम्बोधित करते हुए कहा की पशु पालक का मतलब केवल गाय भैंस पालने तक सिमित नही है। पशुओ के अन्य प्रजातियों के पालक भी पशु पालन विभाग से जुड़ी योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं। ग्रामीण स्तर से लोगो को रोजगार उपलब्ध कराने तथा आर्थिक रूप से लोगो को मजबूत बनाने के लिए सरकार कटिबद्ध है। इस मेले में डाक्टर ए. के कुशवाहा, मेला नोडल अधिकारी आई ए एस विजय त्यागी, प्रमुख प्रतिनिधि, श्री नगर प्रधान, पशु चिकित्सा अधिकारी पैरावेट सहित तमाम क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे।

### रविवार को प्रकाश पर्व पर निकलेगी भव्य शोभायात्रा

**कर्नलगंज/गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।** स्थानीय कस्बे में गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा में खालसा पंथ के संस्थापक गुरु गोविंद सिंह का प्रकाश पर्व को लेकर गुरुद्वारा साहिब में विशेष अरदास के साथ कीर्तन दरबार सजाए जा रहे हैं,जिसमें शबद कीर्तन से संगत को निहाल किया जा रहा है। रविवार को भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। इससे पूर्व शनिवार को सिख धर्म के प्रमुख त्योहारों में एक लोहड़ी का पर्व मनाया जाएगा। गुरुगोविंद सिंह जी के प्रकाश पर्व को लेकर तेजी से तैयारियां की जा रही हैं। गुरुद्वारा प्रबंधक सरदार हरजीत सिंह व सचिव जोगिंदर सिंह जानी ने बताया कि 14 जनवरी रविवार को दोपहर 1 बजे से भव्य शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए गुरुद्वारा साहिब में शाम 7 बजे पहुंचकर संपन्न होगी।

# वेद प्रकाश शुक्ला ने संभाली धानेपुर थाने की कमान

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।**

शासन व प्रशासन की मंशानुरूप थानाक्षेत्र धानेपुर में कार्य कराना, अपराध व अपराधियों पर प्रभावी लगाम लगाना, हर छोटी-बड़ी घटनाओं को गम्भीरता से लेते हुए निष्पक्षतापूर्वक त्वरित कार्यवाही कराना एवं वरिष्ठ अफसरों के दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन कराना हमारी प्रथमिकताओं में है। उक्त बातें थाना धानेपुर के नवागत प्रभारी निरीक्षक वेद प्रकाश शुक्ला ने मुलाकात के दौरान कही। प्रभारी निरीक्षक श्री शुक्ला ने आगे बताया कि थानाक्षेत्र में अमन-चैन का माहौल कायम किया जायेगा। इसके लिये थाने के बीट दरोगा व आरक्षियों की जिम्मेदारियां तय की जायेंगी। उन्होंने यह भी कहा कि लम्बित विवेचनाओं का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित कराया जायेगा। महिला संबंधी अपराधों पर त्वरित कार्यवाही की जायेगी। अपराधियों की धड़ पकड़ के लिये अभियान निरंतर प्रयास किया जायेगा। साथ ही रात्रि में पुलिस गश्त तेज की जायेगी। बतातें चलें कि वे दिसम्बर 2021 में उपनिरीक्षक के रूप में पद पर लखनऊ से स्थानांतरित गोंडा आये थे। इससे पूर्व करनैलगंज कोतवाली की चौकी भंभुआ में चौकी प्रभारी रह चुके हैं। निरीक्षक के पद पर पदोन्नति मिलने के बाद करनैलगंज कोतवाली में अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक और बाद में भूमि घोटाले की जांच हेतु गठित एसआईटी में निरीक्षक के पद पर कार्य करते हुए भूमि घोटाले में संलिप्त लोगों को सलाखों के पीछे पहुंचा चुके हैं।

### राम आ रहे हैं की धुन पर मातृशक्तियां ने बांटा पूजित अक्षत

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** श्री अयोध्या धाम में भगवान श्रीराम के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को ऐतिहासिक बनाने के लिए नगर से लेकर ग्रामों तक राम धुन के बीच पूजित अक्षत का वितरण किया जा रहा है। शनिवार को महिलाओं के द्वारा शहर के विभिन्न मोहल्लों में पहुंचकर पूजित अक्षत भेंट किया। वीरांगनाओं की टोलियां ने शुक्रवार को घर-घर जाकर मातृ शक्तियों को पूजित अक्षत व पत्रक भेंट कर दीपोत्सव व रामोत्सव भव्य तरीके से मनाने के लिए प्रेरित किया। अक्षत पाकर महिलाएं राम आएंगे तो अंगना सजाएंगे की धुन पर नृत्य किया। दूसरी ओर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक डॉक्टर अवधेश के नेतृत्व में जिला कारवां भूपेंद्र जिला सामाजिक समरसता प्रमुख रजनीश जिला संपर्क प्रमुख अमर सिंह एवं अन्य स्वयंसेवकों के साथ शहर के वृद्ध समूह एवं कुष्ठ रोगियों को भी अक्षत पत्रक एवं चित्र देखकर आमंत्रित किया।

# लक्ष्य प्राप्ति के लिए सतत प्रयास करें युवा : जिलाध्यक्ष

**गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।**

महाराजा देवी बख्श सिंह इंटर कॉलेज बेलसर में नेहरू युवा केन्द्र गोण्डा (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार) के तत्वाधान में राष्ट्रीय युवा सप्ताह अंतर्गत संस्कृतिक दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पंचायत बेलसर प्रतिनिधि शैलेंद्र प्रताप सिंह रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित करते हुए मां सरस्वती जी एवं स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर पुष्पर्पित कर किया। छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि शैलेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि स्वामी विवेकानंद का मानना था कि मनुष्य का संघर्ष जितना कठिन होगा, उसकी



जीत भी उतनी बड़ी होगी। जितना बड़ा आपका लक्ष्य होगा,उतना बड़ा आपका संघर्ष। स्वामी विवेकानंद के विचार आज के इस आधुनिक युग में हम सभी के लिए प्रेरणा-स्रोत हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष अजीत सिंह ने अतिथियों का स्वागत करते हुए आभार प्रकट किया। उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए श्री सिंह ने कहा आप प्रभु पर तभी यकीन कर सकते हैं जब आप स्वयं पर यकीन करेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि व्यक्ति को तब तक मेहनत करनी चाहिए जब तक अपने लक्ष्य तक पहुंच ना जाए। अतः आप सब लक्ष्य निर्धारित कर उसे प्राप्त करने का सतत प्रयास जारी रखें।

राज्य प्रशिक्षक रजनी कान्त तिवारी ने कहा कि वर्तमान समय में अपने लक्ष्य प्राप्ति के लिए स्वामी विवेकानंद को अपना आदर्श मानते हुए उनके जीवन शैली से सीख लें तथा पढ़ाई के साथ-साथ सामाजिक गतिविधियों में प्रतिभाग कर अपने प्रतिभा को निखारने के कार्य करें। विनय श्रीवास्तव ने युवा सप्ताह अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए नेहरू युवा केन्द्र द्वारा ग्रामीण अंचल पर चलाये जा रहे कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर स्वागत गीत एवं सरस्वती वंदना छात्रा शौर्य मिश्रा एवं सौम्य मिश्रा ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन शिक्षक अशोक कुमार ने किया। कार्यक्रम में अनुष्का पाण्डेय, अर्पित गुप्ता, कविता सिंह, लक्ष्मी,अंजली शर्मा, पूजा पांडे, अंशिका सिंह आदि ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस दौरान भाषण, गायन, रंगोली और मेहंदी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। सभी प्रतिभागी और विजेताओं को शील्ड और प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया।

# किसानों संग किसान यूनियन नेताओं ने किया प्रदर्शन

**प्रदर्शन की जानकारी पर पहुंचे सीनियर केन मैनेजर, तौल लिपिक को लगायी कड़ी फटकार**

**गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।**

दतौली चीनी मिल के गन्ना तौल केंद्र पिपरा भिठौरा ए पर 40 किलो गन्ना अतिरिक्त लिए जाने पर किसानों के साथकिसानयूनियनअराजनैतिक के जिलाध्यक्ष शिवराम उपाध्याय के नेतृत्व में प्रदर्शन किया और गन्ना तौल केंद्र को दो घंटे तक बंद करवाए रखा । प्रदर्शन की जानकारी होने पर चीनी मिल के सीनियर केन मैनेजर नवीन शर्मा, सचिव डाक्टर राममिलन टीम के साथ मौके पर



पहुंचे किसानों की समस्याओं को सुना उसके बाद तौल लिपिक को कड़ी फटकार लगाई कहा कि किसानों के साथ ज्यादती नही होने दी जाएगी।

किसान यूनियन के अराजनैतिक के जिला अध्यक्ष शिव राम उपाध्याय, रामदेव वर्मा, राजमणि, चेतन वर्मा ,गुरशरण, रमेश कुमार लहरून, दीनानाथ, मायाराम गुप्ता, राकेश,रमेश, गुडड, संथसरन, समेत दर्जनों किसानों का आरोप हैकि 40 किलो की घटतौली रोज प्रतिगाड़ी में करते है। तौल लिपिक अशोक मिश्र का कहना है कि कोई घटतौली नही की जा रही है। गन्ना समिति गोंडा के सचिव डाक्टर राममिलन का कहना है मौके पर जाकर के किसानों को समझा बुझाकर मामला शांत करा दिया गया है।

# खेल मैदान पर निर्माण की सूचना देने गए पत्रकार पर भड़के एसडीएम

**करनैलगंज /गोंडा ,समृद्धि न्यूज़**

अवैध नजूल और स्कूल के बच्चों के खेल मैदान पर कब्जे की जानकारी देने गए पत्रकार पर भड़के एसडीएम करनैलगंज बेशकीमती करोड़ों के भूमि को मिलीभगत करके किया जा रहा था कब्जा बीती रात्रि को फोन करके एसडीएम को देनी चाही गई थी जानकारी लेकिन फोन नहीं रिसीव किए थे एसडीएम महोदय उनके व्हाट्सएप पर भी भेजा गया था पूरा मामला लेकिन उन्होंने अपने फोन में मैसेज को खोलकर नहीं देखा मामला शिकायत करने गए लोगों को देखकर एसडीएम ने बंद करवा दिया अपने आवास में लगे गेट



का दरवाजा मामले की जानकारी एडीएम गोंडा से करने पर झल्लाए एसडीएम ने अपने पद की मर्यादा को किया शर्मसार अगर एसडीएम महोदय की पत्रकार के साथ ऐसी है भाषाशैली तो आम जनता की कैसे होती होगी सुनवाई जब इस प्रकरण पर उप जिला अधिकारी करनैलगंज से वार्ता की गई तो उन्होंने बताया की प्रार्थना पत्र मिलने के बाद घटनास्थल पर जाकर लेखपाल ने निर्माण कार्य रोक दिया है शेष जांच कार्रवाई पूरी होने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# रोमांचक मुकाबले में करीम चिस्ती क्लब विजय

**जनपदीय क्रिकेट लीग प्रतियोगिता का हो रहा आयोजन**

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

लॉर्ड्स क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में आयोजित प्रथम इशरत महमूद खान जनपदीय क्रिकेट लीग प्रतियोगिता का शनिवार दूसरा मुकाबला लॉर्ड्स क्रिकेट क्लब व करीम चिस्ती क्लब के मध्य खेला गया। जिसमे अतिथि के रूप में दीपक सत्या जिला उपाध्यक्ष बीजेपी व विशिष्ट अतिथि के रूप में राघवेंद्र प्रताप सिंह टिंकू रहे।

टॉस जीतकर लॉर्ड्स क्लब के कप्तान अंशुमान पांडे ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया।



निर्धारित 30 ओवरों में पूरी टीम 115 रनो पर आलआउट हो गई। जिसमे दिव्यांश ने 30 रनो का योगदान दिया।

लक्ष्य का पीछा करते हुए करीम चिस्ती क्लब ने रोमांचक मुकाबले में 2 विकेट से यह मुकाबला जीत लिया। जिसमे गौरव ने नाबाद 42 रन किये। शानदार प्रदर्शन करने पर साहिल मौर्य को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया ।मैच में अंपायर की भूमिका अकील व संजय ने निभाई। आंखों देखा हाल गोविंद और मनीष सिंह व स्कोरर की भूमिका वैभव ने निभाई। मैच के दौरान कुसमेन्द्र सिंह राणा ,गोविंद सिंह ,भूपेंद्र पांडेय, दिव्यांश सिंह ,शादाब टीटी ,राहुल ,सत्यम ,वैभव सिंह, आशु तिवारी, कुलदीप ,तुषार, राजकुमार सहित सैकड़ों मौजूद रहे। कल का मुकाबला नानपारा क्लब व अजन्ता क्लब के मध्य खेला जाएगा।

**त्योहार** — **आज भी गांवों में होता है सामूहिक खिचड़ी भोज, लिया जाता है चंदा**

# कल मकर संक्रांति पर होगा सामूहिक खिचड़ी भोज और दंगल

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

जिले में लोहड़ी पर्व और मकर संक्रांति को लेकर लोगों में खुशी है। गांव में आज भी लोग सामूहिक खिचड़ी भोज का आयोजन कर रहे हैं। साथ ही लोगों के घर जाकर चंदा एकत्रित कर लोगों को भोज के लिए आमंत्रित कर पुरानी परंपरा को जीवंत बनाए हुए हैं। मकर संक्रांति का पर्व इस बार 15 जनवरी को है। इसकी तैयारी के लिए गांव से लेकर शहर के लोग लगे हुए हैं। लेकिन पुरानी परंपरा के अनुसार गांव में 14 जनवरी को ही मकर संक्रांति बनाने की चर्चा है। अब बात करते हैं 10 को पुराने



परंपरा के बारे में। पुरानी परंपरा को जीवंत बनाए रखने के लिए ग्रामीण क्षेत्र के लोग आज भी मकर संक्रांति से तीन से चार दिन पहले घर-घर जाकर चावल, दाल और नमक खिचड़ी के लिए ले रहे हैं।वहीं लोगों से कुछ चंदा भी नगदी के रूप में ले रहे हैं इस चंदे के बजट से सामूहिक खिचड़ी भोज और भंडारे को बेहतर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। कुछ यही हाल जंगल से सटे ग्राम पंचायतों में देखने को मिल रहा है। मोतीपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत उर्रा निवासी ओम प्रकाश, रामा समेत सात लोगों की टीम घर घर जाकर खिचड़ी के लिए अनाज एकत्रित कर रही है। साथ ही माइक द्वारा अनाउंसमेंट कर लोगों को सामूहिक भोज के लिए आमंत्रित किया जा रहा है।ओम प्रकाश ने बताया कि नई पीढ़ी और अपनी पुरानी परंपरा को याद रखने के लिए यह काम किया जा रहा है। 14 जनवरी को सामूहिक खिचड़ी भोज जंगली दास बाबा मंदिर परिसर में किया जायेगा।

**दो दशक से कर रहे कार्यः**-उर्रा बाजार निवासी रामा ने बताया कि वह प्रतिवर्ष सामूहिक खिचड़ी भोज के लिए मेहनत कर रहे हैं। दो दशक हो रहे हैं। कारवां ही न सही लेकिन पुरानी परंपरा बरकरार रहे। इसके लिए घर घर चंदा लेकर सामूहिक खिचड़ी भोज करवा रहे हैं।

**सिख समाज के लोग मनाएंगे लोहड़ीः**- मकर संक्रांति के दिन सिख समाज के लोग भी लोहड़ी मनाते हैं। लोहड़ी पर्व में हिंदू भाई भी शामिल होते हैं शहर के अलावा जिन गांवों में सिख समाज के लोग रहते हैं वहां भी लोहड़ी पर्व मनाया जाता है।

# स्वच्छता अभियान का होगा शुभारंभ

## 14 से 21 जनवरी के मध्य चलाया जाएगा स्वच्छता का विशेष अभियान

**लालगंज,रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

तहसील परसर लालगंज में उप जिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल लालगंज एवं नगर पंचायत कार्यालय लालगंज के साथ बैठक आयोजित की।

जिसमें उप जिलाधिकारी ने बताया कि 22 जनवरी को अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि में बना रहे राम मंदिर में प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा होगी तदोपरांत 24 से 2024 को प्रदेश में उत्तर प्रदेश दिवस मनाया जाएगा एवं 26 जनवरी 2024 को गणतंत्र दिवस का राष्ट्रीय पर्व है उसी के उपलक्ष में 14 से 21 जनवरी के मध्य स्वच्छता अभियान का विशेष अभियान चलाया जाएगा जिसमें



सरकारी कार्यालय व्यापारिक बाजारों में सफाई अभियान का अभियान चलाया जाएगा उन्होंने नगर पंचायत को निर्देशित किया लालगंज नगर क्षेत्र के अंतर्गत 14 जनवरी 2024 से स्वच्छता अभियान का शुभारंभ करके पूरे नगर में साफ सफाई कर करके स्वच्छ और सुंदर नगर बनाया जाए व्यापार मंडल लालगंज नगर अध्यक्ष विवेक शर्मा ने कहा कि उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल अपने व्यापारियों के साथ नगर पंचायत एवं प्रशासन को भरोसा दिलाता है स्वच्छता अभियान में पूर्ण सहयोग करेगा और भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को पूरा नगर धूमधाम से मनाएगा पूरे नगर में जगह-जगह सुंदरकांड के पाठ भंडारे एवं साथ सजा की जाएगी नगर के विभिन्न संगठनों ने पूरी तैयारी कर रखी है और वह कार्यक्रम के माध्यम से नगर को सजाएंगे।

विवेक शर्मा ने कहा कि लालगंज मंडी समिति पशु जैसे गाय सांड से व्यापारी व्यापार करने में असुरक्षित महसूस कर रहा है श्रीमान एसडीम साहब ने नगर पंचायत को कहा कि तत्काल गाड़ी में भरकर गौशाला में छोड़ने का काम करें।

## 200 जरूरतमंदों को बांटे गये कंबल

**उन्नाव।** शनिवार को भारत विकास परिषद की ओर से सर्दी को देखते हुये कंबल वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां दो सौ से अधिक लोगों को कंबल दिये गये। कंबल पाकर जरूरतमंदों के चेहरे खिल उठे। शनिवार को राजधानी मार्ग स्थित डीएसएम पब्लिक स्कूल में भारत विकास परिषद का कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां दोपहर तीन बजे से जरूरतमंदों को शाम तक कंबल बांटे गये। सर्दी में कंबल पाकर उनके चेहरे खिल उठे। इस दौरान वरिष्ठजनों को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित भी किया गया। पदाधिकारियों ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान दो सौ जरूरतमंदों को कंबल दिये गये हैं। इस मौके पर राकेश श्रीवास्तव, केके श्रीवास्तव,छोटेलाल शास्त्री, अशोक तिवारी आदि मौजूद रहे।

# चाइनीस मांझे के बिक्री की रोकथाम के लिए हुई छापेमारी

**रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

> दुकानों में इस बार पतंगों में मिशन 2024 के स्लोगन लगे दिखे व पीएम की फोटो लगी पतंगे भी दुकानों पर देखी गई

रायबरेली में मकर संक्रांति त्योहार को देखते हुए प्रतिबंधित चाइनीस मांझे की रोकथाम हेतु नगर कोतवाली पुलिस टीम ने चेकिंग अभियान चलाकर पतंग की दुकान पर छापेमारी की गई छापेमारी से दुकानदारों में हड़कंप मच गया।

आपको बता दे शनिवार को रायबरेली जनपद के शहर कोतवाली थाना क्षेत्र के सब्जी मंडी में पुलिस अधीक्षक अभिषेक कुमार अग्रवाल के निर्देशन में शहर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मकर संक्रांति त्योहार को देखते हुए प्रतिबंधित चाइनीस मंझो की बिक्री के रोकथाम हेतु छापेमारी की गई छापेमारी से दुकानों में हड़कंप मच गया वहीं दुकानों में इस बार पतंगों में मिशन 2024 के स्लोगन लगे दिखे व प्रधानमंत्री की फोटो लगी पतंगे भी दुकानों पर देखी गई छापेमारी के दौरान कोतवाली पुलिस ने कई दुकानों से प्रतिबंधित चाइनीस मांझा भी बरामद किया दुकानदारों पर प्रतिबंधित माझा बेचने को लेकर कार्यवाही की गई।

## अलाव जलवाने को दिया पत्र

**उन्नाव।** नगर के गोताखोर मलिन बस्ती में अभीतक पालिका की ओर से अलाव नहीं जलवाया गया है। जिससे वहां के रहने वाले लोग सर्दी में ठिठुर रहे हैं। जिसे देखते हुये इस्लामिक मिशन के महामंत्री ने ईओ को पत्र देकर अलाव जलवाने की मांग की है। इस्लामिक मिशन के महामंत्री मौलाना तहसीन रजा कादरी ने अधिशाषी अधिकारी को पत्र देते हुये बताया कि पालिका की ओर से अधिकांश वार्डो में अलाव की व्यवस्था कराई गई है लेकिन इधर भीषण सर्दी पड़ने के बावजूद गोताखोर मलिन बस्ती में अलाव नहीं जलवाया गया है। जिससे बस्ती में रहने वाले लोग सर्दी में ठिठुर रहे हैं। उन्होंने ईओ को पत्र देकर अलाव जलवाने की मांग की है। जिस पर ईओ ने जल्द अलाव की व्यवस्था कराने का आश्वासन दिया है।

# अनियंत्रित रोडवेज बस ब्रिज की रेलिंग पर चढ़कर फंसी, टला बड़ा हादसा

**रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

रायबरेली में एक बार फिर रोडवेज की बस ब्रेक फेल होने से दुर्घटना ग्रस्त हो गई और बस ब्रिज के रेलिंग में फंस गई और नीचे गिरने बच गई और बड़ा हादसा टल गया आपको बता दे कि शनिवार को समय करीब 12:00 बजे रायबरेली जनपद के शहर कोतवाली थाना क्षेत्र के सिविल लाइन चौराहा स्थित ओवर ब्रिज पर रायबरेली डिपो की रोडवेज बस जो प्रतापगढ़ जा रही थी तभी बस का ब्रेक फेल हो जाने से बस अनियंत्रित हो गई और जाकर ओवर ब्रिज की रेलिंग में जा फसी,बस अगर रेलिंग में ना फसती तो बस नीचे गिरने से बडे हादसे का शिकार



हो जाती घटना से मचे हड़कंप के बाद बस में बैठी सवारियों में चीख पुकार मच गई घटना की सूचना पर पहुंची।

पुलिस ने क्रेन के माध्यम से रोडवेज बस को कैसी किसी तरह से बाहर निकाल व बस में बैठी सभी सवारियों को दूसरी बस से उनके गंतव्य तक भिजवाया गया घटना को लेकर यातायात प्रभारी आशुतोष सिंह तोमर ने जानकारी देते हुए बताया कि रायबरेली डिपो की एक रोडवेज बस जो प्रतापगढ़ की ओर सवारी लेकर जा रही थी तभी अचानक ड्राइवर के कथन के अनुसार ब्रेक फेल हो गई और बस रेलिंग में जा फसी छतिग्रस्त हुई बस में बैठे सभी यात्री व चालक सुरक्षित है।



## जय श्री राम के नारों से गूंज उठा कसरावा गांव

**बछरावां,रायबरेली।** बीते 500 वर्षों के संघर्ष एवं लाखो राम भक्तों के बलिदान के पश्चात 22 जनवरी को अयोध्या में प्रभु श्री राम के भव्य मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम होने जा रहा है। इसके शुभ अवसर पर भारतवर्ष के प्रत्येक प्रदेश के प्रत्येक जनपद के प्रत्येक परिवार के प्रत्येक व्यक्ति तक अयोध्या धाम से पूजित अक्षत श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र द्वारा पहुंचाने का काम किया जा रहा है इसी कड़ी में आज बछरावां खंड के कसरावा गांव में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एवं विश्व हिंदू परिषद की टोली के द्वारा अक्षत वितरण कार्यक्रम चलाया गया। अक्षत वितरण कार्यक्रम के इस मौके पर राम भक्तों के द्वारा डमरू, घंटी व शंख ध्वनि एवं भक्ति संगीत के साथ-साथ जय श्री राम के नारे भी लगाए गएद्य अक्षत वितरण कार्यक्रम के इस मौके पर अजय शुक्ला, अखिलेश चौधरी, टोनी मिश्रा, लक्ष्मण मिश्रा, अभिनव अवस्थी ,सुंदर सिंह, राजकरन, रामदास बाबा बहेलिया, अरुण दास, सतीश सिंह सचिन चौधरी, अरविंद तिवारी सहित भारी संख्या में राम भक्त एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

# आठ वर्षों से महराजगंज एपीओ का नहीं हुआ तबादला

> आठ वर्षों से ब्लॉक में एपीओ के पद पर बैठकर राजीव त्यागी काट रहे हैं मलाई

> इनकी शिकायत कई बार की गई लेकिन अभी तक किसी भी प्रकार की कार्रवाई इनके ऊपर होती दिखाई नहीं पड़ रही है

**संतोष सिंह**



**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** 8 वर्षों से महराजगंज ब्लॉक मे जमे एपीओ पर आखिर एक्शन क्यों नहीं हो रहा है। जब शासन का सीधा आदेश है कि 3 वर्ष बाद अधिकारियों और कर्मचारियों का स्थानांतरण कर दिया जाए तो आखिर योगी आदित्यनाथ की पैनी नजर से क्यों बचे हुए हैं एपीओ राजीव त्यागी महराजगंज विकासखंड में कुल 53 ग्राम पंचायत पड़ती है और इन ग्राम पंचायतों के एपीओ राजीव त्यागी लगभग 8 वर्षों से ब्लॉक में जमे हुए हैं और इनके ऊपर कोई कार्रवाई नहीं होती सेटिंग गेटिंग में माहिर एपीओ राजीव त्यागी आखिर योगी आदित्यनाथ सरकार की नजरों से कैसे बचे हुए हैं यह सवाल क्षेत्र में लगातार लोगों के बीच बना हुआ है कफी समय से महराजगंज ब्लॉक में कार्यरत एपीओ राजीव त्यागी ने लगभग 8 वर्षों का समय पूरा कर लिया है और अभी भी लगातार अपनी सेवाएं महराजगंज ब्लॉक में दे रहे हैं इनकी शिकायत कई बार की गई लेकिन अभी तक किसी भी प्रकार की कार्रवाई इनके ऊपर होती दिखाई नहीं पड़ रही है।

> समाजवादी पार्टी सरकार में आए थे और बीजेपी सरकार की योगी 2 में भी लगातार एपीओ राजीव त्यागी बने हुए हैं जब 3 वर्षों पर कर्मचारियों और अधिकारियों का स्थानांतरण कर दिया जाता है तो आखिर इनके ऊपर कृपा क्यों बनी हुई है?
>
> कुछ लोगों के प्रिय और कुछ नेताओं के बेहद खास माने जाने वाले एपीओ राजीव त्यागी इन्हीं सब कनेक्शनों की वजह से लगातार महराजगंज ब्लॉक में नियमों को ताक पर रखकर नौकरी किए जा रहे हैं।

# न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल में मनाया गया लोहड़ी पर्व

> लोहड़ी के दिन घर में नई शादी हुई हो या बच्चे का जन्म उन्हें विशेष तौर पर दी जाती है लोहड़ी की बधाई

**लालगंज,रायबरेली। समृद्धि न्यूज**



शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी एवम् विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित शैक्षणिक संस्थान न्यू स्टैण्डर्ड पब्लिक स्कूल लालगंज रायबरेली में लोहड़ी का पर्व बड़े ही धूम धाम और भव्य तरीके से मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विद्यालय के प्रबंधक डॉ.शशिकांत शर्मा जी मौजूद रहे, विद्यालय के प्रधानाचार्य शिवांग अवस्थी ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया। तत्पश्चात् अलाव जलाकर लोहड़ी पर्व की पूजा की गई। साथ ही सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने उपस्थित रहकर बच्चों द्वारा प्रस्तुत किये गये कार्यक्रमों का भरपूर आनन्द लिया। विद्यालय के बच्चों द्वारा पतंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमे सभी बच्चों ने बड़ी ही सुन्दर- सुन्दर पतंगें उड़ाई।

कार्यक्रम के अन्त में विद्यालय के प्रबन्धक ने अपने संबोधन में बच्चों को बताया कि पंजाबियों के लिए लोहड़ी उत्सव खास महत्व रखता है। जिस घर में नई शादी हुई हो या बच्चे का जन्म हुआ हो, उन्हें विशेष तौर पर लोहड़ी की बधाई दी जाती है। घर में नव वधू या बच्चे की पहली लोहड़ी का काफी महत्व होता है। इस दिन विवाहित बहन और बेटियों को घर बुलाया जाता है। ये त्योहार बहन और बेटियों की रक्षा और सम्मान के लिए मनाया जाता है। वक्त के साथ यह सबसे खूबसूरत चीज देखने को मिली है कि परिवार वाले अब पहली लड़की के जन्म पर भी काफी धूमधाम से लोहड़ी का त्योहार मनाते हैं। इसको मानने का मुख्य कारण पंजाब प्रांत में लोहड़ी को फसल कटाई की खुशी में भी मनाया जाता है इस दौरान आग का अलाव लगाया जाता है और इसमें गेंहू की बालियों को अर्पित किया जाता है इस अवसर पर पंजाबी समुदाय के लोग भांगड़ा करते हैं और खूब नाचते-गाते हैं लोहड़ी के दिन अग्नि के आसपास घेरा बनाकर दुल्ला भट्टी की कहानी सुनने की परंपरा है। और अंत में सभी को लोहड़ी, मकरसंक्रान्ति की बहुत-बहुत शुभकामनाएं दी।

संपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन सुभाष हाऊस के सदस्यों व आर्ट-क्राफ्ट विभाग का कार्य सरहनीय रहा। इस अवसर पर प्रधानाचार्य सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## अर्धविक्षिप्त महिला बच्चे संग लापता

**उन्नाव।** एक अर्धविक्षिप्त महिला अपने पांच वर्षीय अबोध बच्चे को लेकर अचानक रहस्यमय ढंग से कहीं लापता हो गई। पति ने अपनी पत्नी और बच्चे की गुमशुदगी की तहरीर कोतवाली में दी है। बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बहलोल पुर निवासी मनोज कुमार पुत्र शम्भू दयाल द्वारा कोतवाली पुलिस को दी गई तहरीर में कहा गया है कि उसकी पत्नी दिव्या की मानसिक हालत ठीक नहीं है और वह अपने मायके मोहल्ला पटेल नगर निवासी श्याम सुंदर पुत्र चंद्रिका प्रसाद के घर में रहकर अपना इलाज करा रही थी। बीते शुक्रवार को दोपहर के समय अचानक दिव्या अपने बच्चे अमृत 5 वर्ष को लेकर रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गई।

## कोहरा और सर्द हवाएं चलने से दिनभर ठिठुरे लोग, धूप से राहत

**उन्नाव।** शनिवार को भोरपहर मौसम साफरहा। जिसके बाद छह बजे के बाद अचानक सर्दी ने इस कदर सितम ढाया कि हर कोई कंपकंपा गया। पूरे दिन शीत लहरे चलने के कारण हर कोई ठिठुर गया। दोपहर तक आसमान में कोहरा छाया रहा। बढ़ी सर्दी के कारण नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में अलाव तापते लोग देखे गये। शुक्रवार रात से अचानक गलन और सर्द हवाएं चलना शुरू हो गई। सर्दी में बर्फीली हवाओं ने लोगों को झकझोर दिया। सुबह के समय अचानक कोहरे की धुंध छा गई। कोहरा इतना अधिक था कि पास का खड़ा व्यक्ति तक नहीं दिख रहा था। वहीं दोपहर के सयम धूप तो निकली लेकिन वह बेअसर रही। गलन बराबर जारी रही। शाम चार बजे से और ठंड बढ़ गई। हर कोई ठिठुरता नजर आया। शाम पांच बजे मानो अंधेरा सा छा गया गलन भी बढ़ गई। लोग अपने काम निपटाकर जल्द घर की ओर भागते दिखे। सुबह के समय अधिक सर्दी होने के कारण बैराज मार्ग, आजाद मार्ग, फोरलेन के अलावा नवीन पुल से आने जाने वाले वाहन सवार अपने वाहनों की लाइटें जलाकर गुजरे। वहीं कोहरे की धुंध होने के कारण कुछ बाइक सवार अपने लाइटों में पीली पन्नी लगाकर गंतव्य को रवाना हुये।

# मानव कल्याण को ओम शिव शक्ति मानव सेवा समिति ने किया भंडारा



**लालगंज,रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

शनिवार को ओम शिव शक्ति मानव सेवा समिति लालगंज के द्वारा चाय टोस्ट का वितरण किया गया समिति के अध्यक्ष रविंद्र मुरारका ने बताया कि कड़ाके की ठंड पड़ने से चौराहे के एवं आम जनमानस में राह चलते लोगों को ठंड से बचने के लिए गुरबक्श गंज चौराहा में चाय टोस्ट वितरण किया गया जिसमें हजारों लोगों ने ने बाबा भोले का प्रसाद ग्रहण किया ऐसे ही समिति के द्वारा समय-समय पर एवं सप्ताहिक भंडारे का आयोजन किया जाता है जिससे मानव कल्याण हेतु उपस्थित व्यापार मंडल अध्यक्ष विवेक शर्मा सारंग पाणि त्रिवेदी पारुल गुप्ता प्रतीक शर्मा विनय कुमार रिंकू रौनक भदौरिया विजय मिश्रा सचिन गुप्ता वृंदावन गुड्डू भदौरिया लखन गुप्ता, सत्यम गुप्ता बउवन गुप्ता, आशीष चौरसिया आशुतोष गुप्ता, दीपचंद गुप्ता आदि सेवादार प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# टीवी मुक्त अभियान में क्षयरोगियों को मिली किट



**उन्नाव। समृद्धि न्यूज**

टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मियांगंज में आयोजित कार्यक्रम में मरीजों को पोषण आहार वितरित किया गया। चिकित्सा अधीक्षक और व्यापार मंडल अध्यक्ष ने 12 क्षय रोगियों को किट देकर उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। वर्ष 2025 तक टीबी से भारत को मुक्त कराने की प्रधानमंत्री द्वारा चलाई जा रही मुहिम के क्रम में शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मियागंज में आयोजित कार्यक्रम में ग्राम पंचायत ताजपुर, नौहाई खुर्द, बीरूगढ़ी, मदारपुर कैलई, मल्हौली सरदारनगर, सिर्स कन्हर, अहरा डड़िया, अमेठनगढ़ी, अरेर कलां, औराई, कोरारी कलां, गलरापुर के 12 क्षय रोग से संबंधित मरीजों को पोषण आहार उपलब्ध कराया गया। सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर नितिन श्रीवास्तव ने बताया कि इन गांवों के सभी मरीज बीमारी से बाहर आ चुके है।

जिन्हें टीवी रोग मुक्त गांव भी माना जा सकता है। इस मौके पर डॉ. अखिलेश मिश्रा, वरिष्ठ क्षयरोग पर्यवेक्षक रामप्रकाश यादव व व्यापार मण्डल अध्यक्ष महेन्द्र गुप्ता उर्फ बबलू गुप्ता ने सभी मरीजों को पोषण आहार वितरण किया।

# उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रधान को किया सम्मानित

> ग्राम पंचायत का विकास ही मेरी पहली प्राथमिकता: रतिपाल रावत

**शिवगढ़ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



जीआईसी मैदान रायबरेली में चल रहे तीन दिवसीय रायबरेली महोत्सव के अंतिम दिन अपनी ग्राम पंचायत में उत्कृष्ट कार्य करने वाले ग्राम प्रधानों को राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार एवं जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा सम्मानित किया गया।

आपको बताते चलें कि रायबरेली जनपद के जीआईसी मैदान में चल रहे तीन दिवसीय रायबरेली महोत्सव के अंतिम दिन शनिवार को उद्यान एवं कृषि विपणन राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह एवं जिला पंचायत राज अधिकारी नवीन सिंह ने अपनी ग्राम पंचायत में उत्कृष्ट कार्य करने वाले ग्राम प्रधानों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया इसी कड़ी में शिवगढ़ विकास क्षेत्र के ग्राम पंचायत रायपुर नेरुवा के ग्राम प्रधान रतिपाल रावत को भी सम्मानित किया गया इस दौरान रतीपाल रावत ने कहा कि यह सम्मान हमारी ग्राम पंचायत की जनता का सम्मान है असल मायने में इस सम्मान की असली हकदार हमारी ग्राम पंचायत की जनता है यह सब जनता के सहयोग की बदौलत ही हुआ है अपनी ग्राम पंचायत का विकास और शासन की योजनाओं को घर घर तक पहुंचाना ही मेरा प्राथमिक उद्देश्य रहा है।

# आग से जली गर्भवती महिला की उपचार के दौरान मौत

**उन्नाव। समृद्धि न्यूज**

सास से झगड़कर आग लगाने से झुलसी गर्भवती महिला की देररात इलाज के दौरान कानपुर के उर्सला अस्पताल में मौत हो गयी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के जमालनगर एहतमाली गांव के मजरे शेरपुर गांव निवासी गोकुल की 30 वर्षीय पत्नी मीना सात माह की गर्भवती थी। शुक्रवार की शाम मीना का उसकी सास मां गुलाबदेई से मवेशियों का गोबर उठाने को लेकर विवाद हो गया। सास के तानों से व्यथित मीना ने फसल की सिंचाई के लिए घर में रखा डीजल अपने ऊपर उड़ेल कर आग लगा ली। गंभीर रूप से झुलसी मीना को पति गोकुल ने पहले जिला अस्पताल फिर उसे कानपुर के उर्सला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान देररात उसकी मौत हो गयी।

मौत से परिजनों मे कोहराम मच गया। जानकारी पर मायके पहुंची गोकुल की बहन गुड्डी ने बताया कि डेढ़ माह पूर्व कैंसर से उसके पिता की मौत हो गयी थी तबसे मां चिड़चिड़ी हो गयी है। छोटी-छोटी बातों में उलझ जाती है। आएदिन उसका बहू से विवाद हो जाया करता था।


## लखनऊ मंडल में ट्रैक दोहरीकरण एवं नॉन–इंटरलॉकिंग कार्य के लिए 'ट्रेन हैंडलिंग प्लान'

आधारिक अवसंरचना को और सुदृढ़ करने हेतु उत्तर रेलवे द्वारा लखनऊ मंडल में बाराबंकी–अयोध्या कैंट–शाहगंज–जफराबाद सेक्शन के सफदरगंज–सैदखानपुर–दरियाबाद (19.86 कि.मी.) सेक्शन पर दोहरीकरण कार्य के संबंध में प्री नॉन–इंटरलॉकिंग एवं नॉन–इंटरलॉकिंग कार्य किया जायेगा। इस कार्य के संपादन हेतु रेलवे द्वारा दिनांक 15.01.2024 से 24.01.2024 तक विभिन्न अवधियों के उपयुक्त ट्रैफिक ब्लॉक्स लिये जायेंगे। परिणामस्वरूप, ब्लॉक्स की अवधि के दौरान निम्नलिखित रेलगाड़ियाँ अस्थाई रूप से प्रभावित रहेंगी:–

**रेलगाड़ियों का निरस्तीकरण**

| रेलगाड़ी संख्या एवं रेलगाड़ी का नाम | निरस्तीकरण की तिथि(याँ) (आरंभिक स्टेशन से) |
|---|---|
| 04203 अयोध्या कैंट–लखनऊ एक्सप्रेस विशेष | 23.01.2024 एवं 24.01.2024 |
| 04204 लखनऊ–अयोध्या कैंट एक्सप्रेस विशेष | 23.01.2024 एवं 24.01.2024 |

**रेलगाड़ियों का मार्ग परिवर्तन**

| रेलगाड़ी संख्या एवं नाम | परिवर्तित मार्ग | तिथि (याँ) (आरंभिक स्टेशन से) |
|---|---|---|
| 13009 हावड़ा जं.–योगनगरी ऋषिकेश दून एक्सप्रेस | वाराणसी–माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़–लखनऊ | 22.01.2024, 23.01.2024 |
| 13010 योगनगरी ऋषिकेश–हावड़ा जं. दून एक्सप्रेस | लखनऊ–माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़–वाराणसी | 22.01.2024, 23.01.2024 |
| 13151 कोलकाता–जम्मूतवी एक्सप्रेस | वाराणसी–माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़–लखनऊ | 22.01.2024, 23.01.2024 |
| 13307 धनबाद जं.–फिरोजपुर कैंट गंगा सतलुज एक्सप्रेस | वाराणसी–माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़–लखनऊ | 22.01.2024, 23.01.2024 |
| 13308 फिरोजपुर कैंट–धनबाद जं. गंगा सतलुज एक्सप्रेस | लखनऊ–माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़–वाराणसी | 22.01.2024, 23.01.2024 |
| 15623 भगत की कोठी–कामाख्या एक्सप्रेस | लखनऊ–माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़–वाराणसी | 23.01.2024 |
| 18103 टाटा नगर–अमृतसर जं. जलियांवाला बाग एक्सप्रेस | वाराणसी–माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़–लखनऊ | 22.01.2024 |
| 15636 गुवाहाटी–ओखा द्वारका एक्सप्रेस | वाराणसी–माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़–लखनऊ | 22.01.2024 |
| 22426 आनन्द विहार(टर्मि.)–अयोध्या कैंट वंदे भारत एक्सप्रेस | लखनऊ–सुलतानपुर | 23.01.2024 |
| 22425 अयोध्या कैंट–आनन्द विहार(टर्मि.) वंदे भारत एक्सप्रेस | सुलतानपुर–लखनऊ | 23.01.2024 |
| 13483 मालदा टाउन–दिल्ली जं. फरक्का एक्स. | ज़फ़राबाद–सुलतानपुर–लखनऊ | 23.01.2024 |
| 13484 दिल्ली जं.–मालदा टाउन फरक्का एक्स. | लखनऊ–सुलतानपुर–ज़फ़राबाद | 23.01.2024 |
| 15716 अजमेर जं.–किशनगंज गरीब नवाज एक्सप्रेस | लखनऊ–सुलतानपुर–जौनपुर सिटी–जौनपुर जं.–शाहगंज | 22.01.2024, 23.01.2024 |
| 15025 मऊ जं.–आनन्द विहार(टर्मि.) एक्सप्रेस | शाहगंज–जौनपुर जं.–जौनपुर सिटी–सुलतानपुर–लखनऊ | 21.01.2024 |
| 09466 दरभंगा जं.–अहमदाबाद जं. साबरमती एक्सप्रेस | शाहगंज–जौनपुर जं.–जौनपुर सिटी–सुलतानपुर–लखनऊ | 22.01.2024 |
| 09465 अहमदाबाद जं.–दरभंगा जं. क्लोन विशेष | लखनऊ–सुलतानपुर–जौनपुर सिटी–जौनपुर जं.–शाहगंज | 19.01.2024 |
| 19615 उदयपुर सिटी–कामाख्या कवि गुरू एक्स. | बाराबंकी–गोंडा–गोरखपुर | 22.01.2024 |
| 14650 अमृतसर जं.–जयनगर सरयू यमुना एक्स. | बाराबंकी–गोंडा–गोरखपुर–छपरा | 22.01.2024 |
| 15023 गोरखपुर–यशवंतपुर एक्सप्रेस | गोरखपुर–गोंडा–बाराबंकी | 23.01.2024 |

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें

रेलमदद वेबसाईट दखें: www.railmadad.indianrailways.gov.in रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139

पर हमें फॉलो करें

आज़ादी का अमृत महोत्सव

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा–हमारा ध्येय

163/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

## स्वच्छता का जज्बा

एक बार फिर स्वच्छता के देशव्यापी सर्वे में इंदौर ने सातवीं दफा अपना ताज बरकरार रखा, हालांकि इस बार कभी प्लेग से जूझने वाला सूरत भी साथ खड़ा नजर आया। निश्चित रूप से सफलता के शिखर पर पहुंच जाना महत्वपूर्ण होता है, लेकिन शिखर पर सात साल तक टिके रखना बड़ी बात होती है। जाहिर है यह सफलता सिर्फ प्रशासन व स्थानीय निकाय की ही कोशिशों से संभव नहीं थी, जब तक कि इसमें जनभागीदारी सुनिश्चित न होती। इंदौर ने घर-घर से कचरा उठाने, अगलनीय कचरे को अलग करने व कचरे का पुनर्चक्रण करने जैसे कई चरणों को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। कभी सिटी ब्यूटीफुल के उपनाम से पहचान बनाने वाले चंडीगढ़ का स्वच्छता सर्वे में सर्वश्रेष्ठ सफाई मित्र बनना संतोष की बात है। लेकिन हरियाणा, पंजाब व खुद केंद्रशासित प्रदेश चंडीगढ़ की राजधानी होने तथा देश के पहले नियोजित शहर होने के नाते इस शहर को स्वच्छता के शीर्ष मानकों में खरा उतरना चाहिए था। वहीं इंदौर के साथ पहला स्थान साझा करने वाले सूरत की उपलब्धि भी सराहनीय है। कभी प्लेग की महामारी के कारण दुनियाभर में सुर्खियों में आने वाले सूरत का स्वच्छता के मानकों पर खरा उतरना निश्चित ही चौंकाने वाला है। महामारी के बाद इस शहर में सफाई के प्रयास युद्धस्तर पर किये। पिछले तीन दशक में लगातार स्वच्छता के प्रयासों का नतीजा है कि सूरत का कायाकल्प हुआ है। राज्य के रूप में महाराष्ट्र ने बाजी मारी है। वहीं गंगा किनारे बसे शहरों में वाराणसी अव्वल रहा है। मगर उत्तर प्रदेश व बिहार के किसी भी शहर का देश के दस स्वच्छ शहरों की सूची में स्थान न बना पाना नीति-नियंताओं को आत्ममंथन का मौका देता है। बिहार को भी सोचना चाहिए कि क्यों उसकी राजधानी पटना का स्थान ढाई सौ शहरों से ऊपर है। इन राज्यों को स्वच्छता को लेकर युद्ध स्तर पर काम करने की जरूरत है। स्वच्छ शहर शोभनीयता के अलावा जनस्वास्थ्य की दृष्टि से भी विशेष महत्वपूर्ण है। बहरहाल, केंद्रीय शहरी विकास और शहरी मामलों के मंत्रालय ने पिछले लगभग एक दशक से स्वच्छता रैंकिंग जारी करके देश में सफाई के प्रति एक स्वस्थ प्रतियोगिता शुरू की है। सभी राज्यों को सफाई के लिये प्रेरणा मिली है। जन-जन में भी जागरूकता आई। लेकिन स्वच्छ भारत अभियान को सफल बनाने के लिये अभी अधिक प्रयासों की जरूरत है। हमें याद रहे कि लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री द्वारा स्वच्छ भारत मिशन की घोषणा किये दस साल हो गए हैं। अपेक्षित लक्ष्य पाने के लिये अतिरेक प्रयास करने की जरूरत है। यह भी समझने की जरूरत है कि गंदगी से ही तमाम बीमारियों को पैदा करने वाले जीवाणु-विषाणु पनपते हैं। हम स्वच्छता को प्राथमिकता देकर बीमारियों पर होने वाले खर्च को भी बचा सकते हैं। हम विचार करें कि इंदौर जैसी प्रशासनिक व जनता की भागीदारी अन्य शहरों व राज्यों में क्यों नहीं होती। यह भी कि हम घर में तो साफ-सफाई रखते हैं, लेकिन सार्वजनिक स्थलों पर सफाई को लेकर गंभीर क्यों नहीं होते। क्यों हम घर से निकलने वाले कचरे का वर्गीकरण सूखे, गीले और अगलनीय कचरे के रूप में नहीं करते। निश्चित रूप से दिल्ली में आबादी के भारी दबाव का स्वच्छता पर असर पड़ता है। लेकिन फिर भी राष्ट्रीय राजधानी में दिखने वाले कचरे के वास्तविक पहाड़ देश को शर्मसार करते हैं। जिस पर राजनीति तो होती है, लेकिन सारे दल मिलकर इसे हटाने का प्रयास नहीं करते।

**बौद्ध कथाएं उनके करुणा रूप से कसी हुई हैं। वाल्मीकि के श्रीराम कितने निरपेक्ष हैं देखते ही बनता है। तुलसी के श्रीराम भारतीय जनमानस में बसे श्रीराम हैं, यहां सबके घट-घट में सजे श्रीराम हैं। श्रीराम ही हैं, जो भारत को उत्तर से दक्षिण तक और पूरब से पश्चिम तक एक सूत्र में पिरोए हुए हैं। भारतीय समाज के लिए तो मान-सम्मान का सम्बोधन ही राम-राम हो जाता है। यह अकारण नहीं है जो सब कुछ राममय हो गया है। यहां हर घर का बड़ा बेटा राम हो जाता है जो आज्ञाकारी है, त्यागी है, सेवाभाव वाला है। आदर्श शासक सबको राम सरीखा नजर आता है। यहां तक कि रामराज्य आदर्श व्यवस्थाओं के आग्रह का आवश्यक आधार बन जाता है। भारतीय परम्परा का अभिन्न हिस्सा हैं। तुलसी के श्रीराम मर्यादा पुरुषोत्तम हैं और वाल्मीकि के राम मानवीय भावनाओं से ओत-प्रोत संतुलित राम हैं।**

# सामाजिक-पारिवारिक मूल्यों के रखवाले हैं श्रीराम

डॉ. राकेश राणा



**साहित्य में खुसरो, रसखान, आलम रसलीन, हमीदुद्दीन नागौरी, ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती आदि सब ने राम की काव्य-पूजा की तो किसी ने राम की शक्ति-पूजा की है। तुलसी, कबीर, नानक और रैदास सब राम में रमे रहे। तुलसी कहत राम न सकहिं नाम गुन गाहीं। अर्थात स्वयं राम भी इतने समर्थ नहीं हैं कि वह अपने ही नाम के प्रभाव का गान कर सकें। कबीर कहते है- राम गुण न्यारो न्यारो। अबुझा लोग कहांलों बूझे, बूझनहार विचारो। श्रीराम के गुण बेहद न्यारे हैं। नासमझ लोग उन्हें रटते रहते हैं, कोई समझने की कोशिश ही नहीं करता।**

भगवान श्रीराम का अतीत इतना व्यापक और विस्तारित है कि उस पर समझ और संज्ञान की सीमाएं हैं। उन्हें चिह्नित करना बहुत दूर की कौड़ी है। भारतीय समाज में श्रीराम उस वट वृक्ष की तरह हैं जिसकी छत्रछाया में भक्त, आलोचक, आम, खास, आराधक, विरोधी, संबोधक सबके सब न जाने कितने सालों से एक साथ चले आ रहे हैं। श्रीराम भारतीय चिंतन परंपरा का सबसे चहेता चेहरा हैं। उनमें निर्गुणों व सगुणों सब ही का समान हिस्सा है। ब्रह्मवादी उनमें ब्रह्मस्वरूप देखते है। निर्गुणवादियों के लिए आत्मा ही श्रीराम है। अवतारवादियों के वे अवतार हैं। वैदिक साहित्य में उनका विचित्र रूप है।

बौद्ध कथाएं उनके करुणा रूप से कसी हुई हैं। वाल्मीकि के श्रीराम कितने निरपेक्ष हैं देखते ही बनता है। तुलसी के श्रीराम भारतीय जनमानस में बसे श्रीराम हैं, यहां सबके घट-घट में सजे श्रीराम हैं। श्रीराम ही हैं, जो भारत को उत्तर से दक्षिण तक और पूरब से पश्चिम तक एक सूत्र में पिरोए हुए हैं। भारतीय समाज के लिए तो मान-सम्मान का सम्बोधन ही राम-राम हो जाता है। यह अकारण नहीं है जो सब कुछ राममय हो गया है। यहां हर घर का बड़ा बेटा राम हो जाता है जो आज्ञाकारी है, त्यागी है, सेवाभाव वाला है। आदर्श शासक सबको राम सरीखा नजर आता है। यहां तक कि रामराज्य आदर्श व्यवस्थाओं के आग्रह का आवश्यक आधार बन जाता है। भारतीय परम्परा का अभिन्न हिस्सा हैं। तुलसी के श्रीराम मर्यादा पुरुषोत्तम हैं और वाल्मीकि के राम मानवीय भावनाओं से ओत-प्रोत संतुलित राम हैं।

मर्यादा पुरुषोत्तम राम ने अपने जीवन में एक-एक मर्यादा की पालना की, समाज के सम्मुख आदर्श रखे। पुत्र, पिता, भाई, पति, राजा, मित्र तमाम स्वरूपों में मानवीय भावनाओं के संतुलक राम सिर्फ भारत के ही आदर्श नहीं है बल्कि पूरे विश्व के लिए आदर्श रूप में अनुकरणीय हैं। प्रभु श्रीराम का जीवन आम जीवन से जुड़ा जीवन है, वह सबको चमत्कृत नहीं अपितु आकर्षित करता है। पत्नी के अपहरण पर भी समाज से सहयोग मांगा और संघर्ष किया। तो उसे वापस पाने के लिए मिल-बैठकर नीति बनाई। लंका जाने के लिए एक-एक पत्थर जोड़कर पुल बनाया। एक कुशल प्रबन्धक की तरह लौटे तो पूरी सेना के साथ लौटे, एक साम्राज्य निर्माण की आकांक्षा से लबरेज रामराज की कामना के साथ। राम अगम है सगुण हैं निर्गुण है। कहत कबीर निर्गुण राम जपहुं रे भाई। श्रीराम के चरित्र में पग-पग पर मर्यादा है, त्याग है, प्रेम है और लोक व्यवहार का साक्षात्कार है। राम मानवता में मथे महापुरुष हैं। राम लोकतंत्र के लोकपाल हैं, सबके प्रेरक हैं और समाज के सह-निर्माता हैं। राम के आदर्शों का जनमानस पर इतना गहरा प्रभाव तब ही संभव हो भी पाया। श्रीराम से भारतीय समाज सदैव सार्थकता पाता रहा है। भारत का आम जन-जीवन युगों-युगों से राम के दृष्टिकोण के साथ जीवन के संदर्भों-स्थितियों-परिस्थितियों-मनःस्थितियों-घटनाओं और प्रघटनाओं को मूल्यांकित करता रहा है। श्रीराम भारतीय समाज की वैचारिक थाती हैं। श्रीराम भारतीय संस्कृति की सतत प्रवाहमान धारा हैं। उनके उग्र स्वरूप के चित्रण में वैसा प्रभाव नहीं है जैसा उनकी सौम्यता में समाया हुआ है। राम बहुत सहज, सौम्य और सम्मोहक हैं। इसलिए वह सर्वत्र हैं। सबके हैं और सब उनके हैं। रहीम खान-ए-खाना कहते हैं कि %रामचरित मानस हिन्दुओं के लिए ही नहीं मुस्लिमों के लिए भी आदर्श है। तभी उन्होंने लिखा- रामचरित मानस विमल, संतन जीवन प्रान, हिन्दुअन को वेद सम, तुरकहिं प्रगट कुरान। श्रीराम किसी धर्म, देश, दुनिया की सीमाओं में सीमित नहीं हैं, अपितु वह एक विलक्षण विचार हैं।

साहित्य में खुसरो, रसखान, आलम रसलीन, हमीदुद्दीन नागौरी, ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती आदि सब ने राम की काव्य-पूजा की तो किसी ने राम की शक्ति-पूजा की है। तुलसी, कबीर, नानक और रैदास सब राम में रमे रहे। तुलसी कहत राम न सकहिं नाम गुन गाहीं। अर्थात स्वयं राम भी इतने समर्थ नहीं हैं कि वह अपने ही नाम के प्रभाव का गान कर सकें। कबीर कहते है- राम गुण न्यारो न्यारो। अबुझा लोग कहांलों बूझे, बूझनहार विचारो। श्रीराम के गुण बेहद न्यारे हैं। नासमझ लोग उन्हें रटते रहते हैं, कोई समझने की कोशिश ही नहीं करता। गांधी के राम %रघुपति राघव राजा राम% जब 22 जनवरी, 1921 को आज से लगभग एक सदी पूर्व %यंग इंडिया% में उन्होंने लिखा, मेरे लिए राम, अल्लाह और गॉड सब एक ही हैं। इसी चिंतनधारा में संत विनोबा भावे जी राम, कृष्ण, बुद्ध को अवतार घोषित किए जाने के प्रश्न पर कहते है दरअसल विचार का ही अवतार होता है। लोग समझते हैं कि राम, कृष्ण, बुद्ध, अवतार थे। हमने उन्हें अवतार बनाया है। अवतार व्यक्ति का नहीं विचार का होता है और विचार के वाहन के तौर पर मनुष्य काम करते हैं। युगानुकूल वैचारिकी खड़ी करते हैं। किसी युग में राम के रूप में सत्य की महिमा प्रकट हुई तो किसी में कृष्ण के रूप में प्रेम की, तो कभी बुद्ध के रूप में करुणा की। भारत की हर एक भाषा में रामकथाएं कही गई हैं। भारत के बाहर फिलीपाईन्स, थाईलैंड, लाओस, मंगोलिया, साइबेरिया, मलयेशिया, म्यांमार, स्याम, इंडोनेशिया, जावा, सुमात्रा, कम्बोडिया, चीन, जापान, श्रीलंका, वियतनाम सभी में रामकथा के ढेरों स्वरूप मौजूद हैं। इससे स्पष्ट है कि यदि श्रीराम केवल राजा होते, न्यायी होते, सदाचारी होते, धर्म प्रवर्तक होते तो शायद उनकी स्मृति भी कब की क्षीण हो चुकी होती और वह इतिहास बनकर रह गए होते। श्रीराम इतिहास नहीं हैं वह तो हर पल नए निवर्तमान हैं। अपना कोई धर्म-पंथ न चलाते हुए भी धर्म का आदि और अंत हैं।

विचार

# जलवायु परिवर्तन के लिए जिम्मेदार जीवनशैली

**2030 तक नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता को तीन गुना बढ़ाने का लक्ष्य भी रखा गया है। 40 से अधिक देशों और 20 संगठनों के मंत्रियों, नीति निर्माताओं, मुख्य कार्यकारी अधिकारियों ने एक वार्ता करके कहा है कि वे वैश्विक स्तर पर स्थापित नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता को तीन गुना बढ़कर 11 हजार गीगावॉट करने और इस समय सीमा में वार्षिक ऊर्जा दक्षता सुधार को दोगुना करने के लक्ष्य प्राप्त करने पर सहमत हैं, लेकिन इसे हासिल करने के लिए 4.5 खरब डालर की आवश्यकता है। वर्ष 2009 में कोपनहेगन में हुई जलवायु वार्ता में प्रस्तावित हरित जलवायु निधि में अमीर देशों ने 2020 तक, हर साल विकासशील देशों को 100 अरब डॉलर की मदद करने का संकल्प लिया था, लेकिन किसी भी साल वे इस राशि को नहीं जुटा सके।**

दुबई में हुए 28वें जलवायु परिवर्तन सम्मेलन (कॉप28) में संयुक्त राष्ट्र संघ के महासचिव एंटोनियो गुटरेस ने चेतावनी दी थी कि दुनियां तबाही की कगार पर है और यह सम्मेलन हमें आखिरी मौका दे रहा है। इस सम्मेलन में दुनिया के 200 देश डीजल, पेट्रोल जैसे जीवाश्म ईंधन के इस्तेमाल से दूरी बनाने पर सहमत दिखाई दिये। जीवाश्म ईंधन श्ग्लोबल वार्मिंगश् का सबसे बड़ा कारण माना जाता है। यदि इस पर निर्भरता धीरे-धीरे घटाई जा सके तो जलवायु को नियंत्रित किया जा सकता है। इससे पहले वर्ष 2015 में संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा जलवायु परिवर्तन से निपटने के प्रयासों व सामूहिक प्रगति पर नजर रखने के लिए पेरिस में भी 200 से अधिक देशों का सम्मेलन हुआ था।

इस सम्मेलन के समझौते के अनुसार, वैश्विक तापमान वृद्धि को पूर्व औद्योगिक काल (1850-1900) के स्तर के मुकाबले 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित करना है, लेकिन महसूस किया गया कि जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए आवश्यक निधि अपर्याप्त है। पिछले सम्मेलनों में संयुक्त-अरब-अमीरात की तरफ से इसका विरोध हुआ था। उसका कहना था कि जब तक नवीकरणीय ऊर्जा के पर्याप्त स्रोत उपलब्ध नहीं हो जाते, तब तक जीवाश्म ईंधन पर बंदिशें लगाना उचित नहीं है क्योंकि दुनिया की 80 फीसदी ऊर्जा जरूरतें इसी से पूरी हो रही हैं। दूसरी तरफ वे यह भी कह रहे हैं कि जीवाश्म ईंधन से दूर रहने के लिए वे भी सहमत हैं।

इसके साथ ही 2030 तक नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता को तीन गुना बढ़ाने का लक्ष्य भी रखा गया है। 40 से अधिक देशों और 20 संगठनों के मंत्रियों, नीति निर्माताओं, मुख्य कार्यकारी अधिकारियों ने एक वार्ता करके कहा है कि वे वैश्विक स्तर पर स्थापित नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता को तीन गुना बढ़कर 11 हजार गीगावॉट करने और इस समय सीमा में वार्षिक ऊर्जा दक्षता सुधार को दोगुना करने के लक्ष्य प्राप्त करने पर सहमत हैं, लेकिन इसे हासिल करने के लिए 4.5 खरब डालर की आवश्यकता है। वर्ष 2009 में कोपनहेगन में हुई जलवायु वार्ता में प्रस्तावित हरित जलवायु निधि में अमीर देशों ने 2020 तक, हर साल विकासशील देशों को 100 अरब डॉलर की मदद करने का संकल्प लिया था, लेकिन किसी भी साल वे इस राशि को नहीं जुटा सके। इन देशों ने 2013 में 52.5 अरब डॉलर जुटाए थे जो 2015 में घटकर 44.6 अरब डॉलर हो गए थे। 2019 में उनकी तरफ से 80.4 अरब डॉलर का फंड संग्रह किया गया था जो 2020 में बढ़कर 83.3 अरब डालर हो गया था।

अब तो 100 अरब डॉलर से भी अधिक की आवश्यकता महसूस की जा रही है। ऐसे में 2030 तक तापमान वृद्धि को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक रखने के प्रयासों को झटका लग सकता है। एक अनुमान के मुताबिक दुनिया के 55 देशों को बीते दो दशक में जलवायु परिवर्तन संबंधी घटनाओं से 525 अरब डॉलर का नुकसान हो चुका है। 2030 तक यह बढ़कर 580 अरब डालर पहुंच जाएगा। वहीं अगर अकेले अमेरिका से उसके उत्सर्जन प्रभाव की कीमत वसूली जाए तो यह 1900 अरब डॉलर होती है। विकासशील देशों का सवाल है कि क्या अमेरिका इस कीमत को चुकाएगा? अगर नहीं तो फिर किसी दूसरे देश से कैसे कह सकते हैं कि वह विकास न करे। इस संदेश से ऐसा लगता है कि सभी देश अमेरिका की राह पर हैं और आधुनिक जीवन शैली व विकास के मायने जलवायु परिवर्तन ही है।

जीवाश्म ईंधन के उपयोग का आखिरी पन्ना 28वें जलवायु सम्मेलन में नहीं पलटा जा सकता है, लेकिन जीवाश्म ईंधन के अंत की शुरुआत यहां से की जा सकती है। इसके लिए कोयला से बिजली बनाने वाले देश, जैसे - भारत और चीन से भी अपेक्षा की जा रही है कि वे चरणबद्ध तरीके से कोयले के उपयोग में कमी करें, हालांकि भारत विकसित देश बनने तक कोयले पर कितना नियंत्रण कर सकेगा, यह तो समय ही बताएगा। मजबूत विकल्प के अभाव में जीवाश्म ईंधन और कोयले पर निर्भरता को चरणबद्ध तरीके से कम करने की तैयारी अभी भी नगण्य है। दूसरी ओर विकल्प के तौर पर परमाणु ऊर्जा का इस्तेमाल करें तो रेडियोएक्टिव कचरे को लेकर खतरे की आशंका जताई जाती रही है।

विकासशील देश विकसित देशों पर आरोप लगा रहे हैं कि वे अपना योगदान देने की बजाय भारत, ब्राजील, चीन जैसे देशों पर दबाव बना रहे हैं कि वे विकास के लिए होने वाली औद्योगिक गतिविधियों में कमी लाएं। विकासशील देश कह रहे हैं कि वैश्विक जलवायु कार्रवाई के लिए ज्यादा वित्तीय साधनों की आवश्यकता है। हालांकि प्रति व्यक्ति कार्बन उत्सर्जन के लिहाज से देखें तो आज भी विकसित देशों की जलवायु परिवर्तन में हिस्सेदारी भारत जैसे देशों से कई गुना ज्यादा है। जलवायु परिवर्तन से बढ़ रही गर्मी आजीविका, स्वास्थ्य, समाज के अस्तित्व के लिए बड़ा खतरा बन रही है। महिलाएं इसकी भारी कीमत चुका रही हैं, गर्मी ने उनके दैनिक जीवन को काफी कठिन कर दिया है। आदिवासी, हिमालय के पर्वतीय भू-भाग में खेती के साथ-साथ जंगल से घास, लकड़ी और जलस्रोतों से पानी लाने के लिए महिलाओं पर एकतरफा जिम्मेदारी है। उनमें लगातार हो रही कमी के कारण महिला श्रमिकों के सिर और पीठ का बोझ बढ़ता जा रहा है और उन्हें तरह-तरह की बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है।

## जीना इसी का नाम है

सलाह और इलाज के लिए मेरे पास ऐसे बहुत से लोग आते हैं जो खूब महत्त्वाकांक्षी हैं, सफल भी हैं, पर सफल होने के बावजूद वहां नहीं हैं जहां वे होना चाहते हैं। यात्रा अभी जारी है, मनचाही सफलता अभी बाकी है। एक स्पिरिचुअल हीलर के रूप में मैंने जब ऐसे लोगों का विश्लेषण करना शुरू किया और उन्हें 'समाधि' की अवस्था में ले गया तो खुद उन्हें बहुत सी बातें समझ में आईं। इसका खुलासा करने से पहले यह बताना आवश्यक है कि स्पिरिचुअल हीलिंग से क्या मतलब है और यह कैसे की जाती है, इसकी प्रक्रिया क्या है?

स्पिरिचुअल हीलिंग, यानी, आध्यात्मिक उपचार तीन चरणों में होता है। पहले चरण में व्यक्ति की अपनी नजर में उनकी समस्याओं को समझा जाता है। मनोवैज्ञानिक लोग इसे कॉग्नीटिव बिहेविअर थैरेपी, या सीबीटी का नाम देते हैं। कॉग्नीटिव बिहेविअर थैरेपी दरअसल बातचीत के माध्यम से सामने वाले व्यक्ति के संघर्षों और चुनौतियों को समझ कर उनके व्यवहार में आवश्यक परिवर्तन लाने की सलाह का नाम है। मनोवैज्ञानिक तो सिर्फ सलाह देने के इस चरण तक आकर रुक जाते हैं जबकि स्पिरिचुअल हीलर इसे एक नए आयाम में ले जाता है। सीबीटी की प्रक्रिया के बाद योग निद्रा के उपयोग से व्यक्ति के दिल, दिमाग और शरीर को शांत किया जाता है, शरीर को अत्यंत आराम की अवस्था में ले जाकर दिमाग की चटर-पटर को शांत किया जाता है। यह आयाम, यह चरण या यह क्रिया एक शारीरिक और मानसिक प्रक्रिया का सुयोग है जिसमें व्यक्ति असीम शांति का अनुभव करता है। इसके तुरंत बाद स्पिरिचुअल हीलर के मार्गदर्शन में व्यक्ति 'समाधि' की अवस्था में चला जाता है। इस अवस्था में व्यक्ति मानो शक्तिमान सरीखा बन जाता है, जहां उनका अवचेतन मन और सूक्ष्म शरीर मिलकर सारे कार्य संपन्न करते हैं और व्यक्ति चेतन मस्तिष्क के दायरे से बाहर वाले अपने संघर्ष के असली कारण को भी पहचान कर उनका समाधान कर लेता है। इस अवस्था में व्यक्ति इतना निर्मल हो जाता है कि एक संत की तरह वह अपने मन की स्लेट से हर अपराध बोध को, हताशा, निराशा और गुस्से के हर कारण को साफ कर देता है। मन एकदम शांत, स्वच्छ और हल्का हो जाता है। हमारे पास कोई गाड़ी हो तो हम समय-समय पर उसकी सर्विसिंग करवाते हैं। अच्छी सेहत के लिए एक रुटीन के रूप में कई तरह के टैस्ट करवा लेते हैं। शरीर की हाइजीन का, साफ-सफाई का ध्यान रखते हैं।

'समाधि' की प्रक्रिया मानो दिल, दिमाग और आत्मा की सर्विसिंग सरीखी है जहां मन निर्मल हो जाता है, स्वच्छ हो जाता है और अपने मनचाहे लक्ष्य की ओर तेजी से आगे बढने के काबिल हो जाता है। यह मैंटल हाइजीन की प्रक्रिया है। एक बात और। हम सब जानते हैं कि सैर करना हमारी सेहत के लिए अच्छा है। हम सब जानते हैं कि जंक फूड हमारे लिए हानिकारक है। हम सब जानते हैं कि समय का सदुपयोग हमारी सफलता का बहुत बड़ा कारक है। ये सारा ज्ञान हमारे चेतन मस्तिष्क में है, इसके बावजूद ज्यादातर लोग इस ज्ञान का लाभ नहीं उठाते और गलत आदतें अपना लेते हैं, हानिकारक आदतें अपना लेते हैं और जीवन भर संघर्षों से घिरे रहते हैं। लेकिन यही ज्ञान जब अंतर्मन में चला जाए, अवचेतन मस्तिष्क में स्थापित हो जाए तो आदमी अपनी आदतें बदल लेता है।

यह प्रक्रिया मानो गाड़ी चलाना सीखने के समान है। जब हम कोई वाहन चलाना सीखते हैं तो हमारा ध्यान सडक़ से हटकर बार-बार कभी क्लच की तरफ, कभी गियर की तरफ, कभी स्पीडोमीटर की तरफ जाता रहता है और घर से निकल कर पास वाले बाजार तक भी जाना हो तो गाड़ी से जाने में हमें पंद्रह मिनट लग जाते हैं, जबकि पैदल का रास्ता सिर्फ पांच मिनट का है। गाड़ी चलाना सीख जाएं तो वही रास्ता दो मिनट में पूरा हो जाता है, क्योंकि तब गाड़ी चलाने का सारा ज्ञान बार-बार के अभ्यास के कारण अवचेतन मन में जाकर हमारी याद्दाश्त का हिस्सा बन चुका होता है। किसी भी नए ज्ञान को चेतन मस्तिष्क से अवचेतन मस्तिष्क में ले जाने के लिए लगातार अभ्यास की आवश्यकता होती है, लेकिन 'समाधि' की अवस्था में हमें बार-बार के लंबे अभ्यास की आवश्यकता नहीं रहती



## राशिफल

**मेषः**- प्रतिभाओं के बावजूद हीन भाव प्रतिभाओं के लाभ से वंचित होगा। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें। सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। घर में खुशहाली रहेगी।

**वृषः**- किसी कार्य में सफलता से उत्साह में वृद्धि होगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। परिश्रम से आर्थिक लाभ होगा।

**मिथुनः**- नीरस स्वभाववश रचनात्मक योजनाओं को सार्थक करने में असमर्थ होंगे। सब कुछ सामान्य होते हुए भी मन अरुचि का शिकार होगा।

**कर्कः**- काफी दिनों से अवरोधित कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने के आसार बनेंगे। काफी दिनों से प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा।

**सिंहः**- नयी घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। नये कायरें के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें।

**कन्याः**- कर्जदारों से मन परेशान होगा। नये क्षेत्रों में प्रयास से लाभ संभव। व्यावसायिक यात्रा द्वारा लाभ संभव। नये संबंधों के सहयोग से आर्थिक कठिनाइयां दूर होंगी।

**तुलाः**- भावुकता व्यावहारिक जगत के अनुकूल चलने में बाधक होगी। अतः व्यावहारिक बने। भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं मन पर प्रभावी होंगी। विद्यार्थी शिक्षा में लापरवाही न बरतें। कल्पनाओं में न जियें।

**वृश्चिकः**- किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। सकारात्मक सोच को अपनाते हुए जीवन को सही दिशा की ओर केंद्रित करें।

**धनुः**- संवेदनशील शरीर ग्रहों की प्रतिकूलता से बीमार पड़ सकता है। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी।

**मकरः**- कुछ व्यासायिक कारणों से घर से दूर रहना पड़ सकता है। परिजनों की सुख-सुविधा के प्रति मन चिंतित होगा।

**कुंभः**- अच्छे कायरें से परिजनों के दिल में जगह बनायें। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। महत्वपूर्ण कायरें में लापरवाही न करें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**मीनः**- थोड़ा संयमी व धैर्यवान बने। भाग्य से प्राप्त अच्छी-बुरी सभी स्थिति में समझौतावादी बनें। कुछ नई व्यस्तताएं सामने आएंगी। महत्वपूर्ण दायित्वों की पूर्ति हेतु प्रयत्न तीव्र होगा।

# भारत के मन का मूल उत्सव सांस्कृतिक है

हृदयनारायण दीक्षित



**ध्वनि में सात स्वर हैं। सप्ताह में सात दिन हैं। ऋषि जिज्ञासा है, इस ब्रह्माण्ड में सबसे पहले जन्म लेने वाले को किसने देखा? जो अस्थि रहित होकर भी सम्पूर्ण संसार का पोषण करते हैं। पूर्वज सविता सूर्य की आतंरिक गतिविधि जानना चाहते हैं, यह विज्ञ सप्त तंतुओं-किरणों को कैसे फैलाते हैं। ऋषि जानकारी की सीमा बताते हैं, मैं नहीं जानता लेकिन जानना चाहता हूं। सभी लोकों को स्थिर करने वाले अजन्मा का रूप क्या है? जो सूर्य रहस्य के जानकार हैं, कृपया वे बताएं।%% अंत में कहते हैं, बारह अरों वाला चक्र द्युलोक में घूमता रहता है। वह अजर अमर है। सूर्य अभिभावक हैं। संरक्षक हैं। गीता (4-1) में ज्ञान परंपरा है। श्रीकृष्ण कहते हैं, मैंने योगविद्या का ज्ञान सबसे पहले विवस्वान सूर्य को दिया था। सूर्य ने मनु को और मनु ने इश्वाकु को यही ज्ञान दिया। सूर्य जीवनदाता हैं।**

भारत उत्सव प्रिय उल्लासधर्मा देश है। सतत कर्म यहां जीवन साधना है। पूरे वर्ष कर्म प्रधान जीवन और बीच-बीच में पर्व त्योहार और उत्सवों का आनंद। भारत के मन का मूल उत्स सांस्कृतिक है। उत्स का अर्थ है केन्द्र। उत्सव परिधि है। उत्सव उल्लासधर्मा होते हैं। वे भारत के लोक को भीतर और बाहर तक आच्छादित करते हैं। मकर संक्रान्ति का उत्सव ऐसा ही है। यह भारत के सभी हिस्सों में मनाया जा रहा है। नदियों में कड़ाके की ठंढ के बावजूद स्नान ध्यान, पूजन और आनन्द। हम भारत के लोग उत्सवों में समवेत होते हैं, आनन्दित होते हैं। संप्रति मकर संक्रान्ति के अवसर पर ग्रामीण क्षेत्रों में भी आनंद की लहर है।

भारतीय चिंतन में सूर्य ब्रह्माण्ड की आत्मा हैं। सूर्य सभी राशियों पर संचरण करते प्रतीत होते हैं। वस्तुतः पृथ्वी ही सूर्य की परिक्रमा करती है। आर्य भट्ट ने आर्यभट्टीयम में लिखा है, जिस तरह नाव में बैठा व्यक्ति नदी को चलता हुआ अनुभव करता है, उसी प्रकार पृथ्वी से सूर्य गतिशील दिखाई पड़ता है। सूर्य धनु राशि के बाद मकर राशि में प्रवेश करते हैं तो इसे मकर संक्रान्ति कहा जाता है। सूर्य का मकर राशि पर होना उपासना के लिए सुन्दर मुहूर्त माना जाता है। वराहमिहिर ने बृहत संहिता में बताया है, मकर राशि के आदि से उत्तरायण प्रारम्भ होता है।

सूर्य अजर अमर हैं। ऋग्वेद के एक सूक्त में ऋषि अपने यज्ञ में पृथ्वी अंतरिक्ष और समस्त देवलोक को निमंत्रण देते हैं। वे वरुण, इन्द्र, मरुत और जल को भी आहूत करते हैं। वे देवों से समृद्धि की कामना करते हैं। अंत में सूर्य सविता देव का स्मरण करते हैं, सविता पश्चातात सविता-सविता हमारे पीछे हैंफिर कहते हैं, पुरस्तात सवितोतर सविता धरातात-सविता सामने हैं। ऊपर हैं। नीचे हैं। ये सविता हमें सुख व समृद्धि दें। दीर्घायु भी दें। सविता सूर्य की उपस्थिति दशों दिशाओं में है। यही तेजोमय सविता मकर राशि पर हैं। उनके अभिनन्दन की सुन्दर मुहूर्त है मकर संक्रान्ति। पुण्यदायी नदियों में स्नान की भी परंपरा है। तुलसीदास ने रामचरितमानस में मकर संक्रान्ति के अवसर के लिए प्रयागराज का शब्द चित्र बनाया है, माघ मकरगत रबि जब होई। तीरथपतिहिं आव सब कोई। ऋग्वेद के रचनाकाल से लेकर उपनिषदों, महाकाव्यों और परवर्ती संस्कृतिमूलक साहित्य में सूर्यदेव की चर्चा है। प्रश्नोपनिषद (1-5) में कहते हैं कि, आदित्य ही प्राण हैं। छान्दोग्य उपनिषद में कहते हैं,जैसे मनुष्यों में प्राण महत्वपूर्ण हैं वैसे ही ब्रह्माण्ड में सूर्य हैं। सूर्य के कारण इस पृथ्वी ग्रह पर मनुष्य का जीवन है। सूर्य दिव्य हैं। तेजोमय दिव्यता हैं। सूर्य ऊष्मा ऊर्जा व प्रकाश का अक्षय भण्डार हैं। प्रत्येक ताप का ईंधन होता है। इसी तरह तेजोमय सूर्य ताप के पीछे भी कोई कारण/ईंधन होना चाहिए। सूर्यदेव अरबों वर्ष से तप रहे हैं। हम सब सूर्य परिवार के अंग हैं। ऋग्वेद के प्रथम मण्डल (सूक्त 164) के प्रथम मंत्र में सूर्यदेव के तीन भाई बताए गए हैं। उनके सात पुत्र हैं। तीन भाइयों में वे स्वयं, दूसरे सर्वव्यापी वायु और तीसरे तेजस्वी अग्नि। सूर्य के रथ का वर्णन सुन्दर है, %%सूर्य के एक चक्र वाले रथ में सात घोड़े हैं। सात नामों वाला एक घोड़ा रथ खींचता है। आगे सात शब्द का दोहराव है, सात दिन, सात अश्व, सात स्वरों में सविता सूर्य की स्तुति करती सात बहनें। वैसे भी सूर्य प्रकाश में सात रंग हैं।

ध्वनि में सात स्वर हैं। सप्ताह में सात दिन हैं। ऋषि जिज्ञासा है, इस ब्रह्माण्ड में सबसे पहले जन्म लेने वाले को किसने देखा? जो अस्थि रहित होकर भी सम्पूर्ण संसार का पोषण करते हैं। पूर्वज सविता सूर्य की आतंरिक गतिविधि जानना चाहते हैं, यह विज्ञ सप्त तंतुओं-किरणों को कैसे फैलाते हैं। ऋषि जानकारी की सीमा बताते हैं, मैं नहीं जानता लेकिन जानना चाहता हूं। सभी लोकों को स्थिर करने वाले अजन्मा का रूप क्या है? जो सूर्य रहस्य के जानकार हैं, कृपया वे बताएं।%% अंत में कहते हैं, %%बारह अरों वाला चक्र द्युलोक में घूमता रहता है। वह अजर अमर है। सूर्य अभिभावक हैं। संरक्षक हैं। गीता (4-1) में ज्ञान परंपरा है। श्रीकृष्ण कहते हैं, मैंने योगविद्या का ज्ञान सबसे पहले विवस्वान सूर्य को दिया था। सूर्य ने मनु को और मनु ने इक्ष्वाकु को यही ज्ञान दिया। सूर्य जीवनदाता हैं। आराध्य हैं। विश्व की सभी संस्कृतियों में सूर्य प्रत्यक्ष देव हैं। सूर्य उपासना यूनान में भी थी। वैदिक मन्त्रों में सविता सूर्य और ऊषा अलग अलग स्तुतियां पाते हैं। लेकिन यथार्थ में वे एक ही सूर्य के भिन्न भिन्न आयाम हैं। डॉ. कपिल देव द्विवेदी ने वैदिक देवताओं के आध्यात्मिक और वैज्ञानिक स्वरूप पर किताब लिखी है। उन्होंने लिखा है, सविता ही सूर्य हैं। सविता का अर्थ प्रेरणा शक्ति देने वाला प्रेरक। गति देने वाला। सूर्य इस संसार को प्रेरणा और प्रकाश देते हैं। इसलिए सूर्य को सविता भी कहते हैं। सूर्य उपास्य हैं।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887, Email : samradhinews@gmail.com,
**संपादकीय कार्यालय : 201, 202 द्वितीय तल रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. : 9554964672, 9451244788 फोन नं. 0522-4077632, 3083627**

# गौरक्षक टीम ने गौवंशों की मृत्यु के विरोध में खोला मोर्चा

## जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंप गौवंशों पर अत्याचार करने वालों पर कार्यवाही की मांग

**हमीरपुर। समृद्धि न्यूज**

जिले में बेसहारा गोवंशों की लापरवाही के चलते हो रही मृत्यु के विरोध में विश्व हिन्दू परिषद गौ रक्षा विभाग ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंप उक्त आरोपियों के खिलाफ मोर्चा खोला है।

विश्व हिन्दू परिषद गौ रक्षा विभाग के जिलाध्यक्ष निशात त्रिपाठी के नेतृत्व में दिए ज्ञापन में बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में बीमार गोवंश की सूचना देने पर क्षेत्रीय पशु चिकित्साधिकारी डॉ.देवेन्द्र कुमार द्वारा अभद्र भाषाओं का प्रयोग किया जाता है। क्षेत्रीय पशु चिकित्साधिकारी द्वारा गौवंशो के इलाज में लापरवाही से उनकी मृत्यु हो रहीं है। उन्होंने कहा कि गांवों में सर्दी के समय में गौवशों की हालत ठीक नहीं है, उनके खाने, पीने की व्यवस्था भी नहीं है, जिससे गौमाता सर्दी व भूख के कारण दम तोड़ रही हैं। ग्राम प्रधानों की बर्बरता भी सामने आती जा रही है। गौवंश को फेंक देना उनकी परिस्थिति यह है कि जंगली जानवर उनका शव भक्षण करते हैं।



कहा कि जिले के सरीला, अतरार, भैसापाली, कुरारा, मवई, कलौलीजार, मौदहा, जलालपुर, भेडी डांडा, कुपरा, राठ, मुस्करा, बिवांर, निवादा, सिकरोढ़ी आदि क्षेत्र में गौरक्षक टीम गौशालाओं में निरीक्षण करने जाती है तो टीम पर झूठा मुकदमा करने की धमकी दी जाती है। ग्राम प्रधानों द्वारा आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग किया जाता है। उन्होंने ज्ञापन में जिले की सभी गौशालाओं की जांच कर बेजुबान, बेसहारा गौवंश पर अत्याचार करने वाले दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही करने की मांग की है।

## कस्बे के श्री गायत्री विद्या मंदिर में आठ दिन निरुद्ध रहे थे कार सेवक

**सुमेरपुर।** वर्ष 1990 में कारसेवा के दौरान कस्बे के श्री गायत्री विद्या मंदिर इंटर कॉलेज को अस्थाई जेल बनाकर 300 से ज्यादा कारसेवकों को निरुद्ध किया गया था पूर्व के तीन दिन तक सभी कारसेवकों को भूखा ही रहना पड़ा था बाद के 5 दिनों में एक टाइम ही खाना दिया जाता था। उन दिनों को याद करके कारसेवक सिहर उठते हैं उनका कहना है कि आज उनका संघर्ष सफल हुआ और अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण होने से मन बेहद गदगद है। भाजपा, विहिप, बजरंग दल एवं आर एस एस के आवाहन पर राम मंदिर निर्माण के लिए कारसेवा का आवाहन किया गया था पूरे देश से कारसेवकों को अयोध्या बुलाया गया था।

# डीजीपी के निर्देश पर चलाया गया अभियान

- प्रभारी अग्निशमन अधिकारी ने दिया प्रशिक्षण
- प्रभारी अग्निशमन अधिकारी ने जनसामान्य को भी अग्निसुरक्षा के प्रति किया जागरूक



प्रशिक्षण देते अग्निशमन अधिकारी।

**महोबा। समृद्धि न्यूज**

पुलिस महानिदेशक, अग्निशमन एवं आपात सेवा, उत्तर प्रदेश लखनऊ के आदेशानुसार स्कीम नंबर- 05 के अंतर्गत जिले में विशेष अभियान चलाकर लोगों को आग बुझाने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसके तहत जिले के होटलों का फायर ऑडिट किया गया। साथ ही इलेक्ट्रिकल सेफ्टी ऑडिट के संबंध में प्रभावी चेकिंग अभियान चलाया गया। प्रभारी अग्निशमन अधिकारी देवेश तिवारी के नेतृत्व में होटालों में कार्यरत कर्मचारियों को आग से बचाव संबंधी प्रशिक्षण एवं जानकारी दी गई। बताया गया कि आग लगने पर सबसे पहले क्या करना है और क्या सावधानियां बरतनी है। प्रभारी अग्निशमन अधिकारी देवेश तिवारी द्वारा जनसामान्य को भी अग्निसुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। अकार्यशील अग्नि सुरक्षा व्यवस्था को तत्काल कार्यशील कराए जाने हेतु एवं शेष अग्नि सुरक्षा व्यवस्थाओं को मानकों के अनुसार स्थापित कराये जाने हेतु सम्बंधित को निर्देशित किया गया है।



## सीएमओ की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित

**महोबा।** जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. आशाराम की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें परिवार नियोजन कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सेवा प्रदाताओं को सम्मानित किया गया। मंडल से आलोक कुमार मंडलीय कार्यक्रम प्रबंधक भी उपस्थित रहे। अधीक्षक, फार्मासिस्ट, एएनएम, आशा कार्यकर्ता व बीसीपीएम की महत्वपूर्ण भूमिका भी रही। परिवार नियोजन में ज्यादा महिला नसबंदी एवं अस्थाई संसाधन अंतरा इंजेक्शन पीपीईसीटी, कंडोम वितरण में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सेवा प्रदाताओं को शील्ड व प्रशस्ति पत्र लेकर सम्मानित किया गया। वहीं सब सेंटर मगरिया से यामिनी शक्ति व आशा, सुमन लता मिश्रा को सम्मानित किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैतपुर से डॉक्टर आशीष तिवारी को सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार मिला। इस दौरान बीके सिंह चौहान अपर मुख्यचिकित्सा अधिकारी व परिवार नियोजन के नोडल अधिकारी डॉ रमाकांत चौरया उपस्थित रहे।

# साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए दिया प्रशिक्षण

- एसपी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे

**महोबा। समृद्धि न्यूज**

बढ़ते साइबर अपराध के ग्राफ को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता की पहल पर जनपद स्तर पर लोगों को साइबर अपराध की जानकारी प्रदान किये जाने व साइबर अपराध घटना की रोकथाम हेतु ऑपरेशन ज्ञान कवच चलाया गया। साथ ही जनपद के समस्त थानो में साइबर हेल्प डेस्क की स्थापना के आदेश दिये गए है।

जिससे साइबर अपराध को रोका जा सके। एसपी अपर्णा गुप्ता द्वारा पुलिस लाइन स्थित सभाकक्ष में साइबर प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया, इस कार्यशाला में प्रशिक्षण प्रदान किये जाने हेतु जाने-माने साइबर एक्सपर्ट रक्षित टण्डन को आमंत्रित किया गया था। साइबर एक्सपर्ट द्वारा जनपद के थानों में गठित साइबर हेल्प डेस्क में नियुक्त पुलिस अधिकारियों/ कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। जिसमें विशेष रुप से बैंक फ्रॉड रोकने व सभी प्रकार के फ्रॉड के साक्ष्य संकलन करने के तरीके सहित डिजिटल एविडेंश व फिजिकल एविडेंश के साक्ष्य संकलन के वैज्ञानिक तरीके व विभिन्न एप्लिकेशन के माध्यम से साइबर अपराध रोकने व साइबर अपराध का खुलासा करने के सम्बन्ध में विशेष जानकारी दी गई। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि स्थानीय लोगो में साइबर अपराध के प्रति जागरुकता अभियान पूर्व की भांति निरंतर चलाये जाये। प्रत्येक व्यक्ति के पास स्मार्टफोन है प्रत्येक व्यक्ति सोशल मीडिया में होने के साथ-साथ यूपीआई का भी इस्तेमाल करते हैं। इसलिए साइबर अपराध की खतरों के बारे में जानकारी होने पर ही उनसे बचाव संभव है। शातिर अपराधी आपकी गोपनीय जानकारी हैक कर लेते है जो बैंक खाते तक पहुंचकर धोखाधड़ी को अंजाम देते है। इसलिए बचाव हेतु दोहरी सुरक्षा यदि कोई साइबर अपराध का शिकार हो तो तत्काल ऑनलाइन शिकायत दर्ज करने हेतु गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रदान की गयी वेवसाइट तथा साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर तत्काल फोन किये जाने सम्बन्धी आवश्यक जानकारियां दिए जाने के निर्देश दिए गए।



बैठक में जरूरी निर्देश देती एसपी।

कार्यशाला के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक सत्यम, समस्त क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारी, साइबर थाने में नियुक्त पुलिस कर्मी, थानों में स्थापित साइबर हेल्प डेस्क में नियुक्त समस्त पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# तहसील में भ्रष्टाचार को लेकर अधिवक्ताओं में आक्रोश

**महोबा। समृद्धि न्यूज**

- अधिवक्ताओं व लेखपाल के बीच चल रहा विवाद

जिले की तहसील कुलपहाड़ में व्याप्त भ्रष्टाचार और काम में लेट लतीफी से नाराज अधिवक्ता एसडीएम और तहसीलदर की कोर्ट का बहिष्कार कर रहे हैं। अधिवक्ता और लेखपाल के बीच पुनः विवाद हो गया जिससे अधिवक्ता भड़क गये और उन्होंने 16 जनवरी तक कर बहिष्कार बढ़ा दिया है कुलपहाड़ बार एसोसिएशन और तहसील प्रशासन के बीच विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है पूर्व से चल रहे विवाद में शुक्रवार को हुई घटना से विवाद और बढ़ गया। तहसील में पदस्थ लेखपाल से काम करने पहुंचे। अधिवक्ता के बीच विवाद हो गया। लेखपाल ने अधिवक्ता के साथ अभद्रता कर दी और उसे धमका दिया। जिससे नाराज अधिवक्ताओं ने लेखपाल को दौड़ा लिया ।बाद में तहसीलदार दिवाकर मिश्रा ने अधिवक्ताओं को आश्वासन दिया। तब जाकर अधिवक्ताओं का गुस्सा शांत हुआ। बाद में बार भवन में मीटिंग आयोजित की गई।

जिसमें यह निर्णय लिया गया की उप जिलाधिकारी एवं तहसीलदार न्यायालय के कार्य बहिष्कार को 16 जनवरी तक जारी रखा जाएगा। अधिवक्ताओं के कार्य बहिष्कार से वादकारियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।बता दें कि पूर्व में भी अधिवक्त और लेखपाल के बीच विवाद हो गया था।

## खबरें एक नजर में

### सरकारी भूमि को कराया गया कब्जा मुक्त

**इटावा।** जसवंतनगर एसडीएम के निर्देशन मे जसवंतनगर तहसील क्षेत्र अन्तर्गत सरकारी भूमि अनुमानित कीमत एक करोड रुपये पर अबैध रूप से कब्जे को राजस्व व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा कब्जा मुक्त कराया गया। उपजिलाधिकारी जसवंतनगर दीपशिखा के निर्देशन में तहसील प्रशासन व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा ग्राम नगली पसी मौजा अलाई मे सरकारी भूमि लगभग 10 बीघा को कब्जे से मुक्त कराया गया। इसके अतिरिक्त चारागाह के रुप में दर्ज सरकारी भूमि पर रछपाल यादव निवासी उपरोक्त द्वारा पक्की बाउंड्री वॉल व पक्का कमरा बनाया गया था जिसे तहसीलदार न्यायालय के धारा 67 राजस्व संहिता के अंतर्गत पारित निर्णय के आधार पर जेसीबी की मदद से हटवाकर सरकारी भूमि को अबैध कब्जे से मुक्त कराकर खाली कराया गया। इस दौरान तहसीलदार जसवंतनगर भूपेन्द्र सिंह, राजस्व निरीक्षक जसवंतनगर, कपिल दूबे प्रभारी जसवंतनगर, चौकी इंचार्ज धर्मेन्द्र थाना जसवंतनगर पुलिस व तहसील के अन्य कर्मचारीगण मौजूद रहें।

### फरार चल रहे दुष्कर्म के आरोपी के खिलाफ हुई कार्रवाई



**हमीरपुर।** दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे अभियुक्त के विरुद्ध थाना ललपुरा पुलिस द्वारा न्यायालय के आदेश के उपरांत सीआरपीसी 82 की कार्रवाई की गई है। थाना ललपुरा में पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या-106/2023 धारा 377/ 323/504 भादवि.से संबंधित अभियुक्त कमल काछी पुत्र मूलचंद काछी निवासी बड़ा कुपरा थाना जलालपुर जनपद हमीरपुर जो उपरोक्त मुकदमे में फरार चल रहा है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में आरोपी के विरुद्ध माननीय न्यायालय में की गई सार्थक पैरवी के फल स्वरूप न्यायालय सिविल जज (जू.डि) मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी द्वारा धारा 82 सीआरपीसी के आदेश निर्गत किए है। जिसका पालन करते हुए ललपुरा थाना पुलिस ने आरोपी के घर नोटिस चस्पा करने के साथ ही गांव में मुनादी की कार्यवाही की है।

### ताज ग्रुप की ओर से किया गया कम्बल वितरण

**मौदहा।** प्रदेश में पड़ रही भीषण सर्दी और क्षेत्र में पड़ रहे कोहरे और शीतलहर को देखते हुए ताज ग्रुप की ओर से एसडीएम की अध्यक्षता में दो हजार कम्बल वितरण किए गए जिसमें कस्बे के सभी वार्डों सहित आसपास के गांवों के लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। कस्बे के मोहल्ला हुसैनगंज स्थित ताज ग्रुप के मोहम्मद वसीम और उनके बड़े भाई डा.मोहम्मद नसीम की ओर से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कम्बल वितरण किया गया जिसकी शुरुआत एसडीएम राजेश कुमार ने कम्बल बांट कर की। जिसमें ताज ग्रुप के डा.मोहम्मद नसीम,मोहम्मद वसीम, मोहम्मद नोमान,मोहम्मद यजदान,हाजी जावेद अख्तर,व्यापार मण्डल के अनिल अग्रवाल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।इस दौरान सैकड़ों लोगों की भीड़ उमड़ी रही और उन्हें सर्दी से बचाव के लिए कम्बल वितरण किए गए।इस दौरान एसडीएम ने कहा कि यह बड़ा ही पुनीत कार्य है और ऐसे कार्य करना चाहिए।जबकि ताज ग्रुप के मोहम्मद वसीम ने बताया कि वह हर साल कम्बल वितरण करते है।

## जनपदीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता 19 जनवरी को

**हमीरपुर।** राजकीय स्पोर्टस स्टेडियम में जनपदीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन आगामी 19 जनवरी को किया जाएगा। जूनियर वर्ग 14से 16 वर्ष के बालक बालिकाएं प्रतिभाग कर सकेंगी। इसके साथ ही एथलेक्सि फेडरेशन ऑफ इण्डिया की तरफ से 19वीं नेशनल इण्टर डिस्ट्रिक्स जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता 2024 को अहमदाबाद गुजरात में 16 फरवरी से 18 फरवरी को आयोजित होगी। उपरोक्त प्रतियोगिता में 60 मी0, 600 मी. 80 मी. हैडल लम्बी कूद, ऊची कूद, शाटपुट, डिस्कस थ्रो, जेवलिन थ्रो, बैंक थ्रो, खेलो का आयोजन होगा। प्रतियोगिता के लिए खिलाडियों का चयन क्रीड़ा अधिकारी ब्रजेश सोनी करेंगे।जिला एथलेटिक्स एसोसिएन के सचिव सार्थक द्विवेदी ने समस्त खिलाडियों को अपना जन्म प्रमाण पत्र जो कि नगर पालिका मुरिंपल कारपोरेशन/ डिस्ट्रिक्स एण्ड मिनिस्ट्रेशन / हाईस्कूल रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र स्टेडियम में 19 जनवरी को लाने की अपील की है।

# संयुक्त टीम का चेकिंग अभियान चला 15 ओवरलोड ट्रक किए सीज



**हमीरपुर। समृद्धि न्यूज**

शहर के कानपुर सागर नेशनल हाईवे पर शनिवार को संयुक्त टीम ने ओवर लोडिंग के खिलाफ अभियान चलाया गया। अधिकारियों ने चेकिंग दौरान 15 ओवरलोड ट्रकों को सीज किया और कुछ ट्रकों का ई-चालान किया है। उधर, लगातार प्रशासन की सख्ती के चलते गिट्टी व मौरंग कारोबारियों की बेचैनी बढ़ा दी है। ओवरलोड परिवहन के खिलाफ जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय के सख्त निर्देशन के पश्चात शनिवार को एआरटीओ अमिताभ राय, खनिज अधिकारी वशिष्ठ यादव की संयुक्त टीम ने कानपुर सागर नेशनल हाईवे 34 लक्ष्मीबाई तिराहा में चेकिंग अभियान में मौरंग से भरे ओवरलोड 15 ट्रकों को सीज किए हैं।

# समाधान दिवस पर सुनी फरियादियों की समस्याएं

- एसपी ने शिकायतों के निस्तारण के संबंधित को दिए निर्देश

**चरखारी, महोबा समृद्धि न्यूज**




समस्याएं सुनती एसपी अपर्णा गुप्ता।

पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता द्वारा थाना चरखारी व थाना खरेला में मौजूद रहकर थाना समाधान दिवस के अवसर पर जनसुनवाई की गयी। इस दौरान फरियादियों से उनकी समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना गया। जिसके क्रम में उनकी समस्याओं के समाधान हेतु वहां मौजूद संबंधित राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों की संयुक्त टीम गठित करते हुये मौके पर जाकर शिकायतों का शत प्रतिशत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर पुलिस व राजस्व विभाग की संयुक्त टीमों को निर्देशित किया गया कि प्राप्त हुयी सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण तथा शिकायतकर्ता की संतुष्टि के आधार पर किया जाये, इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही न की जाए जिससे आमजनमानस को बिना वजह परेशान होना पड़े। पुलिस व प्रशासन के राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने सर्किल / थाना पर थाना समाधान दिवस आयोजित कर जनता की समस्याओं को सुना गया तथा प्राप्त प्रार्थना पत्रों की जांच करते हुए उनके त्वरित व विधिक निस्तारण हेतु संयुक्त टीम बनाकर मौके पर जाकर शिकायतों का शत प्रतिशत निष्पक्ष निस्तारण कराने हेतु निर्देशित किया गया।

# कोर्ट ने लुटेरे को सुनाई तीन वर्ष कारावास की सजा

**इटावा। समृद्धि न्यूज**

- पुलिस की प्रभावी पैरवी के चलते अभियुक्त को न्यायालय ने 3 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाकर 5 हजार का लगाया अर्थदंड

जनपद में अपराध व अपराधियों के विरुद्ध वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा संजय कुमार द्वारा चलाये जा रहे अभियान के क्रम में एवं अपर पुलिस अधीक्षक नगर के नेतृत्व में थाना सिविल लाइन व मानीटरिंग, पैरवी सैल की प्रभावी पैरवी के चलते लूट करने वाले अभियुक्त को न्यायालय इटावा ने 3 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई तथा 5 हजार रूपये का अर्थदंड दिया। विगत 25 जुलाई 2008 को वादी राजीव वर्मा पुत्र राम अवतार वर्मा निवासी किदवई नगर सिंह पुरा जनपद एटा द्वारा थाना सिविल लाइन इटावा पर अज्ञात अभियुक्तों के विरुद्ध उसकी पत्नी कल्पना वर्मा तथा उससे10 हजार रुपये व गहने लूटने के संबंध मे लिखित तहरीर दी गयी थी। तहरीर के आधार पर थाना सिविल लाइन पर मुकदमा धारा 392 पंजीकृत किया गया था।

उक्त प्रकरण के सम्बन्ध में विवेचना अधिकारी थानाध्यक्ष वैदपुरा एसएस परिहार द्वारा दौराने विवेचना साक्ष्य संकलन के आधार पर अभियुक्त नीलेश पुत्र जगर सिंह निवासी परसौआ थाना जसवंतनगर इटावा के विरूद्ध आरोप पत्र न्यायालय इटावा के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा के निर्देशन में प्रकरण की प्रभावी पैरवी कराते हुए थाना सिविल लाइन पुलिस टीम पैरोकार का. अमित कुमार एवं मानीटरिंग सैल व एडीजीसी गौरव दीक्षित द्वारा प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए समयानुसार समस्त गवाहों व अन्य साक्ष्यों को न्यायालय इटावा के समक्ष प्रस्तुत करते हुए प्रभावी एवं सख्त पैरवी की गयी जिसके परिणामस्वरुप उक्त अभियोग से संबंधित अभियुक्त को आज न्यायालय स्पेशल जज डकैती कोर्ट सं. 7 इटावा ने 3 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई तथा 5 हजार रूपये का अर्थदंड दिया।

## कामयाबी का श्रेय अपने दादा को दिया

**मौदहा।** कस्बे सहित क्षेत्र में मेधावियों की कमी नहीं है और अक्सर मेधावी अपनी प्रतिभा दिखा देते हैं।ऐसी ही एक बेटी ने यूपीएससी परीक्षा में सातवीं रैंक हासिल कस्बे सहित क्षेत्र का नाम रोशन कर दिया जिसको लेकर बधाईयों का सिलसिला शुरू हो गया है। कस्बे सहित क्षेत्र के जाने माने समाज सेवी अमरनाथ अवस्थी की नातिन और अनिल कुमार अवस्थी की पुत्री राधा अवस्थी ने जलशक्ति मंत्रालय की परीक्षा में अखिल भारतीय सातवीं रैंक हासिल कर कस्बे सहित क्षेत्र का नाम रोशन किया है।बचपन से ही राजधानी लखनऊ में पली बढ़ी राधा ने अपनी कामयाबी का श्रेय अपने दादा को दिया है।और उन्हीं की प्रेरणा से कामयाबी हासिल करने की बात कही है।



## जराखर गांव की गौशाला का विशेष सचिव ने किया निरीक्षण

**राठ।** क्षेत्र के जराखर गांव में बनी अस्थाई गौशाला का उप्र शासन के विशेष सचिव, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के शिव प्रसाद ने टीम के साथ निरीक्षण किया। इस दौरान गौशाला में मवेशियों के लिए किए गए इंतजाम से विशेष सचिव ने ग्राम प्रधान व सचिव की प्रशंसा की। जनपद में अवशेष निरक्षित गोवंश को शत प्रतिशत संरक्षित किए जाने तथा उनके भरण-पोषण करने के लिए किए जाने को लेकर नोडल अधिकारी नियुक्त किए हैं। शासन के आदेश पर नोडल अधिकारी गौ आश्रम केंद्रों का निरीक्षण करेंगे। इसी को लेकर शुक्रवार को उप्र शासन के विशेष सचिव, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के शिव प्रसाद ने जराखर गांव में स्थित गौशाला का निरीक्षण। इस दौरान उन्होंने गौशाला में मवेशियों की संख्या, पानी, भूसा, चारा, मवेशियों को ठंड से बचाव के लिए व्यवस्था, पशु चिकित्सा सेवाएं, केयरटेंकरों का निरीक्षण किया।

# पुलिस ने पकड़ा हत्यारोपी, घटना में प्रयुक्त सब्बल बरामद

**इटावा। समृद्धि न्यूज**

अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा संजय कुमार के पर्यवेक्षण में थाना भरथना पुलिस ने सगी बहन की गैर इरादतन हत्या के आरोपी भाई को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त लोहे का सब्बल बरामद किया।

वादिनी रामबेटी पत्नी मेम्बर निवासी नगला चमारीन सूजीपुर, भरथना द्वारा थाना भरथना पर सूचना दी गयी कि 10 जनवरी 2023 की रात्रि को उसके पुत्र संतोष व उसकी पुत्री गुड्डी के मध्य मारपीट हुई थी जिसमें उसके पुत्र संतोष ने उसकी बहन गुड्डी के सिर में चोट मार दी जिससे गुड्डी बेहोश हो गयी तथा अलाव की आग से जल गयी और उसकी मृत्यु हो गयी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा दिये गये निर्देशो के क्रम मे थाना भरथना पुलिस थाना क्षेत्रान्तर्गत भ्रमणशील थी। इसी दौरान आपराधिक अभिसूचना प्राप्त हुई ग्राम सूजीपुर में बहन की गैरइरादतन हत्या करना वाला आरोपी पाली बम्बा पुलिया पर खडा है सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए थाना भरथना पुलिस टीम ने आरोपी संतोष कुमार पुत्र मेम्बर निवासी नगला चमारीन सूजीपुर भरथना इटावा को पाली बम्बा पुलिया से गिरफ्तार किया। इस सफलता में देवन्द्र सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना भरथना, उ.नि. सरेश कुमार, का. शेखर, का. सोनवीर का सराहनीय योगदान रहा।




आरोपी की जानकारी देते एसएसपी।

**घटना** | बिवांर के एक गांव में लव जिहाद का मामला आया सामने

# मौलाना ने हिंदू महिला का धर्म परिवर्तन करा मुस्लिम युवक से कराया निकाह

- शादी का वीडियो वायरल होने पर महिला के पति ने पुलिस से की शिकायत

**हमीरपुर। समृद्धि न्यूज**

जिले के थाना बिवांर गांव में लव जिहाद का मामला सामने आया है। यहां एक मौलाना ने हिंदू महिला का धर्म परिवर्तन कराकर मुस्लिम युवक से उसका निकाह करा दिया। इस मामले में धर्म परिवर्तन कर शादी करने का वीडियो वायरल होने पर पहला पति पुलिस के चक्कर काट न्याय की गुहार लगा रहा है। इस मामले में पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए मामले की जांच पड़ताल कर महिला की बरामदगी में जुट गई है।



थाना मुस्करा के मसगांव निवासी मनीष गुप्ता का विवाह राठ कस्बा निवासी आकांक्षा से हुआ था। मनीष ने थाना बिवांर के छानी गांव में दुकान खोले था। वहीं किराए का मकान लेकर रहता था। इस बीच आकांक्षा की थाना ललपुरा के भुजपुर गांव निवासी अनीस खां से मित्रता हो गई। अनीस यहां के एक कॉलेज में बीएससी का छात्र है। पति मनीष ने बताया कि माह दिसंबर में पत्नी आकांक्षा अनीस के साथ गायब हो गई। इस मामले की रिपोर्ट छह दिसंबर को थाना बिवांर में में दर्ज कराई। पुलिस ने धारा 366 के तहत रिपोर्ट दर्ज की थी। पति का कहना है कि पुलिस ने पत्नी की खोजबीन में कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई। जबकि पत्नी और अनीस के मोबाइल लगातार ऑन भी रहे। जब-जब उसने पुलिस से मांगी उसे हर बार झिड़क दिया गया। अब अचानक से उसकी पत्नी का मुस्लिम रीति-रिवाज से निकाह कराए जाने का वीडियो वायरल हुआ है। जिसमें आरोपी अनीस भी दिख रहा है। वीडियो में मौलाना पत्नी का धर्म परिवर्तन कराकर अनीस से निकाह कराने की प्रक्रिया करते हुए दिखाई दिया। हालांकि वायरल वीडियो की दैनिक रेडिकल टाइम्स पुष्टि नहीं करता है। वीडियो वायरल होने के बाद पीड़ित पति मनीष ने फिर पुलिस अधिकारियों से कार्रवाई के लिए चक्कर लगा रहा है। इस मामले में थाना बिवांर थानाध्यक्ष राकेश सरोज का कहना है कि महिला के पति की तहरीर पर पूर्व में अपहरण की रिपोर्ट दर्ज की गई थी। जांच में पता चला कि महिला व अनीस का प्रेम प्रसंग चल रहा है। महिला को बरामद करने का प्रयास किया जा रहा है।

# कान्हा गौशाला की लापरवाही पर बिफरे जिलाधिकारी

- ईओ को नोटिस, जेई को प्रतिकूल प्रविष्टि और ठेकेदार पर कार्यवाही की चेतावनी
- एक वर्ष से ज्यादा समय होने के बाद भी पूर्ण नहीं हुआ गौशाला का निर्माण
- मुंह जबानी ज्यादतर गाटा संख्या बताने पर लेखपाल को मिला बैरीगुड

माधौगढ़ (जालौन)। समृद्धि न्यूज



**नगर पंचायत** माधौगढ़ द्वारा बन रही मींगनी में कान्हा गौशाला की लापरवाही पर जिलाधिकारी के तेवर सख्त हो गए। 1 साल से ज्यादा होने के बावजूद भी गौशाला के निर्माण न होने पर डीएम ने ईओ, जेई और ठेकेदार के खिलाफ कार्यवाही करने का फरमान जारी कर दिया।

जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय माधौगढ़ थाना समाधान दिवस में गौशालाओं की समीक्षा कर रहे थे, तभी नगर पंचायत गौशाला की शून्य स्थिति को देखकर ईओ अमित नायक को स्पष्टीकरण नोटिस,जेई को प्रतिकूल प्रविष्ट दी गयी। वहीं ठेकेदारों को एक माह के अंदर निर्माण ठीक न होने पर ब्लैकलिस्टेड करने की चेतावनी भी दी गयी। बीडीओ को प्रति माह निरीक्षण के आदेश दिया। समाधान दिवस में दो फरियादियों की समस्या का तत्काल निस्तारण करा दिया गया। वहीं लेखपालों से डिवाइस पर आय-जाति प्रमाण पत्रों की रिपोर्ट देखी। लेखपाल मंसूर खान से नक्शा दिखाकर कई गाटा संख्या की जानकारी मांगी तो लेखपाल द्वारा ज्यादातर गाटा संख्या के बारे में बता दिया। जिस पर डीएम ने बैरीगुड कहकर लेखपाल की तारीफ की। डीएम ने तहसीलदार अमित शेखर और बीडीओ रमेश चंद्र शर्मा को मकर संक्रांति के पर्व को देखते हुए पंचनद की व्यवस्था को देखने का आदेश भी दिया। इस दौरान डीएम ने निराश्रित महिला श्रीदेवी और उसके बेटे को व्यवस्थित करने को कहा। समाधान दिवस के दौरान एसपी ईरज राजा, तहसीलदार अमित शेखर, बीडीओ रमेश चंद्र शर्मा, इंस्पेक्टर अखिलेश द्विवेदी, एसएसआई एनएल सिंह, लेखपाल मंसूर खान, मनीष आर्य, कल्पना आदि रहे।

### 25 गांवों में होगा राजस्व समिति का गठन

**माधौगढ़।** जिलाधिकारी की पहल पर मिलजुमला नम्बरों के लिए गांव में ही पायलट प्रोजेक्ट के तहत सहमति से वादों का निपटारा किया जाएगा। जिसके लिए गांव में राजस्व समिति का गठन किया गया है। प्रदेश में यह पहला ट्रायल जालौन जिलाधिकारी की पहल पर हुआ है, जिसके लिए डीएम ने पूरे जिले में 25 गांवों का चयन किया है। अगर इसको सफलता मिल गयी तो लोगों का धन, समय और आपसी विवाद बचने लगेगा।

# डीएम ने थाना नगर एवं देहात में सुनी फरियादियों की शिकायतें

- समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण का दिया निर्देश

बलरामपुर। समृद्धि न्यूज



**माह** के दूसरे शनिवार पर थाना समाधान दिवस पर जिलाधिकारी अरविंद सिंह द्वारा कोतवाली बलरामपुर नगर एवं थाना कोतवाली देहात में फरियादियों की शिकायतें धन्यानपूर्वक सुनी गई। इस दौरान एसपी केशव कुमार मौजूद रहें। इस दौरान डीएम सिंह द्वारा मौके पर ही वादी एवं प्रतिवादी में समझौता करते हुए कई शिकायतों का निस्तारण कराया गया। उन्होंने कहा की कानून व्यवस्था की दृष्टि से संवेदनशील किसी भी विवाद/ मामलों को गंभीरता से लिया जाए एवं तत्काल त्वरित प्रभावी कारवाही किया जाए। ऐसे सभी विवाद जो आपसी समझौते,बातचीत एवं तथ्यों के आधार पर सुलह के योग्य हो विशेष प्रयास करते हुए निस्तारित कराया जाए। लेखपाल, कानूनगो, पुलिस एवं सचिव की संयुक्त टीम द्वारा ग्रामस्तर पर ही जमीन से जुड़े विवादों का निस्तारण किया जाए। उन्होंने थाना दिवस में आने वाली शिकायतों का निर्धारित समयावधि के भीतर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा की थानों में आने वाले जनमानस से अच्छा व्यवहार किया जाए। उन्होंने कहा की थानों में आने वाले महिला संबंधी अपराधो पर अतिसक्रियता दिखाते हुए कारवाही की जाए। इस दौरान एसडीएम सदर राजेंद्र बहादुर,सीओ सिटी व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### घने कोहरे में रेलवे ट्रैक पार करते ट्रेन की टक्कर से एक छात्रा की मौत

**उरई (जालौन)।** शनिवार को घने कोहरे की कारण दर्दनाक रेल हादसा हो गया जहां कोचिंग पढ़ने जा रही हाईस्कूल की दो छात्राएं रेलवे ट्रैक पार करते समय ट्रेन की चपेट में आ गई जिसमें एक छात्र की मौके पर मौत हो गई जबकि दूसरी गंभीर रूप से घायल हो गई हादसे की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोग पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे घायल छात्र को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया वहीं पुलिस ने हादसे में मरने वाली छात्रा के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार उरई कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले राठ रोड रेलवे क्रॉसिंग व अजनारी रोड क्रासिंग के बीच का है। बताया गया है कि डकोर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम ऐर निवासी राजकुमार उर्फराजू की 17 वर्षीय पुत्री काजोल हाईस्कूल की छात्रा थी जो उरई के मोहल्ला इंदिरा नगर में किराए के कमरे में रहकर पढ़ाई कर रही थी उसके मोहल्ले की सहेली दूसरी छात्रा बर्षा आयु 18 वर्ष पुत्री परशुराम निवासी मोहल्ला इंदिरा नगर उरई भी हाईस्कूल की पढ़ाई कर रही थी और दोनों एक साथ रोज की तरह हाईस्कूल की कोचिंग के लिए पैदल स्टेशन रोड होते हुए कोचिंग जाती थी शनिवार सुबह भी दोनों पैदल घर से कोचिंग के लिए साढ़े छह बजे के लगभग निकली थी। इस दौरान रास्ते में जब दोनों छात्राएं झांसी कानपुर रेल मार्ग स्थित राठ रोड रेलवे क्रॉसिंग अजनारी रेलवे क्रॉसिंग के बीच गांधी आश्रम के सामने रेलवे ट्रैक को पार कर रही थी तभी घना कोहरा होने की वजह से दोनों वहां से निकलने वाली ट्रेन को देख नहीं सकी और दोनों छात्र ट्रेन की चपेट में आ गई जिसमें मौके पर ही काजोल की मौत हो गई जबकि बरसा गंभीर रूप से घायल हो गई इस घटना को देख आसपास के लोग मौके पर पहुंचे जिन्होंने तत्काल हादसे की सूचना पुलिस को दी पुलिस ने तत्काल गंभीर छात्र को देख अस्पताल पहुंचाया जहां पर काजोल को डॉक्टर द्वारा मृत्यु घोषित कर दिया गया वहीं वर्षा की नाजुक हालत देख कानपुर रेफर किया गया जैसे ही उक्त हादसे की खबर परिजनों को मिली तो पूरे परिवार में कोहराम मच गया।

### लगामपुरा में छात्रों ने रैली निकाल ग्रामीणों को किया मतदान के लिये जागरूक

**जालौन (उरई)।** शत प्रतिशत मतदान के उद्देश्य को लेकर राजकीय हाईस्कूल लगामपुरा के विद्यार्थियों ने गांव में रैली निकालकर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया। इस समय लोकतंत्र के महापर्व में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में राजकीय हाईस्कूल लगामपुरा के छात्रों ने स्वीप कायक्रम के अंतर्गत गांव में रैली निकाली। रैली के माध्यम से बच्चों ने गांव के लोगों को समझाया कि लोकतंत्र में मतदान का सर्वाधिक महत्व है। आप अपने मत का प्रयोग कर लोकतंत्र के इस महापर्व में प्रत्यक्ष रूप से भागीदारी निभा सकते हैं। इसलिए कोई भी मतदाता अपने मत से वंचित न रहे। बच्चों ने परिवार के लोगों के साथ ही गांव के लोगों को भी मतदान के महत्व के बारे में समझाया और आने वाले चुनावों में शत प्रतिशत मतदान करने क अपील की। इस दौरान छात्र वोट फॉर कंट्री, मतदान का करें प्रयोग, सरकार बनाने में करें सहयोग आदि नारे लगाते हुए चल रहे हैं। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य जयदेव नगायच, गौरव गोयल, अमित कुमार व उमेश वर्मा ने बताया कि जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है ताकि मतदान का प्रतिशत शत प्रतिशत हो सके और लोकतंत्र में लोग अपनी भूमिका को पहचान सकें।

### उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ थाना समाधान दिवस

**श्रीदत्तगंज, बलरामपुर।** मॉडर्न थाना श्री दत्त गंज मे उपजिला अधकारी उतरौला अवधेश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित थाना समाधान दिवस पर पांच प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ, शिकायतकर्ताओं के समस्याओं को सुना गया तथा राजस्व पुलिस विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों को टीम बनाकर मौके पर जाकर शिकायत को गंभीरता से लेकर सत्य प्रतिशत निष्पक्ष निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया, उप जिला अधिकारी द्वारा उपस्थित समस्त पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि समाधान दिवस में प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का निस्तारण राजस्व विभाग व पुलिस टीम बनाकर शीघ्र ही निस्तारण कर दिया जाएगा।

### थाना समाधान दिवस में महज पांच शिकायतें आयीं

**कालपी (जालौन)।** शनिवार को तहसीलदार की अध्यक्षता मे समाधान दिवस का आयोजन हुआ जिसमें महज 5 शिकायतें आई है। शासन ने जमीनी विवादों के त्वरित निस्तारण के लिए माह के द्वितीय एवं चतुर्थ शनिवार को थाना स्तर पर समाधान दिवस की शुरूआत की है जिसके तहत शनिवार को तहसीलदार शेर बहादुर सिंह व कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कामता प्रसाद ने समस्याओं को सुना। इस मौके पर नगर के मुहल्ला हरीगंज निवासी पियूष पुरवार ने शिकायत दर्ज कराते हुये बताया कि उसका एक प्लाट घर के पास मौजूद है और जिसके सभी वैध दस्तावेज उसके पास उपलब्ध है पर पड़ोसी नूरूददीन उस पर निर्माण नही करने दे रहा है। इस पर तहसीलदार ने दूसरे पक्ष से प्लाट के बैध दस्तावेज मांगे है और 24 घंटे में उपलब्ध न कराने पर निर्माण में हस्तक्षेप न करने की नसीहत दी है। वही अन्य समस्याओं मे भी उन्होंने राजस्व निरीक्षक तथा पुलिस को शिकायतों के त्वरित तथा गुणवत्ता पूर्वक निस्तारण के निर्देश दिये है। इस मौके पर राजस्व निरीक्षक, लेखपाल प्रमोद दुबे, सदर लेखपाल जीतेंद्र यादव, दयाशंकर सहित थाना क्षेत्र के समस्त राजस्व कर्मी मौजूद रहे।

### शासन की लाभकारी योजनाओं से लोगों को जागरूक करने की जरूरत

**कालपी (जालौन)।** शनिवार को नगर पालिका परिषद कालपी के प्रांगण में विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम का आयोजन पूर्व विधायक नरेंद्र पाल सिंह जादौन की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। इस दौरान शासन के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को जानकारियां देकर जागरूक किया गया। पालिका भवन के परिसर में आयोजित विकसित भारत कार्यक्रम में उप जिलाधिकारी हेमंत पटेल ने कहा कि शासन के द्वारा जनता के हितों के लिए तमाम प्रकार की लाभकारी योजनाओं को चलाया जा रहा है। योजनाओं के लिए सभी को जागरूक रहने की जरूरत है। कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद कालपी के अध्यक्ष अरविंद सिंह यादव अध्यक्ष, भाजपा के वरिष्ठ नेता अशोक बाजपेई, नगर अध्यक्ष भाजपा अमित पांडेय, वरिष्ठ समाजसेविका योगिनी रजनी पाल, सत्येंद्र सिंह चौहान, पालिका के सभासद, नगर से पालिका के अधिकारी कर्मचारी गण एवं एवं सरकार की संचालित विभिन्न योजनाओं से संबंधित विभागों के अधिकारी कर्मचारी का उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में शिक्षाविद शैल बिश्नोई के नेतृत्व में सर्वोदय इंटर कॉलेज की छात्राओं वैष्णवी एवं प्रियांशी देवी ने सर्वप्रथम सरस्वती मां सरस्वती की वंदना प्रस्तुत की। कुमारी प्रियांशी ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में उप जिलाधिकारी, पूर्व विधायक नरेंद्र पाल सिंह, अध्यक्ष नगर पालिका ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के उपलक्ष्य में अपने विचार रखें।

### 5 किलो राशन का दम हो गया अब खत्मः रीबू श्रीवास्तव

**सोनभद्र।** समाजवादी पार्टी कार्यालय पर शनिवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए सपा महिला प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रीबू श्रीवास्तव ने बताया कि जुमलेबाजों की सरकार भाजपा सरकार है इस सरकार में खोखले वादे ही केवल किए जाते हैं महिलाओं के किचन सामग्री से लेकर बेरोजगारी रोजगार महिलाओं की सुरक्षा के मुद्दों से भागती है यह भाजपा सरकार आज पूरा आम जनमानस को इसकी सच्चाई पता चल चुका है आने वाले दिनों में जनता अपने मतों से इसका जवाब देकर बताएगी खोखले नारे लगाए जाते हैं नारी वंदन नारी अभिनंदन जबकि उन्हीं के पदाधिकारी के साथ फोटो खींचने वाले अपराधी महिलाओं नारियों के साथ दुर्व्यवहार करते हैं उसके बाद भी उनके विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं हो पाती है यह दुर्भाग्यपूर्ण है आज पूरे प्रदेश में महिलाएं सुरक्षित नहीं है आए दिन किसी न किसी जगह की सूचनाओं सामने आ जाती हैं समाजवादी पार्टी की सरकार के प्रति महिलाओं का आकर्षण बढ़ रहा है।

# ग्राम पंचायत देवरिया मुबारकपुर में भारत संकल्प यात्रा का आयोजन



श्रीदत्तगंज, बलरामपुर। समृद्धि न्यूज

**ग्राम** पंचायत देवरिया मुबारक पुर में शनिवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदर विधायक पलटू राम ने केंद्र पर प्रदेश सरकार की योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को जानकारी दी। लोकगीत के माध्यम से ग्रामीणों को योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। विधायक पलटू राम ने कहा कि किसी भी देश के विकास का रास्ता गांव से गुजरता है। मोदी व योगी के नेतृत्व में गारंटी के साथ बिना किसी भेदभाव जानता को योजनाओं का लाभ मिल रहा है। इससे जनता व उनके गांवो का विकास तेजी से हो रहा है।वह दिन दूर जब प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हमारा देश विकसित देश के रूप में खड़ा होगा। योगी मोदी के नेतृत्व में जाति देखकर विकास नहीं किया जाता है। वह सबका साथ, सबका विकास,व सबका सम्मान के सिद्धांत पर कर रहे हैं। सदर विधायक पलटू राम ने कहा कि मोदी के नेतृत्व में देश शिखर पर जा रहा है। वही योगी के नेतृत्व प्रदेश सुशासन कायम हुआ व भ्रष्टाचार खत्म हुआ तो विकास का नया आयाम लिख रहा है। भाजपा मंडल ओम प्रकाश त्रिगुनायक ने अन्य प्रशान कराया। सभी ने देश की अखंडता व समराथता की शपथ ली। ने ग्रामीणों को जनकल्याणकारी योजनाएं व कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी। विभिन्न विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के लाभों के बारे में बताया ग्राम वासियों को शपथ दिलाया गया। इस अवसर पर सचिव रणजीत आजाद,मण्डल अध्यक्ष ओम प्रकाश त्रिगुनायक, चंदन मिश्रा, मौजूद रहे।

# श्री राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर की गई पीस कमेटी की बैठक



**श्रीदत्तगंज, बलरामपुर।** मॉडर्न थाना श्रीदत्तगंज में थाना प्रभारी अनिल कुमार दीक्षित की अध्यक्षता में श्री राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर 30 कमेटी की बैठक की गई, पीस कमेटी में आए संभ्रांत व्यक्तियों व प्रधान संघ के लोगों से स्वच्छता के बारे में जानकारी दी गई, कि सभी लोग साफ सफाई पर विशेष ध्यान दें अपने आसपास कूड़ा व कचरा ना फेंके, कूड़ा दान का ही प्रयोग करें, संदिग्ध व आपराधिक व्यक्तियों की पहचान होने पर पहचान होने पर तत्काल सूचना पुलिस को दें उपद्रोही व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी , मौके पर प्रेम प्रकाश जायसवाल मैथिली शरण जायसवाल भोपाल कौशल राहुल जायसवाल इरशाद खान प्रधान जगदंबा प्रधान हजारीलाल यादव प्रधान ज्लूफकार प्रधान निजामुद्दीन प्रधान निजामुद्दीन प्रधान वीर बहादुर प्रधान आर्य सम्मानित गण मौजूद रहे।

# पत्रकार संघ कार्यालय पर निःशुल्क खिचड़ी वितरण के साथ जरूरतमंद लोगों में बांटा कंबल

चोपन। समृद्धि न्यूज




**स्थानीय** टेंपू स्टैंड पर पत्रकार संघ चोपन की टीम ने हर शनिवार को गरीबों असहाय और जरूरतमंद लोगों को नर सेवा नारायण सेवा के तहत निःशुल्क खिचड़ी खिलाने का संकल्प लिया है। नए कर्म पथ की ओर बढ़ते पत्रकार संघ के इस सराहनीय कदम को क्षेत्रीय लोगों का भरपूर सहयोग मिल रहा है 4 नवंबर 2023 से लगातार सप्ताह के प्रत्येक शनिवार को पत्रकार संघ कार्यालय पर लोगों के सहयोग से खिचड़ी वितरण किया जा रहा है इस इग्यारहवें शनिवार 13 जनवरी को भी खिचड़ी वितरण किया गया जहां सर्वप्रथम नगर स्थित कैलास मंदिर में विराजमान हनुमान जी को भोग लगाकर कार्यक्रम शुरू किया गया तत्पश्चात जरूरतमंद लोगों को कंबल भी बितरण किया गया7इस दौरान नर सेवा नारायण सेवा के आयोजक मनोज चौबे ने कहा कि किसी भूखे को निवाला देना किसी पूजा, इबादत या अरदास से कम नही होता है पत्रकार संघ का यह प्रयास है कि नगर के लोगों के सहयोग से यह पुनीत कार्य भविष्य में भी निरंतर चलता रहे हमलोगों की कोशिश रहेगी कि जो लोग असहाय गरीब एवं दुखिया हैं उन तक भोजन जरूर पहुंचे। वहीं इग्यारहवें शनिवार को सहयोग करने वाले भारतीय मीडिया फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष सत्यदेव पांडेय ने बताया कि इस तरह का पुनीत कार्य करने से गजब की अनुभूति होती है मैं और भी समाजसेवियों से इस कार्यक्रम में सहयोग करने के लिए अपील करता हु ताकि यह कार्यक्रम निरंतर चलता रहे। इस अवसर पर सुनील तिवारी, दया सिंह, अमित सिंह एडवोकेट, ज्ञानेंद्र पाठक, उमेश सिंह,जितू सिंह, आई वी श्रीवास्तव, दिव्य विकास सिंह, कृपाशंकर पाण्डेय, सुरेश यादव, सद्दाम कुरैशी, विनित शर्मा,सिंह,दया सिंह,अमित सिंह, दिव्य विकास सिंह, राजेश अग्रहरी विकास दूबे, शाहिद हुसैन आदि मौजूद रहे।

### सीएचसी अधीक्षक केकराही का तबादला रूकवाने में मेडिकल माफियाओं ने बिछाए जाल

**सोनभद्र।** जी हां क्षेत्र में फैले झोलाछाप डॉक्टर और अवैध अस्पतालों व फर्जी पैथोलाजी सेंटरों के मकण जाल से पुरा इलाका है त्रस्त। वही केकराही सी एच सी अधीक्षक शुभम त्रिपाठी ऐसे सेंटरो के संचालकों के खिलाफ कार्यवाही करने के बजाय मलाई कटाने मे रहते है मस्त। नफानाजायज वाली मलाई का मोह इतना कि तबादला होने के बावजूद भी अधीक्षक की कुर्सी छोड़ने को तैयार नही हैं शुभम । सूत्रों की माने तो क्षेत्र में फैले स्वास्थ्य माफियाओं द्वारा केकराही सी एच सी अधीक्षक का तबादला रुकवाने के लिए सत्ता के गलियारे से होते हुए हर एक दावा खेला जा रहा है। क्योंकि सी एस सी केकराही के इर्द-गिर्द संचालित हो रहे अवैध मेडिकल पैथोलॉजी सेंटरो से अधीक्षक की कमाई लाखों मे हो जाती है। लोगों की माने तो एक समय में नोडल रहते हुए गुरु प्रसाद ने क्षेत्र में चल रहे अवैध पैथोलॉजी सेंटर हॉस्पिटल व झोलाछाप डॉक्टरों की कश के नकेल कस दी थी।

### लाक्षाकार लखेरा समिति की कार्यकारिणी गठित

**जालौन (उरई)।** लाक्षाकार लखेरा समाज युवा विकास समिति की कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें बृजेश लाक्षाकार को अध्यक्ष व रामजी को महामंत्री बनाया गया है। समाज में व्याप्त बुराइयों को दूर कर समाज में एकता बनाकर आगे बढ़ाने के लिए लाक्षाकार लखेरा समाज युवा विकास समिति की कार्यकारिणी का गठन किया गया है। नव गठित कार्यकारिणी में बृजेश लाक्षाकार अध्यक्ष, दीपक उपाध्यक्ष, रामजी महामंत्री, रत्नेश सहमंत्री, अमित कोषाध्यक्ष, अखिलेश आय व्यय निरीक्षक, युवराज सूचना मंत्री, सत्यम संगठन मंत्री तथा राहुल, महेंद्र कुमार, रामलखन को सदस्य बनाया गया है। कार्यकारिणी के गठन पर समाज के लोगों ने खुशी जाहिर की।


## कार्यालय ग्राम पंचायत नगरिया देवधरापुर वि0ख0 कमालगंज, फर्रु0

पत्रांकः मीमो /राज्य वित्त/15वां वित्त योजनान्तर्गत/ 2023-24 दिनांक 11/01/2024

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्य वित्त/15वां वित्त योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत नगरिया देवधरापुर विकास खण्ड कमालगंज जनपद फर्रुखाबाद द्वारा निम्न परियोजना में निर्माण सामग्री संदर्भित कार्य स्थल पर आपूर्ति हेतु दिनांक 12/01/2024 से 18/01/2024 तक की अपरान्ह 3-00 बजे तक सीलबंद निविदा आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 18/01/2024 को सायं 4:00 बजे अपरान्ह ग्राम पंचायत में प्रधान, सचिव, अवर अभियंता एवं उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 12/01/2024 से 18/01/2024 तक अपरान्ह 2-00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत से रु0 500.00 अदा करने पर प्राप्त की जा सकती है।

| क्रं. | कार्य का नाम | मद | सामग्री का विवरण | स्वीकृत प्राकलन के अनुसार सामग्री की लागत (रु0 लाख में) | जमानत धनराशि 2 प्रतिशत रु0 | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | सचिवालय में इंटरलाकिंग कार्य | राज्य वित्त 15वां वित्त | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 2.38 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्तेः-** ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

**प्रधान (कुंवर पाल) सचिव (अंजली प्रजापति)**
**ग्राम पंचायत नगरिया देवधरापुर, विकास खण्ड कमालगंज, फर्रुखाबाद।**

## कार्यालय ग्राम पंचायत रिवई, विकास खंड चरखारी (महोबा)

**निर्माण आपूर्ति सामग्री हेतु अल्पकालिक निविदा सूचना**

पन्द्रहवां वित्त/पंचम वित्त/मनरेगा/ वर्ष 2023-24 के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य कराने जाने हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु विभागों के पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 14.01.2024 से 20.01.2024 तक सीलबंद निविदाएं आमंत्रित की जायेगी व उसी दिन अपरान्ह 3 बजे उपस्थित निविदादाताओं/ प्रतिनिधियों व समिति के समक्ष सीलबंद निविदायें खोली जायेंगी। निविदा शुल्क -100 रुपये

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनु. लागत लाख में | निविदा मूल्य | अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | ग्रा. पं. रिवई में रामस्वरूप श्रीवास के मकान से गिरजा कुशवाहा के मकान तक भूमिगत नाली निर्माण कार्य। | 104462.00 | 100 | 1 माह |
| 2. | ग्रा. पं. रिवई में हल्के सेन के मकान से दिलीप अहिरवार के मकान तक दोनो तरफ यू-टाईप नाली निर्माण कार्य। | 320980.00 | 100 | 1 माह |
| 3. | रिवई में कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय की बाउड्रीवाल एवं मेन गेट निर्माण कार्य। | 28890.00 | 100 | 1 माह |

**शर्तेः-** 1. ठेकेदारों आपूर्तिकर्ता बिक्रीकरण विभागों के साथ-साथ किसी राजकीय विभागों में पंजीयन होना चाहिये। 2. निविदा प्रपत्र के साथ 100 रुपये के स्टाम्प पेपर/रसीदी टिकट हस्ताक्षर संलग्न करना होगा। 3.निविदादाता धरोहर राशि के एवज में एनएसएसी/एफडीआर संलग्न करना होगा। 4. निविदा स्वीकृत,अस्वीकृत व निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। शासकीय टैक्स नियमानुसार काटा जायेगा।

**ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत रिवई, विकास खण्ड चरखारी**
**ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्राम पंचायत रिवई, विकास खण्ड चरखारी**

## कार्यालय ग्राम पंचायत सोहजना, विकास खंड चरखारी (महोबा)

**निर्माण आपूर्ति सामग्री हेतु अल्पकालिक निविदा सूचना**

पन्द्रहवां वित्त/पंचम वित्त/मनरेगा/ वर्ष 2023-24 के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य कराने जाने हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु विभागों के पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 14.01.2024 से 20.01.2024 तक सीलबंद निविदाएं आमंत्रित की जायेगी व उसी दिन अपरान्ह 3 बजे उपस्थित निविदादाताओं/ प्रतिनिधियों व समिति के समक्ष सीलबंद निविदायें खोली जायेंगी। निविदा शुल्क -100 रुपये

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनु. लागत लाख में | निविदा मूल्य | अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | नाली निर्माण कार्य सुरेश अहिरवार के मकान से रामपाल के बेड़ा तक | 363401.00 | 100 | 1 माह |
| 2. | विष्णु पाल के मकान से मैन रोड तक सी.सी. रोड और साईडवाल निर्माण कार्य। | 169312.00 | 100 | 1 माह |
| 3. | रामआसरे के मकान से नीरज पाल के घर तक सी.सी. रोड और साईडवाल निर्माण कार्य। | 229765.00 | 100 | 1 माह |

**शर्तेः-** 1. ठेकेदारों आपूर्तिकर्ता बिक्रीकरण विभागों के साथ-साथ किसी राजकीय विभागों में पंजीयन होना चाहिये। 2. निविदा प्रपत्र के साथ 100 रुपये के स्टाम्प पेपर/रसीदी टिकट हस्ताक्षर संलग्न करना होगा। 3.निविदादाता धरोहर राशि के एवज में एनएसएसी/एफडीआर संलग्न करना होगा। 4. निविदा स्वीकृत,अस्वीकृत व निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। शासकीय टैक्स नियमानुसार काटा जायेगा।

**ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत सोहजना, विकास खण्ड चरखारी**
**ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्राम पंचायत सोहजना, विकास खण्ड चरखारी**


**सच्चाई** — नाला निर्माण कार्य की मस्टररोल भी फर्जीवाड़े की सच्चाई को किया उजागर

# द्वारकापुरी नाले की खुदाई करती जेसीबी मशीन का वीडियो वायरल

कालपी (जालौन)। समृद्धि न्यूज




**विकासखंड महेवा** विकास के मामले में भले ही कोसों दूर हो लेकिन भ्रष्टाचार में हमेशा से ही सुर्खियों में रहता है। ग्राम दमरास में बिना सीसी डलवाए 16 लाख 33 हजार रुपए के गबन को लोग अभी भूले भी नहीं हैं। विकासखंड महेवा के भ्रष्टाचार का एक नया मामला ग्राम मंगरौल से सामने आया है ग्राम मंगरौल के मजरा द्वारकापुरी में नाला एवं पुलिया का निर्माण मनरेगा योजना से हो रहा है। इसकी मस्टररोल भी भरी जा रही हैं। इसी नाले से संबंधित एक वीडियो सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है उक्त वीडियो में मजरा द्वारकापुरी के नाले की खुदाई मजदूरों से न हो करके जेसीबी मशीन द्वारा साफतौर पर देखी जा सकती है। ग्रामीण अगर विकासखंड अधिकारी को किसी प्रकरण की जानकारी देता है तो खंड विकास अधिकारी द्वारा संज्ञान लेने की बजाए सूचना देने वाले को ही अधिकारियों से निजी खुन्नस रखने वाला घोषित कर देते हैं। खंड विकास अधिकारी की इस कार्यप्रणाली से शायद वीडियो बनाने वाला परिचित था। इसीलिए वायरल वीडियो लोकेशन कैमरे से बनाया गया है जिसमें लोकेशन के साथ दिनांक और समय भी साफतौर पर दिख रहे हैं। नाला निर्माण कार्य की मस्टररोल भी इस फर्जीबाड़े की सच्चाई को उजागर करती है। क्योंकि फर्जी एवं निराधार मास्टर रोल में जो मजदूर दर्शाए गए हैं उनमें से एक मजदूर टीबी रोग से ग्रसित है एवं लगभग दो महीने पूर्व बाबई एवं कालपी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सा सेवा ले रहा है। निश्चय पोर्टल पर इस मजदूर की आईडी भी बनी है। सूत्रों के अनुसार मनरेगा योजनान्तर्गत कार्यों की अगर गहनता से जांच की जाए तो बड़े घोटाला से इनकार नहीं किया जा सकता क्योंकि यहां पर मनरेगा में लगातार ऐसे मजदूरों की मस्टररोल भरी जाती है जिनका मजदूरी से नाता कोसों दूर तक नहीं है। कुछ लोग दूसरे शहरों में प्राइवेट नौकरी करते हैं उनका नाम भी फर्जी तरीके से मस्टररोल में भरकर धन उगाही का काम निर्बाध रूप से चल रहा है। मशीनों से काम को अंजाम देकर फर्जी मनरेगा मस्टररोल भरी जाती है एवं जॉब कार्ड धारक को औने पौने दाम देकर बाकी रकम का बंदरबांट कर लिया जाता है। सूत्रों की माने तो ब्लॉक स्तर से लेकर जिले स्तर तक कमीशन पहुंचाया जाता है। मंगरौल के एक ग्रामीण ने लगभग दो महीने पहले जिलाधिकारी को ईमेल द्वारा गर्भवती महिला से मजदूरी करने एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी में प्रसव के दिवस भी महिला मजदूर से मजदूरी की शिकायत करके मनरेगा कार्यों में हो रहे फर्जीवाड़े से अवगत कराया था। इस ईमेल का जिलाधिकारी द्वारा तत्काल संज्ञान लेकर मनरेगा से संबंधित जिले के शीर्ष अधिकारी को इसकी जांच करने हेतु निर्देश दिया गया था। परंतु अभी तक जांच न होना जिले तक कमीशन पहुंचने की बात की सार्थकता को हवा देता है।

# कारागार एवं होमगार्ड मंत्री ने निरुद्ध बंदियों से किये सीधा संवाद

- मंत्री ने बंदियों की सुनी मन की बात, सभी को अच्छा जीवन जीने के लिए किया प्रेरित

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़**





**कारागार** एवं होमगार्ड स्वतंत्र प्रभार मंत्री धर्मवीर प्रजापति के जेल में आने पर बंदियों में काफी उत्साह और खुशी देखने को मिली। शनिवार को अनौगी स्थित जिला कारागार पहुंचे कारागार एवं होमगार्ड विभाग राज्यमंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) धर्मवीर प्रजापति ने जेल में निरूद्ध बंदियों से सीधा संवाद किया। इससे पहले मंत्री को कारागार के मुख्य द्वार पर गार्ड ऑफआनर दिया गया। प्रभारी अधीक्षक/कारापाल विजय कुमार शुक्ला ने मंत्री का पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत किया।

इस दौरान मंत्री द्वारा सभी बंदियों (पुरूष व महिला) को हनुमान चालीसा एवं सुन्दरकाण्ड का वितरण किया गया। महिला बैरक में निरूद्ध सभी महिला बंदियों को दैनिक प्रयोग में लायी जाने वाली वस्तुओं की किटे व उनके साथ रह रहे बच्चों को गरम वस्त्र व बिस्कुट, टाफी, चिप्स आदि वितरित किये। कारागार में निरूद्ध ऐसे बंदी जिनके परिजन उनसे मिलने नहीं आते है, उनको सर्दी से बचाने हेतु कम्बल बांटे। सांसद सुब्रत पाठक व जिलाध्यक्ष वीर सिह भदौरिया ने भी बंदियों से संवाद किया। कारागार में निरूद्ध बंदियों द्वारा 22 जनवरी को दीपोत्सव हेतु बनाएं जा रहे दीपक तथा भजन, कीर्तन आदि किये जा रहे थे। मंत्री द्वारा बंदियो के सर्वांगीण विकास हेतु मानस व गीता के वचनों के माध्यम से सहज भाव से प्रस्तुत करते हुये उनका अनुसरण करने का उपदेश दिया गया। उन्होंने बंदियों के बहुमुखी कल्याण, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के अन्तर्गत व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान करने तथा बंदियों को समाज की मुख्य धारा से जोडने तथा बंदियो के जीवन में उन्नति के सम्बन्ध में उनका सहयोग प्रदान किये जाने का आश्वासन दिया गया। इस मौके पर डा शरित दुबे, प्रभारी अधीक्षक विजय कुमार शुक्ला, उपकारापाल आशादेवी पाण्डेय, उपकारापाल उर्मिला सिंह, तथा प्रभारी मुख्य कार्यालय पंकज कुमार, जेल वार्डर कुलदीप कुमार पाण्डेय, इन्द्रमणि सिंह चौधरी, अजीत कुमार, संजीव कुमार सहित सभी प्रशासनिक कर्मचारी रहे।

# पत्रकार के निधन से मीडिया कर्मियों व जनप्रतिनिधियों में शोक व्याप्त

**समधन, समृद्धि न्यूज**



पत्रकार असलम हुसैन की फाइल फोटो

**काफी लम्बे** समय से एक प्रतिष्ठित अखबार की निष्पक्ष पत्रकारिता करने वाले कलम नबीस की हृदय गति रुकने से अचानक निधन हो गया जिससे परिजनों में कोहराम मच गया जनप्रतिनिधियों व पत्रकारों ने उनके आवास पर पहुंचकर परिजनों से शोक संवेदनाएं व्यक्त की गई।

कस्बा समधन के मोहल्ला सैय्यदबाड़ा निवासी 55 वर्षीय असलम हुसैन जो की काफी समय से अस्थमा मर्ज से पीड़ित थें शनिवार सुबह 6 बजें अचानक हृदय गति रुकने से निधन हो गया जिससे नगर सहित क्षेत्र के मीडिया कर्मियों में शोक की लहर दौड़ गई। दिवंगत पत्रकार असलम हुसैन एक प्रतिष्ठित समाचार पत्र में लंबे कार्यकाल तक अपनी सेवाएं देने वाले अनुभवी एवं ईमानदारी की अलग पहचान रखने वाले पत्रकार का निधन होने से समाजसेवी व जनप्रतिनिधियों सहित पत्रकारों ने दिवंगत पत्रकार के परिजनों से शोक संवेदनाएं व्यक्त की हैं। इस अवसर पर नगर पंचायत समधन चेयरमैन प्रतिनिधि अखलाक हुसैन सिद्दीकी, कांग्रेस पार्टी के प्रदेश सचिव विजय मिश्रा, डाक्टर जहीर अहमद,कलीम खान, युवा समाजसेवी व वसपा नेता सैय्यद अहमद उसैव वटटू , मुस्ताक अहमद, भारतीय किसान यूनियन जिलाध्यक्ष शमीम सिद्दीकी आकिल हुसैन सिद्दीकी गोल्डन,आफाक हुसैन, नकीम खान, डॉ जाकिर हुसैन इंटर कॉलेज के हाजी मसरूर अहमद के अलावा पत्रकारों में मो0 फहीम शेख, सीपी सिंह, प्रदीप पाठक, पंकज वर्मा,केके श्रीवास्तव, नईम खान, संजीव त्रिपाठी, ज्ञानेंद्र गुप्ता,रंजीत ठाकुर,अफगन खान, मो0फ़ैज़, उमर इदरीसी आदि तमाम मीडिया कर्मी मौजूद रहे।

# रोजगार मेले में युवाओं का हुआ चयन, चयनित युवाओं के खिले चेहरे

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़**



**उत्तर प्रदेश** कौशल विकास मिशन व औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान द्वारा रोजगार मेला आयोजित किया गया। शुक्रवार को क्षेत्र के नदसिया स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा जिलाध्यक्ष वीरसिंह भदौरिया ने माँ सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष वीरसिंह भदौरिया ने केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी दी। रोजगार मेले में बड़ी संख्या में युवाओं ने प्रतिभाग किया। मेले में निजी कंपनियों द्वारा आए हुए व्यक्तियों का साक्षात्कार कर रोजगार प्रदान किया गया। जिसमें लगभग दो दर्जन से अधिक युवाओं का चयन हुआ। आई आई टी कन्नौज के प्रधानाचार्य परवेश खान ने कहा कि कौशल विकास मिशन के तहत 15 से 35 वर्ष तक के युवाओं को मुफ्त प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस दौरान आर्यावर्त ग्रामीण बैंक के प्रबंधक बृजेश दुबे, महिला मोर्चा जिलाउपाध्यक्ष गीता पाठक, यदुनेश द्विवेदी, मोहित शुक्ला, अभिमन्यु ठाकुर, अश्वनी द्विवेदी कृष्ण कुमार अवस्थी सहित आदि मौजूद रहे।

## अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने एसपी को किया सम्मानित

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने संगठन के जिलाध्यक्ष एवं कानपुर मंडल प्रभारी अनिल कुमार गुप्ता की अगुवाई में पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंच कर एसपी, एएसपी, सीओ सदर व गुरसहागंज थाना प्रभारी का फूलमालाओं एवं दुशाला व रामनामी पटुका पहनाकर अभिनन्दन किया।

गौरतलब है कि थाना गुरसहायगंज के कस्बा समधन निवासी ज्वैलर्स के साथ हुई लूट व हत्या के मामले में एसपी के निर्देशन में पुलिस ने एक सप्ताह के भीतर घटना का खुलासा करते हुए मुठभेड़ के दौरान एक बदमाश को एनकाउन्टर में मार गिराया था तथा पुलिस की गोली से घायल हुए दूसरे बदमाश को गिरफ्तार कर लिया था। जिसके चलते जिले के व्यापारियों में पुलिस के प्रति विश्वास और बड़ा है।

# राम भक्त का जोरदार किया गया स्वागत : शैलेंद्र गुप्ता



**छिबरामऊ कन्नौज।** उत्तर प्रदेशउद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता लालू ने माला पर करके राजस्थान के जयपुर से अयोध्या जा रहे राम भक्त का जोरदार स्वागत किया जयपुर निवासी अनुराग पंडितने अयोध्या के लिए अपनी साइकिल यात्रा प्रारंभ की थी हाथरस सिकंदरा राव एट होकर 11 जनवरी की रात वह नगर में पीपल चौराहे पर पहुंचे वहां उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता उर्फ लल्लू सहित कई लोगों ने मारा पर करके जयपुर से अयोध्या आ रहेराम भक्त का जोरदार स्वागत किया राम भक्त अनुराग पंडित ने बताया 550 वर्षो बाद हमारे आराध्य प्रभु राम लाल अयोध्या धाम से 22 जनवरी को विराजमान होने जा रहे हैं इस मौसम में शामिल होने के लिए रामलाल के दर्शन की इच्छा को लेकर यात्रा शुरू की है 22 जनवरी की यदि अयोध्या धाम से प्रवेश नहीं मिला तो वहां पर रुक जाएगा परसाथ ले जा रहे टेंट की लगाकर इंतजार करेंगे लेकिन वापस तभी आएंगे जब रामलाल के दर्शन हो जाएंगे इस दौरान अक्कू कश्यप विशाल गुप्ता आर्यन गुप्ता सोनू गुप्ता ललित गुप्ता कृष्ण गुप्ता पंडित आदमी जय श्री राम के नारे लगाकर राम भक्त को रवाना किया।

# खबरें चलते-चलते

## स्वामी विवेकानंद के सिद्धांतों पर चलने का लिया संकल्प

**छिबरामऊ कन्नौज।** करके आवास विकास कॉलोनी स्थित सुप्रभात अकादमी में एकात और राष्ट्रवाद के सामग्र प्रेणता स्वामी विवेकानंद की जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई प्रबंधक हिमांशु सक्सेना ने कहा कि आज के बच्चों को स्वामी जी के जीवन में शिक्षा लेनी चाहिए तभी वह ऊर्जावान और बुद्धिमान बन सकेंगे संस्था की प्रधानाचार्यअलका गुप्ता ने स्वामी जी के मूल मंत्र की जीवन में अपने के लिए प्रेरित किया उन्होंने कहा कि चरित्रवान बुद्धिमान दूसरों के लिए सबसे त्यागी और आज्ञाकारी युवकों पर ही देश का भविष्य निर्भर होता है उन्होंने कहा कि धार्मिक होने का अर्थ अंधविश्वासी होना नहीं है अच्छाइयों को आत्मसात करना हैसभी शिक्षकों ने एक साथ यह शपथ ली की आजीवन किसी प्रकार का नशा नहीं करने करेंगे साथ ही अपने परिजनों मित्रों और परीचितों को नशा न करने से के लिए प्रेरित करेंगे यह भी शपथ दिलाई है कि नशे में सम्मिलित व्यक्तियों को नशा छुड़ाने के लिए जागरूक करेंगे कार्यक्रम के अंत में यह मालिक तेरे बंदे हम गीत के साथ समापन किया गया।

## पं. देवनारायण मिश्र स्मृति संस्कृति ज्ञान परीक्षा में 363 परीक्षार्थियों ने किया प्रतिभाग

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज।** कान्यकुब्ज शिक्षा एवं समाज सेवा समिति के तत्वाधान में शनिवार को पण्डित देवनारायण मिश्र स्मृति संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा शहर के दो प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों में आयोजित हुई। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में बनाए गये परीक्षा केंद्र मे 208 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया, वहीं चौधरी चंदन सिंह महाविद्यालय में 165 प्रतिभागियों ने परीक्षा दी। दोनो परीक्षा केंद्रों पर कुल 363 परीक्षार्थियों ने प्रतिभाग किया। इस प्रतियोगी परीक्षा में शहर के विभिन्न इंटर कॉलेजो के छात्र व छात्राओ ने प्रतिभाग किया। सरस्वती विद्यामन्दिर इंटर कालेज केंद्र पर केंद्राध्यक्ष केके मिश्र के निर्देशन में निर्धारित समय सुबह 10 बजे से परीक्षा प्रारंभ होकर 12 बजे तक संपन्न हुई साथ ही दूसरे परीक्षा केन्द्र पर प्राचार्य डा. आरएन मिश्र के निर्देशन में उक्त समय सारणी के अनुसार विधिवत परिक्षा संपन्न हुई । सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज केंद्र पर चौधरी चंदन सिंह महाविद्यालय से प्रोफ़ेसर उमेश चन्द्र द्विवेदी और सुशील भारद्वाज की देखरेख में परिक्षा संपन्न हुई। परीक्षा पर्यवेक्षक के रुप में शिवमोहन कुशवाहा जी रहे। परीक्षा संपन्न होने के बाद दोपहर करीब एक बजे से लेकर चार बजे तक कॉपियों का मूल्यांकन अत्यंत गोपनीय ढंग से बंद कमरे में परीक्षा प्रभारी आरएन मिश्र की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। मूल्यांकन में अन्य सहयोगी उमेश चन्द्र द्विवेदी, सुशील भारद्वाज व आर के दीक्षित रहे।

## अपराधियों के विरुद्ध शांति भांग की कार्रवाई

**तालग्राम छिबरामऊ कन्नौज।** पुलिस अधीक्षक जनपद अमित कुमार आनन्द द्वारा अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक संसार सिंह के मार्ग निर्देशन में क्षेत्राधिकारी सदर कमलेश कुमार के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष देवेश कुमार के नेतृत्व में उ0नि0 राममनोज द्विवेदी अंकुश कुमार व उ0नि0 ज्योति गौर थाना तालग्राम द्वारा 03 अभियुक्त के विरुद्ध कार्यवाही की गयी। राम गोपाल पुत्र राम उड़ान लाल पुत्र रामेश्वर राहुल पुत्र शीशपाल के विरुद्ध शांति भंग की कार्रवाई की गई।

## भतीजे के लापता होने की दर्ज कराई गुमशुदगी

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** घर से लापता हुए युवक का दो दिनों से सुराग न लगने पर परिजनों ने उसकी तलाश की। पता न लगने पर लापता युवक के चाचा ने कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज कराई है। ग्राम गौरियापुर निवासी ईश्वर चंद्र ने कोतवाली में दर्ज कराई गुमशुदगी में बताया है कि उसका 20 वर्षीय भतीजा अजय कुमार 12 जनवरी की शाम करीब 05 बजे घर से कहीं चला गया। वापस नहीं लौटा तो उसकी आस पड़ोस और रिश्तेदारी में खोजबीन की गई। लेकिन कोई भी सुराग नहीं लग सका। कोतवाली पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर युवक की खोज शुरू कर दी है।

# यातायात पुलिस ने किया ई-रिक्शा का सत्यापन



- दूसरे दिन हुए 76 ई-रिक्शा के सत्यापन

**गुरसहायगंज, कन्नौज। समृद्धि न्यूज**

**उच्चाधिकारियों** के निर्देश पर यातायात पुलिस के द्वारा नगर के मुख्य तिराहे पर ई-रिक्शा का सत्यापन और रजिस्ट्रेशन किया गया। इसके अलावा बिना रजिस्ट्रेशन व सत्यापन के चल रहे ई-रिक्शा चालकों को जल्द रजिस्ट्रेशन कराए जाने की हिदायत दी गई। शनिवार को नगर के मुख्य तिराहे पर पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद व यातायात प्रभारी आफाक खान के निर्देशन पर यातायात उपनिरीक्षक राम प्रताप सिंह ने ई-रिक्शा का सत्यापन किया। उपनिरीक्षक राम प्रताप सिंह ने बताया कि आज 76 ई-रिक्शा का सत्यापन किया गया है। बताया कि जिन ई-रिक्शा चालको ने अपने अपने ई-रिक्शा का रजिस्ट्रेशन नहीं करवाया है।वह जल्द से जल्द रजिस्ट्रेशन कराए। उपनिरीक्षक रामप्रताप सिंह ने बताया कि अगले 03 दिनों तक यह अभियान चलाया जाएगा। इस मौके पर यातायात कांस्टेबल सलमान खान, होमगार्ड प्रमोद कुमार, चैन सिंह आदि उपस्थित रहे।

# पांच शिकायतों में निपटा समाधान दिवस



**गुरसहायगंज, कन्नौज। समृद्धि न्यूज**

- तीन राजस्व व दो पुलिस संबंधित शिकायतों में तीन निस्तारित
- हर समस्या का जल्द से जल्द होगा समाधान: जेपीशर्मा

**जनता की** समस्याओं के समाधान के लिए स्थानीय कोतवाली परिसर में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें पुलिस व राजस्व संबंधित कुल पांच शिकायते आई। जिसमे से तीन शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। उच्चाधिकारियों के निर्देशन व कोतवाली प्रभारी जयप्रकाश शर्मा के नेतृत्व में स्थानीय कोतवाली परिसर में समाधान दिवस का आयोजन हुआ। जिसमें दो पुलिस व तीन राजस्व संबंधित शिकायतें आई। जिसमे से पुलिस संबंधित 03 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। साथ ही कोतवाली प्रभारी जयप्रकाश शर्मा ने बताया कि समस्या अगर ज्यादा बड़ी हो तो उसमें समय लग सकता है। बाकी शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया जाएगा। इस मौके पर द्वितीय कोतवाल जयंती प्रसाद गंगवार, कस्बा प्रभारी रॉबिन सिंह, उपनिरीक्षक आनंद मिश्रा, अशीष कुमार सिंह, विनय शर्मा, राजेश प्रताप सिंह, नीरज शर्मा, चंद्रभान सिंह, कमलेश कुमार, राम गिरीश सिंह, महिला उपनिरीक्षक नीलम सिंह, महिला कांस्टेबल रोशनी बालियान आदि मौजूद रहे।

## प्रयागराज के लिए रवाना हुए भाकियू लोकशक्ति कार्यकर्ता

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति के पदाधिकारी व कार्यकर्ता प्रयागराज में चल रहे तीन दिवसीय शिविर में शामिल होने के लिए स्थानीय रेलवे स्टेशन से ट्रेन द्वारा रवाना हुए। जिनका पदाधिकारियों ने फूलमालाओं से स्वागत किया। शुक्रवार की रात लगभग 09 बजे भाकियू लोकशक्ति के कार्यकर्ताओं को मंडल उपाध्यक्ष हाशिम अली, प्रदेश सचिव शाहिद खान व युवा जिलाध्यक्ष मकबूल अहमद ने फूलमालाएं पहनाकर प्रयागराज के लिए रवाना किया। इस दौरान लज्जाराम, दीप चंद्र, रामप्रकाश, राकेश, रामऔतार, गुलाब सिंह, श्याम सुंदर, छत्रपाल, अरविंद, वेदराम, शिवनाथ सिंह, रामपाल, सत्यप्रकाश, कैलाश, छेदी लाल, प्यारे लाल, मंगली प्रताप, मदन लाल, रामसेवक, राधेश्याम, दीपिका, करण सिंह, अभिषेक, रामनिवास, जगदीश, कृष्णदेव, सत्यवती, नीलू, वीरेंद्र, मलखान सिंह, कल्पना, प्रेमवती, शिल्पी, रागिनी, आरजू, मिथलेश, जानकी, ममता, पिंकी, लज्जावती, पुष्पा देवी, रागिनी, कल्पना, गुड्डी देवी, अंशिका, उषा देवी, गायत्री, आशा देवी, सुनीता देवी आदि मौजूद रहे।

# पत्रकार सहायता एसोसिएशन संगठन बैठक संपन्न

- जिले के सैकड़ों पत्रकारों का हुआ सम्मान
- बैठक को लेकर उत्साहित दिखे पत्रकार

**हसेरन कन्नौज। समृद्धि न्यूज**



नव नूतन वर्ष को लेकर पत्रकार सहायता एसोसिएशन संगठन ने सामूहिक बैठक कर आपसी चर्चा करते हुए संगठन को मजबूत करने पर सहमति जतायी। इस अवसर पर सभी पत्रकारों ने एक दूसरे को नव वर्ष की हार्दिक बधाई देकर एक साथ रहकर एक साथ काम करने की सलाह दी। जनपद के सभी पत्रकार साथियों ने बैठक में पहुंचकर अपने-अपने विचार रखें। एक रहे एक साथ रहे। कस्बा के ब्लॉक मुख्यालय डॉ भीमराव अंबेडकर सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। संगठन के संरक्षक रईस खान व प्रदेश अध्यक्ष राजेश मिश्रा की अध्यक्षता में बैठक की गई ।बैठक में प्रदेश संगठन मंत्री आलम कुरेशी ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहां कि हम सभी पत्रकारों को किसी भी पत्रकार की समस्या को लेकर एकजुट होकर साथी की मदद के लिए आना होगा संगठन के जिला अध्यक्ष राजेंद्र सिंह द्वारा पत्रकारों के हितों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई जनपद के सभी साथियों ने पहुंचकर बैठक में हिस्सा लिया। एक दूसरे के भाईचारा व प्रेम सौहार्द को देखते हुए नव नूतन वर्ष की बधाई व शुभकामनाएं भी दी। कार्यक्रम मे इंदरगढ़ थाना अध्यक्ष मौजूद रहे। संगठन के सीनियर पदाधिकारी कुंवर देवेंद्र सिंह ने बैठक में उपस्थित सभी साथियों का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए सभी को एक साथ मिलकर कार्य करने की सलाह दी। सभी ने एक दूसरे का माल्यार्पण कर स्वागत सम्मान किया। कार्यक्रम में सैकड़ो पत्रकार साथी मौजूद रहे।

**कार्यक्रम** | स्वामी विवेकानन्द की जयंती के उपलक्ष्य में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के तत्वावधान में जिले में आयोजित हुए विभिन्न कार्यक्रम

# राष्ट्र सेवा में समर्पित है अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद: दीपक वर्मा

- स्वामी विवेकानन्द जयंती के उपलक्ष्य मे ग्राम जलालपुर अमरा में लगाया गया नि:शुल्क चिकित्सा शिविर

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज**





**स्वामी विवेकानन्द** जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय युवा दिवस की अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के तत्वावधान में जिले भर के विभिन्न विद्यालयों में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रवासी कार्यकर्ता के रूप में निजी विश्वविद्यालय संयोजक अक्षय प्रताप की गरिमामयी उपस्थिति रही।

इस अवसर पर अक्षय प्रताप ने छात्र-छात्राओं को बताया कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अपने स्थापना काल से ही छात्र हित एवं राष्ट्र हित के साथ कार्य करती आ रही है। विद्यार्थी परिषद राष्ट्र शक्ति छात्र शक्ति की बात करते हुए सदैव छात्रों को राष्ट्र सेवा का भाव उत्पन्न करती है। पीएसएम महाविद्यालय में आयोजित संगोष्ठी में दीपक वर्मा ने कहा कि विद्यार्थी परिषद विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन होने के नाते राष्ट्र के पुनर्निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाने का कार्य करता है। कहा कि कॉलेज कैंपस में परिषद के कार्यकर्ता जाकर छात्रों को जोड़कर भारत के प्रति राष्ट्र प्रेम की भावना जागृत करते हैं। स्वामी विवेकानन्द जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित साप्ताहिक पखवाड़ा के तहत शनिवार को विद्यार्थी परिषद के तत्वाधान में जलालपुर अमरा गांव मे नि:शुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। शिविर में मरीजों की जांच एवं उपचार कर नि:शुल्क दवा वितरित की गई। शिविर के शुभारंभ मौके पर स्वामी विवेकानंद के जीवन पर प्रकाश डालते हुए जिला संगठन मंत्री चित्रांशु ने कहां की स्वामी विवेकानंद जी सामाजिक कार्यों में सदैव आगे रहे, उनसे प्रेरणा लेकर ही ऐसे शिविर लगाकर समय-समय पर विद्यार्थी परिषद समाज मे स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का आवाहन करती रहती है। डा. एसके कटियार ने स्वामी विवेकानंद के आदर्श पर चलने का आहवान किया। शिविर में कन्नौज से पहुंचे डॉक्टरों ने लगभग 150 से अधिक मरीजों की जांच कर दवा वितरित की गई। पहली बार यहां शिविर में पहुंचे नेत्र विशेषज्ञ डा. एस.के कटियार ने 150 से अधिक मरीजों की जांच एवं उपचार किया। इसके अलावा सीएचओ कृष्ण गोपाल, डा. कमल ने मरीजों का उपचार किया ।इस मौके पर पूर्व जिला संयोजक दीपक वर्मा, पुनेश, विपिन, रोहित, प्रदीप,अंकित आदि कार्यकर्ता मौजूद रहें।

मेजर एस.डी.सिंह पी.जी.आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज एण्ड हास्पिटल-फतेहगढ़






# संत बोले गंगा में गिर रहे गंदे नाले, प्रशासन ने किया छलावा

- नाले के पास खड़े होकर जताया विरोध, बोले शाही स्नान का करेंगे बहिष्कार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**मेले में** गिरने वाले नालों को प्रशासन द्वारा बंद न कराये जाने से संत भड़क गये और उन्होंने दो दिवसीय होने वाले शाही स्नान का बहिष्कार कर दिया। संतों ने कहा कि प्रशासन ने उनके साथ छलावा किया है। जो ठीक नहीं है।

बताते चलें कि बीते दिन मेला श्री रामनगरिया के मद्देनजर संतों की मांग पर जिलाधिकारी ने बैठक कर मां भागीरथी में गिरने वाले गंदे नालों को पूर्ण रुप से बंद कराये जाने का आश्वासन दिया था। इसके बाद नालों को बंद नहीं किया गया, सिर्फ खानापूर्ति की गयी है। कई जगह थोड़ी बहुत मिट्टी डाल दी गयी। जिससे गंदे नालों का पानी पूर्ण रुप से बंद नहीं हुआ और आज भी बह रहा है। शनिवार को करीब एक दर्जन संत पंचम दसनाम जूना अखाड़ा के अध्यक्ष सत्यगिरि महाराज के नेतृत्व में नाले के पास खड़े होकर विरोध जताया और कहा कि प्रशासन ने उनके साथ छलावा किया है। जिसे सहन नहीं किया जायेगा। आक्रोशित संतों ने दो दिवसीय 14 व 15 जनवरी को होने वाले शाही स्नान का बहिष्कार कर दिया है। सागरपुरी महाराज ने बताया कि धीमरपुरा का भी नाला खुला हुआ है उसका भी गंदा पानी गंगा मैया में आ रहा है। संतों ने कहा कि जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह व एडीएम से शनिवार की देर शाम इस संबंध में बात करेंगे। प्रशासन को संतों के झुकना ही होगा। इस दौरान सागरपुरी महाराज आदि साधु संत मौजूद रहे।



गंदे नाले के पास खड़े होकर विरोध जताते संत — समृद्धि न्यूज

# मेला श्री रामगरिया में अव्यवस्थाओं को लेकर भड़के संत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**मेला श्री** रामनगरिया में व्याप्त अव्यवस्थाओं को लेकर संत समाज ने विरोध जताया। संतों ने जिलाधिकारी समस्याओं का निराकरण कराये जाने की मांग की है।

जानकारी के अनुसार संत जगदीश दास ने बताया बताया कि मेले में शुक्रवार को जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह आए थे। सभी साधु संतों को बुलाया गया, लेकिन उनकी एक नहीं सुनी गई। 14 व 15 जनवरी से पहला शाही स्नान है। इसके लिए न तो मेले में सड़कें बनाई गईं और न ही कोई व्यवस्था की गई। पीने के पानी की भी कोई व्यवस्था नहीं की गई है। मेला के अंदर जो शौचालय बनाए गए है उनमें नाली बना दी गई है। पहले जेसीबी से गड्ढा खोदकर शौचालय बनाए जाते थे। इस बार खानापूर्ति कर दी गई है। मेला लगते ही शौचालय भर जाएंगे और पूरे मेले में गंदगी फैल जाएगी। संतों ने कहा कि मेले में आवारा पशुओं का आतंक है। इसको रोका जाए। संत समाज में पूरी तरह से असंतोष व्याप्त है। संतों ने बैठक कर मेले में व्यवस्थाएं ना होने पर नाराजगी जताई है। इस मौके पर महात्मा सुरेंद्र दास, मोहन दास सहित दो दर्जन साधु संत मौजूद रहे।



मेले में बैठक करते संत महात्मा — समृद्धि न्यूज

### मोहन दास चुने गए संत समाज के महंत

फर्रुखाबाद। गंगा तट पांचाल घाट पर लगे मेला राम नगरिया में हनुमान गढ़ी भोलेपुर के महंत मोहनदास को अध्यक्ष चुना गया है। संतों ने कहा कि इनका निर्णय सभी को मान्य होगा।

# खबरें चलते-चलते

## पाँच बच्चों की मां से प्रेम करने वाले ग्रामीण की मौत

**पत्नी ने जहर देकर हत्या करने का लगाया आरोप**



रोते बिलखते मृतक के परिजन

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** पाँच बच्चों की मां के साथ प्रेम करने वाले ग्रामीण की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। परिजनों ने प्रेमिका पर जहर देकर मारने का आरोप लगाया है। परिजनों ने बगैर पुलिस को सूचना दिये उसका अंतिम संस्कार कर दिया। जानकारी के अनुसार कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मऊरसीदाबाद कोट निवासी प्रेमचन्द्र शाक्य पुत्र रामस्वरुप की पत्नी नेमादेवी ने बताया हमारे पाँच बेटी राजेश्वरी, सुमन, सुषमा, मन्जू, प्रीती हैं। मेरे पति प्रेम चन्द्र शाक्य का गाँव की प्रेम कुमारी पत्नी सत्यराम से प्रेम प्रसंग चल रहा था। जिसके चलते हमारे पति मेरे व बेटियों के साथ मारपीट करते थे। बीती रात वह गोदाम में लेटे थे। सुबह उन्हें मृत अवस्था में देखा। जिससे परिजनों में चीख पुकार मच गयी। वहीं पत्नी नेमा देवी व बेटियों ने प्रेमिका प्रेम कुमारी पर जहर देकर हत्या करने का आरोप लगाया है। वहीं कुछ ग्रामीणों का कहना है कि प्रेमचंद्र की मौत हार्ट अटेक पड़ने से हुई है। परिजनों ने बिना पुलिस को सूचना दिये ही उसका अंतिम संस्कार कर दिया।

## दबंगों ने ग्रामीण को दी जानमाल की धमकी, पहुंचा थाने

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** दबंगों ने ग्रामीणों को जातिसूचक गालियां देते हुए जानमाल की धमकी दी। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही करने की मांग की है। जानकारी के अनुसार किशनपाल जाटव पुत्र गंगाराम जाटव निवासी ग्राम नगला जोधा ने थानाध्यक्ष को दी तहरीर में कहा है कि हमारी भूमि गाटा संख्या 1249 व 1273 दो किता नगला हीरा सिंह में स्थित है। पीड़ित के दोनों नंबरों को कुछ दबंग किस्म के लोग दबाये हैं। पीड़ित दोनों नंबरों की पैमाइश के लिए तहसील दिवस व थाना दिवस में प्रार्थना पत्र दे चुका है। आज पुनः पीड़ित ने थाना दिवस में उपरोक्त नंबरों की पैमाइश के लिए प्रार्थना पत्र दिया। इस पर अमर सिंह उर्फ भोला पुत्र रसाल निवासी ग्राम नगला हीरा सिंह ने पीड़ित को धमकी दी है कि जैसे दाताराम मारे गये वैसे तुम भी मारे जाओगे। जिससे पीड़ित काफी भयभीत है। पीड़ित के साथ कभी भी कोई अप्रिय घटना कारित हो सकती है। पुलिस ने पीड़ित को कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है।

## पुलिस से शिकायत करने पर परिजनों ने महिला को धमकाया

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** परिवारीजनों से परेशान महिला ने थाना पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही करने की मांग की है। जानकारी के अनुसार महिला तराना बेगम पत्नी अख्तर सिंह निवासी ग्राम सितवनपुर पिसू ने दी गयी तहरीर में कहा कि परिवार के कल्लू पुत्र लाखमीर, राशिद पुत्र कल्लू, जावेद पुत्र कल्लू से उसका विवाद हो गया था। जिस पर 12 जनवरी को पुलिस उसके घर आयी थी और उपरोक्त लोगों से थाने आने की बात कहकर चली गयी। थाना नवाबगंज से आने के बाद उपरोक्त लोग लाठी-डंडे लेकर उसके घर आ गये और गाली-गलौज किया तथा उसके कंडे आदि तोड़ दिये। पीड़िता काफी भयभीत है। पुलिस ने आवश्यक कार्यवाही करने की बात कही है।

# भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा पर सभी मंदिरों पर लोग करें भजन कीर्तनः डीएम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**कलेक्ट्रेट सभागार** में जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर जिले के समस्त राम मंदिर, हनुमान मंदिर व बाल्मीकि मंदिरों में राम कथा, रामायण पाठ, भजन कीर्तन आदि कराने एवं मकर संक्रांति के दृष्टिगत तैयारी बैठक की।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि समस्त नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों में 14 जनवरी से 22 जनवरी तक विशेष सफाई अभियान चलाया जाए। समस्त सरकारी भवनों की सजावट कराई जाए। 22 जनवरी को सभी विद्यालयों में साफ -सफाई व सजावट कराई जाए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए की सभी उप जिलाधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में 14 व 22 जनवरी को गरीबों को कंबल वितरण कराना सुनिश्चित करें। नगर पालिका क्षेत्र में अतिक्रमण अभियान, निराश्रित गौवंश संरक्षण अभियान चलाने एवं शीतलहर से लोगों के बचाव की व्यवस्था सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश दिये। सभी सरकारी भवनों पर प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। सभी खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वह अपने-अपने क्षेत्र में मंदिरों को चिन्हित कर उनकी साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित कर उन पर कार्यक्रम कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि सभी उप जिलाधिकारी क्षेत्राधिकारी के साथ अपने-अपने क्षेत्रों के सभी स्नान घाटों का निरीक्षण कर लें। गोताखोर को तैयार रखें, जिससे कि कोई जनहानि न होने पाये। कोई भी अनाधिकृत घाट संचालित न होने पाये। जिला पंचायत को निर्देशित किया कि घाटों पर बड़े चेतावनी बोर्ड लगाएं व प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था करें। सभी अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने अपने क्षेत्र में भव्य कलश यात्रा का आयोजन सुनिश्चित कराएं। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी व संबंधित अधिकारीगण मौजूद रहे।



बैठक लेते जिलाधिकारी व मौजूद अधिकारीगण

# अधिकारी रात्रि भ्रमण कर असहायों को वितरित करें कंबलः सीडीओ


**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**जिलाधिकारी की** अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें की महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर चर्चा की गयी। बैठक में अपर जिलाधिकारी ने बताया कि 22 जनवरी को मतदाता सूची प्रकाशन होना है। अतः विद्यालयों का सहयोग आवश्यक है। मेला रामगरिया पॉलीथीन निषिद्ध क्षेत्र घोषित है। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद पॉलीथीन जब्त करे व सफाई व्यवस्था चाक चौबंद करे। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि अधिकारी कार्यालय से बाहर निकलकर निरीक्षण करें। फर्रुखाबाद में बहुत से प्राचीन मंदिर है। उनकी पुताई का स्टीमेट बनायें। मंदिरों की सजावट भी करें। कलेक्ट्रेट की सफाई पर भी विशेष ध्यान दें। गोताखोरों की उपलब्धता व उपस्थिति सुनिश्चित करें। ध्यान दें कि कोई दुर्घटना न होने पाये। मुख्यमंत्री ने फर्रुखाबाद पर विशेष ध्यान केंद्रित किया है।

कलश यात्रा को सफल बनायें। अधिकारी 14.01.2023 को रात्रि भ्रमण कर असहायों को कंबल वितरित करें। जंजाली नगला व खैम रंगाई में अनाधिकृत घाट संचालित न हों। कोई भी समस्या होने पर आमजन संबंधित से संपर्क करें। घाटों पर बैरीकेडिंग करा ली जाये। कैमरों द्वारा निगरानी की जाये। सभी लोग अपने कार्यालय साफ रखें। आरती व भजन कार्यक्रम के उद्घाटन जन प्रतिनिधियों द्वारा होंगे। डयूटी पर लगे व्यक्ति समय पर आना सुनिश्चित करें।

# पड़ोसी दबंगों ने देवर-भाभी को पीटा





घायल युवक व उसकी भाभी — समृद्धि न्यूज

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज**

**गली में** मिट्टी डालने का विरोध करने पर पड़ोसी ने देवर भाभी को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने थाना पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही करने की मांग की है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रिटौल निवासी मंजीत यादव उम्र 24 वर्षीय पुत्र अन्तराम ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कहा है कि हम गली में मिट्टी डाल रहे थे, तभी पड़ोसी महावीर पुत्र नवीन चन्द्र ने आते ही हमारे साथ गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर पति महावीर, पत्नी देवकी ने हमारे साथ लाठी-डन्डों से मारपीट करने लगीं। हमें पिटता देख बीच बचाव के लिए आई हमारी भाभी अर्चना को भी उक्त लोगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत के आधार पर उक्त पति पत्नी के विरुद्ध मामला दर्ज कर पीड़ित मंजेश व अर्चना का मेडीकल परीक्षण करवाया।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा का ग्राम हुसैनपुर तराई में जोरदार स्वागत

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज**

विकसित भारत संकल्प यात्रा के मुख्य अतिथि भाजपा विधायक सुशील शाक्य ने केंद्र तथा यूपी सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए हुए कहा मोदी सरकार की गारंटी योजना से देश में विकास के रास्ते खुले हैं तथा गरीबों का विकास हुआ। उन्होंने कहा विकसित भारत संकल्प यात्रा मोदी की गारंटी के तहत देश में आम जनमानस के विकास का दौर चलता रहेगा, वशर्ते देश को विकसित भारत बनाने का संकल्प लेना होगा।

जानकारी के अनुसार शनिवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा का कार्यक्रम अयोजित किया गया। इस विकसित भारत संकल्प यात्रा में पहुंचे रथ जिसमें केंद्र तथा यूपी सरकार के विकास कार्यों के लेख पट लगे हुए थे। लेख पट में यूपी तथा केंद्र सरकार के विकास कार्यों से संबंधित सूची लगाई गई थी। साथ ही एलसीडी के जरिये आम लोगों को सरकार की उपलब्धियां बताते हुए सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया। केंद्र तथा यूपी सरकार द्वारा कराए गए विकास कार्यों के संबंध में एलसीडी के जरिए लोगों को विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा विधायक सुशील शाक्य ने पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं की मैजूदगी में केंद्र तथा यूपी सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा मोदी सरकार की गारंटी योजना जिसके तहत देश में तमाम कल्याणकारी योजनाएं संचालित की गईं। शहर से लेकर गांव तक गरीब मजदूर किसानों को विकास कार्यों के जरिए लाभान्वित किया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के तहत देश में केंद्र तथा यूपी सरकार द्वारा जारी की गई तमाम कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में ग्रामीणों को विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में भाजपा नवाबगंज भाजपा मंडल अध्यक्ष कमल भारद्वाज, राम लखन राजपूत, महेंद्र राजपूत, सर्वेंद्र गंगवार, मुकेश सिंह के अलावा बीडीओ शमशाबाद, प्रधान कन्हैया लाल दिवाकर, ग्राम विकास अधिकारी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।



कार्यक्रम के दौरान मौजूद कमल भारद्वाज व अन्य — समृद्धि न्यूज

# अब जेलों में बंदी करते हैं हनुमान चालीसा का पाठः कारागार मंत्री

- प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम प्रदेश की सभी जेलों में लाइव दिखवाया जायेगा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**कारागार मंत्री** ने शनिवार को जेलों का निरीक्षण किया तथा बंदियों से रुबरु हुए। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी को भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम प्रदेश की सभी जेलों में दिखाया जायेगा। इससे कैदियों को वंचित नहीं रहने दिया जाएगा।

कारागार मंत्री ने कहा कि इस समय प्रदेश भर की हर जेल में मंगल और शनिवार को बंदी सुंदरकांड का पाठ करते हैं। जिसके चलते उन्होंने बंदियों को हनुमान चालीसा की पुस्तकों का वितरण किया। उन्होंने कहा कि पूजा पाठ करने से बंदियों की मानसिक स्थिति बदलेगी और वह नेकी के रास्ते पर चलने को अग्रसर होंगे। उन्होंने कहा कि अयोध्या में 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है। यह खुशी का दिन 500 साल बाद आया है। इस दिन से कैदियों को वंचित नहीं रखा जाएगा। प्रदेश भर की सभी जेलों में 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा का सीधा प्रसारण दिखाया जाएगा और जेल में भी जश्न मनाया जाएगा। इस दौरान जिला जेल अधीक्षक भीमसेन मुकुंद भी मौजूद रहे। केंद्रीय कारागार फतेहगढ़ को ओपन जेल बनाने के संबंध में पूछे जाने पर जेल मंत्री ने कहा कि उसे हर हाल में ओपन जेल बनाया जाएगा। कैदियों को उनके परिवार के साथ रहने और काम करने की छूट दी जाएगी। यह व्यवस्था शीघ्र ही लागू की जाएगी। व्यवस्था के लागू हो जाने पर एक नया सुधार होगा। इस दौरान कारागार मंत्री ने जिला जल में बंदियों को गर्म इनर व कंबल का वितरण किया। इसके अलावा मंत्री ने कैदियों की समस्याओं को भी सुना और उनका निराकरण करने के जेल अधीक्षक को निर्देश दिये। इस दौरान भाजपा के मीडिया प्रभारी शिवांग रस्तोगी, विश्वा गुप्ता आदि मौजूद रहे।



केंद्रीय कारागार का निरीक्षण करते कारागार मंत्री

**निर्देश**

## एडीजी ने कहा की मेले में आने वाले कल्पवासियों की सुरक्षा उनका मुख्य लक्ष्य

# रामनगरिया मेले में मुख्यमंत्री के आने की आहट से एडीजी व आईजी ने परखीं तैयारियां

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**मेला श्रीरामनगरिया** में मुख्यमंत्री के आने की संभावना के मद्देनजर कानपुर के जोन के अपर पुलिस महानिदेशक व परिक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक ने डीएम व एसपी के साथ व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। निर्देश दिये कि सुरक्षा व्यवस्था चुस्त दुरुस्त रखी जाये। साथ ही मेले में आने वाले कल्पवासियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

जानकारी के अनुसार शनिवार को एडीजी कानपुर जोन आलोक सिंह व आईजी जोगेंद्र सिंह ने सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए समीक्षा की। एडीजी ने मेले के दौरान ट्रैफिक व्यवस्था सही रहे, इसके लिए सीओ ट्रैफिक को खाका तैयार करने के निर्देश दिये। साथ ही मेले में रात में उचित प्रकाश की व्यवस्था हो, साथ ही जनता को जागरूक करने के लिए बड़े स्तर पर पोस्टर व बैनर लगाये जायें। एडीजी ने कहा की मेले में आने वाले कल्पवासियों की सुरक्षा उनका मुख्य लक्ष्य है, इसके लिए हर संभव उपाय किए जा रहे है। गंगा नदी में गहरे पानी में संकेतक लगाए गए हैं। साथ ही गोताखोरों की भी तैनाती की गई है। मेले में किसी प्रकार के अप्रिय घटना से निपटने के लिए फ्लड पीएसी की कंपनी भी तैनात रहेगी। साथ ही जिला प्रशासन के सहयोग से मेले में साफ -सफाई सहित बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने पर काम किया जा रहा है एडीजी के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक विकास कुमार, एडीएम सुभाष प्रजापति सहित विभिन्न प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। बताते चलें कि 25 जनवरी को मेला का शुभारंभ है। इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आने की प्रबल संभावना जतायी जा रही है। वह यहां की पौराणिक महत्व को देखना चाहते हैं। सदर विधायक मेजर सुनीलदत्त द्विवेदी ने उन्हें मेले में आने का आमंत्रण भी दिया था।



डीएम, एसपी के साथ मेले की तैयारियों का जायजा लेते एडीजी व आईजी — समृद्धि न्यूज

# अनुशासनहीनता को लेकर माशिसं चंदेल गुट की जिला कार्यकारिणी भंग

- सर्वसम्मति से प्रवेश रत्न संयोजक व अर्जुन प्रताप को सह संयोजक किया नियुक्त

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**



शिक्षक संघ की बैठक में मौजूद प्रदेश उपाध्यक्ष — समृद्धि न्यूज

**माध्यमिक** शिक्षक संघ चंदेल गुट की बैठक हुई। जिसमें विज्ञप्ति जारी कर बताया गया कि 22 दिसम्बर को क्रिश्चियन इंटर कालेज में एक शपथ संगोष्ठी व सम्मेलन का आयोजन हुआ था। जिला महामंत्री यादवेन्द्र सिंह परिहार संगठन के नियमों से हटकर संगठन के बैनर और कार्डो पर नाम लिखवाना चाहते थे। जिसको होने नहीं दिया गया। संगठन की छवि धूमिल करने को लेकर तत्काल प्रभाव से मण्डलीय अध्यक्ष की सहमति पर जिलाध्यक्ष प्रवेश रत्न शाक्य ने कार्यकारिणी को भंग कर दिया। बीते दिन हुई घटना को लेकर मीडिया में गलत बयानबाजी व संगठन की छवि धूमिल करने के आरोप में कार्यकारिणी को भंग किया गया है। शनिवार को हुई कार्यकारिणी की बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष जगदीश बाथम के समक्ष कार्यकारिणी ने निंदा प्रस्ताव पास कर अनुशासन के विरुद्ध कार्यवाही करने के लिए पत्र मिला है। कार्यकारिणी के केवल जिलामंत्री को छोड़कर सभी के त्याग पत्र प्राप्त हुए। संगठन की सुचिता व पवित्रता बनाये रखने के लिए मण्डलीय अध्यक्ष कानपुर व प्रदेश उपाध्यक्ष जगदीश बाथम ने विचार विमर्श कर जिला कार्यकारिणी भंग कर दी है। साथ ही प्रवेश रत्न को संयोजक एवं अर्जुन प्रताप सिंह को सर्वसम्मति से सह संयोजक नियुक्त किया है। दोनों लोग दस सदस्यीयों की सलाहकार समिति बनाकर चुनाव सम्पन्न होने तक संगठन का कार्य संचालित करेंगे।

# अखिलेश यादव से संजय सिंह ने की लोकसभा चुनाव को लेकर चर्चा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**



अखिलेश यादव के साथ अधिवक्ता संजय सिंह

**समाजवादी** पार्टी कार्यालय लखनऊ में फर्रुखाबाद के अधिवक्ता सभा के राष्ट्रीय सचिव संजय सिंह ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से शिष्टाचार भेंट कर लोकसभा चुनाव को लेकर चर्चा की। संजय सिंह ने लखनऊ पहुंचकर पार्टी कार्यालय में राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से मुलाकात कर लोकसभा चुनाव को लेकर चर्चा की। विभिन्न जनपदों से आये अधिवक्ताओं के साथ बैठक हुई। अधिवक्ता सम्मेलन के बाद संजय सिंह ने मुलाकात कर लोकसभा चुनाव की चर्चा करते हुए कहा कि अधिवक्ता सभा सभी के साथ मिलकर एक नई ऊर्जा के साथ काम कर रहा है। पीडीए फार्मूला के तहत होने वाले आगामी लोकसभा चुनाव में सपा और इंडिया गठबंधन को मजबूत करेंगे और अधिवक्ता सभा अपनी अहम भूमिका अदा करेगा। राष्ट्रीय सचिव संजय सिंह ने भरोसा दिलाया कि इस बार अधिवक्ता सभा एक साथ है और संगठन को मजबूत करने की गति दी गई उसी तरह पार्टी के प्रत्याशी को जितवाया जायेगा।

# कैम्प लगाकर सुनी गई जनता की समस्यायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**




जनता की समस्यायें सुनते राघव दत्त मिश्रा व कुलदीप भारद्वाज

**समाजवादी पार्टी** के महानगर अध्यक्ष राघव दत्त मिश्रा के नेतृत्व में मोहल्ला-मोहल्ला जनसुनवाई का तीसरा कैंम्प बजरिया के पोस्ट ऑफिस के पास लगाया गया। कैंप के प्रभारी पूर्व सभासद कुलदीप भारद्वाज एवं सत्यम अवस्थी, अमन भारद्वाज, अमित यादव, उरूज खान आदि पदाधिकारी ने बड़ी संख्या में आम जनता की समस्यओं को सुना। समस्यायें बताने वालों में सुनीता सिंह, संदीप सक्ससेना, गणेश राजपूत, माहिर अली, शमसाद, विष्णु, अवधेश यादव, राम नरेश राठौर, सुशील शाक्य, अमन पाठक, अनुराग बाल्मीक, सुनील कुमार बाल्मीक, जगदीश समेत 33 लोगों ने अपनी समस्याएं बताई। राघव दत्त मिश्रा ने बताया कि समस्याएंओ में प्रमुख समस्याएं वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, हैंडपंप खराब होना, राशन कार्ड सम्बंधित, नगर पालिका संबंधित समस्याएं सामने आई जिन समस्याओं के निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को दूरभाष पर समस्याओं के बारे में बताया गया एवं जो समस्याएं बची हैं उनके लिए पार्टी संबंधित अधिकारियों से मिलने का कार्य करेगी। समस्या को हल करने की पूरी कोशिश करेगी।

## सपा की मासिक बैठक में पूर्व विधायक व फ्रंटल पदाधिकारियों का आना अनिवार्य

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सपा की मासिक बैठक में राज्य कमेटी, फ्रंटल पदाधिकारी, विधायक, पूर्व विधायक का आना अनिवार्य है। जिला मीडिया प्रभारी विवेक यादव ने बताया कि समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल द्वारा जारी एक पत्र में कहा गया है कि जनपद में रहने वाले राज्य कमेटी तथा फ्रंटल कमेटियों के पदाधिकारी एवं विधायक तथा पूर्व विधायकों को निर्देशित किया गया है कि जनपद स्तर पर होने वाली मासिक बैठक में सभी का आना अनिवार्य होगा। जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव के हवाले से बताया कि लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए आने वाली मासिक बैठक में सभी को आना अनिवार्य है। जिससे संगठन को मजबूती मिलेगी।

# मकर संक्रान्ति के उपलक्ष्य में जन शिक्षण संस्थान द्वारा लगाये गये स्टाल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**



मेले में स्टाल लगाये जन शिक्षण संस्थान की अनुदेशिकायें

**स्वनिधि** मकर संक्रान्ति के उपलक्ष्य में मेले के आयोजन में जन शिक्षण संस्थान ने प्रतिभाग लिया। स्वनिधि मकर संक्रान्ति मेले का आयोजन मिशन हॉस्पिटल के सामने आवास विकास में हुआ। जनशि क्षण संस्थान की अनुदेशिकाओं व प्रशिक्षुओं ने भी बढ़-चढ़कर स्वनिधि मकर संक्रान्ति मेले में प्रतिभाग किया। मेले में लगे स्टाल पर जूट से बने समान को देखकर लोगों ने संस्थान की खूब तारीफकी। ऐसे मेले के आयोजनों से लोकल फार वोकल को पहचान मिलती है। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी मनोज मिश्रा, पृथ्वीराज सिंह, मंजू शर्मा, जूही शुक्ला, रंजना यादव, राजेश्वरी, अंजना, रत्नेश मिसरा, रानी, पूजा गुप्ता, सीमा गुप्ता, नीरज गुप्ता, रागिनी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### समग्र शिक्षा अभियान के तहत छात्राओं ने किया भ्रमण



भ्रमण के दौरान मौजूद शिक्षिकायें — समृद्धि न्यूज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत जिला विद्यालय निरीक्षक नरेंद्र पाल सिंह के निर्देशन में महीयसी महादेवी वर्मा राजकीय बालिका इण्टर कालेज फतेहगढ़ उच्च शिक्षण संस्थान के भ्रमण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। प्रधानाचार्य दीपिका राजपूत ने बताया कि राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान के अंतर्गत कक्षा 9 से 12 तक की छात्राओं का शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में आत्मविश्वास नेतृत्व समूह में रहने की प्रवृत्ति आदि गुण विकसित करना है। पुस्तकीय ज्ञान से अतिरिक्त व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त करने हेतु शासन द्वारा भ्रमण कार्यक्रम प्रत्येक वर्ष कराया जाता है। भ्रमण प्रभारी प्रवक्ता संघमित्रा भास्कर ने बताया कि जनपद के उच्च शैक्षिक संस्थान शकुंतला देवी महाविद्यालय कायमगंज, सीपी इंस्टीट्यूट के अलावा सुगंध एवं सुरस विकास केंद्र कन्नौज आदि का भ्रमण कराया गया। छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भ्रमण कार्यक्रम में भाग लिया। भ्रमण की व्यवस्था में प्रवक्ता शिल्पी, अर्चना गुप्ता, ज्योति, शैलजा मौर्य, आरती यादव, नीलम कश्यप, गरिमा पाण्डेय, मोनी चौहान, मीनाक्षी भास्कर, रक्षपाल, बविता यादव आदि उपस्थित रहे।

### दवा एजेंट को पीटने में मुकदमा दर्ज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** दवा एजेंट के साथ मारपीट के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी है। विजय अग्रवाल पुत्र मोहन लाल अग्रवाल मोहल्ला सेनापति का निवासी है तथा दवाइयों का एजेंट है। दिनांक 14 दिसंबर 2023 को समय लगभग 1:55 बजे वेदान्ता हॉस्पिटल कादरीगेट में दवाइयों के बावत संपर्क करने गया था। जहां पर सुनील यादव पुत्र बलवीर सिंह निवासी काली मड़िया रामपुर बैजू विशुनगढ़ रोड छिबरामऊ जनपद कन्नौज मिल गया। जिससे मेरा पहले से गाड़ी का विवाद चल रहा है। मुझे देखकर भद्दी-भद्दी गालियां देने लगा। विरोध करने पर मेरे साथ मारपीट कर दी। मौके पर मौजूद अभिषेक मिश्रा पुत्र सतीशचंद्र मिश्रा निवासी राजीव गांधी नगर ने बचाया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी है।

### न्यायालय के आदेश के उल्लंघन में अभियुक्त पर मुकदमा दर्ज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** न्यायालय के आदेश का उल्लंघन करने के मामले में पुलिस ने अभियुक्त के विरुद्ध 174ए के तहत रिपोर्ट दर्ज की है। जानकारी के अनुसार मु0अ0सं0 38/22 धारा 420, 467, 468, 471 आई.पी.सी. थाना मऊदरवाजा में वांछित चल रहे अभियुक्त रवींद्र सिंह उर्फ रवेंद्र निवासी बरौन थाना मऊदरवाजा को पुलिस काफी प्रयास के बाद भी पकड़ नहीं सकी। अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु न्यायालय द्वारा दिनांक 20.09.2023 को एनबीडब्लू व दिनांक 27.09.2023 को 82 सी.आर.पी.सी. की उद्घोषणा जारी की गयी। जो आरोपी के घर चस्पा करने की कार्यवाही की गयी। इसके बाद भी अभियुक्त न्यायालय में हाजिर नहीं हुआ। जिस पर न्यायालय के उल्लंघन के मामले में अभियुक्त के विरुद्ध थाना पुलिस द्वारा 174ए के तहत मुकदमा दर्ज किया गया।

### घटना के खुलासे पर कोतवाल को किया सम्मानित

**व्यापारी के परिजनों ने की पुलिस टीम की सराहना**

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** समधन निवासी व्यापारी के साथ हुई लूट व हत्या की घटना को लेकर पुलिस द्वारा मुठभेड़ में एक बदमाश को मार दिया गया। जबकि दूसरा घायल हो गया था। घटना के खुलासे के बाद व्यापारी के परिजनों ने कोतवाली पहुंचकर कोतवाल सहित पुलिस टीम का फूल मालाओं से स्वागत किया और जल्द लूट व हत्या के मामले का खुलासा करने पर सराहना की। शनिवार को समधन निवासी नायाब अपने पुत्र कासिद व परिजनों के साथ कोतवाली पहुंचे। जहां कोतवाल जयप्रकाश शर्मा की घटना के खुलासे को लेकर सराहना की और फूल मालाएं पहनाकर उनका स्वागत किया। मृतक अय्याज के पिता ने कहा कि पुलिस टीम द्वारा किए गए सराहनीय कार्य से जहां अपराधों पर अंकुश लगेगा। तो वहीं अपराधी भी अपराध कारित करने से पहले सौ बार सोचेंगे। पुलिस की निष्पक्ष कार्य प्रणाली से कानून और न्याय प्रक्रिया बेहतर हुई है। इससे पीड़ित को न्याय मिलेगा।

# बिना सुविधाओं के भी शिखर पर पहुंच रही छात्राएं



**गुरसहायगंज, कन्नौज।** कड़ी मेहनत और लगन से सफलता को प्राप्त किया जा सकता है। इसके लिए बहुत अधिक सुविधाओं की आवश्यकता नहीं होती है। जो लोग लक्ष्य निर्धारण कर मेहनत करते है। उन्हे सफलता जरूर मिलती है। यह बात प्रबंधक व कांग्रेस पूर्व प्रदेश सचिव विजय मिश्रा ने कही। शनिवार को नगर के रामगंज स्थित गोमती देवी आदर्श इंटर कॉलेज में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें नगर निवासी नंदा गुप्ता का केंद्रीय विद्यालय आसाम में पीजीटी केमिस्ट्री पद पर चयन होने पर फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया गया। जबकि पिता अतुल गुप्ता का भी फूलमाला पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान ललित मोहन सिंह, पूर्व प्रधानाचार्य पीड़ी विश्वकर्मा, सतीश चंद्र, सुरेंद्रनाथ मिश्रा, कमलेश कुमार, अतुल मिश्रा, रितु, प्रबल प्रताप सिंह यादव, रामू त्रिपाठी, शिवकुमार वर्मा, मोहम्मद आरिफ, महेश चंद्र त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

# नॉर्दर्न रेलवे लखनऊ व सेंट्रल रेलवे प्रयागराज ने फाइनल में बनाई जगह

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**



स्टेडियम में हॉकी मैच खेलते खिलाड़ी — समृद्धि न्यूज

**राज्य स्तरीय** पुरुष आमंत्रण प्रतियोगिता के तीसरे दिन दो सेमीफाइनल मैच खेले गए। पहला सेमीफाइनल इटावा हॉकी तथा नॉर्दर्न सेंट्रल रेलवे प्रयागराज के मध्य खेला गया। जिसमें मुख्य अतिथि की भूमिका डॉ0 केएम द्विवेदी तथा सैय्यद रिजवान अली ने निभाई। मैच में नॉर्दर्न सेंट्रल रेलवे ने इटावा हॉकी को 2-1 से पराजित किया। दूसरे सेमीफाइनल नॉर्दर्न रेलवे तथा छात्रावास झांसी के मध्य खेला गया। जिसमें जिसमें नॉर्दर्न रेलवे ने झांसी छात्रावास को 2-0 से पराजित किया। इस मैच में मुख्य अतिथि के रूप में अपर जिला जज महेंद्र सिंह उपस्थित रहे। शनिवार को खेले गये मैच में अंपायरिंग की भूमिका नीलमा राजेश, नितिन सक्सेना, मुशीर अहमद, राजीव सक्सेना व कवी यादव ने निभाई। इस दौरान मैच में अंजुम दुबे, लक्ष्मण टंडन, अफजल अहमद, अवनींद्र कुमार, सुरेंद्र यादव, तज्जु भाई नवाब सिद्दीकी, चमन टंडन, अरविंद जादौन उपस्थित रहे। रविवार को फाइनल मैच नॉर्दर्न रेलवे लखनऊ तथा नॉर्थन सेंटर रेलवे प्रयागराज के मध्य दोपहर 12 बजे खेला जाएगा।

# किसान जोड़ों यात्रा के तहत गांव-गांव बनाये गये पदाधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**



नये सदस्यों को कार्ड सौंपते नरेन्द्र सोमवंशी — समृद्धि न्यूज

भारतीय किसान यूनियन भानू गुट के जिलाध्यक्ष नरेन्द्र सोमवंशी व प्रदेश उपाध्यक्ष अवधेश सिंह सोमवंशी सहित किसान नेताओं ने विभिन्न गांवों में जाकर किसान जोड़ों यात्रा के तहत लोगों को जोड़ते हुए पदाधिकारियों को नियुक्त किया और समस्यायें सुनी।

किसान जोड़ो यात्रा ग्राम चाचूपुर शांति नगर लवेड़ा की मड़ैया, पट्टी दारापुर, पट्टी भरखा, जसूपुर आदि ग्रामों में गई। जहां पर बेचेलाल को ग्राम अध्यक्ष चाचुपुर, विजेंद्र राजपूत को ब्लॉक सचिव युवा, धनीराम ग्राम सभा उपाध्यक्ष, अमर सिंह सदस्य, मानसिंह सदस्य, राम सेवक को सदस्य चाचूपुर नियुक्त किया गया तथा योगीराज को ग्राम अध्यक्ष पट्टी दारापुर, राघवेंद्र सिंह सदस्य, अमर वर्मा ग्राम महासचिव, योगेंद्र सदस्य,शीशराम राजपूत को ब्लॉक सचिव राजेपुर नियुक्त किया गया। तथा तीसराम राजपूत पूर्व प्रधान पट्टीदारापुर को ब्लॉक सचिव राजेपुर नियुक्त किया गया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष नरेंद्र सिंह सोमवंशी, शिशुपाल राजपूत, अजय कुमार शुक्ला, आदित्य राजपूत, नेत्रपाल सिंह, अवधेश सिंह सोमवंशी, बबलू यादव, अमन सिंह, सुशील कुमार सिंह, देवेंद्र सिंह, सर्वेश, सानू अग्निहोत्री, उमाशंकर पंडित आदि लोग मौजूद रहे।

# डीआरएम को संबोधित ज्ञापन एसएस को सौंपा

**गुरसहायगंज, कन्नौज। समृद्धि न्यूज**

**स्थानीय** रेलवे स्टेशन से गांव तक जाने के लिए रास्ते की मांग को लेकर कांग्रेस ने डीआरएम को संबोधित ज्ञापन स्टेशन अधीक्षक को सौंपा और समस्या के निस्तारण की मांग की। शनिवार को कांग्रेस अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश सचिव सरफराज हुसैन ने पदाधिकारियों के साथ स्थानीय रेलवे स्टेशन पहुंचकर डीआरएम को संबोधित ज्ञापन स्टेशन अधीक्षक मनोज कुमार अवस्थी को सौंपा। जिसमे उन्होंने रेलवे स्टेशन गुरसहायगंज से ग्राम डुंडवाबुजुर्ग होते हुए बिलंदपुर तक जाने के लिए स्टेशन के ऊपर से फ्लाई ओवर द्वारा सीधा रास्ता दिए जाने की बात कही। बताया कि ग्राम वासियों को नगर गुरसहायगंज में बाजार हेतु आना जाना पड़ता है और पहले स्टेशन के पास से सीधा रास्ता था। लेकिन सुंदरीकरण होने के कारण वह रास्ता बंद कर दिया गया। दोनों तरफ की क्रॉसिंगों की दूरी काफी ज्यादा है। जिससे पैदल आवागमन करने में लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस मौके पर संदीप पाठक, मोहम्मद इसरार, योगेश सक्सैना, नीरज दुबे, सोनू आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

# सूरज सेवाश्रम पर विवेकानंद की स्मृति में संगोष्ठी का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**



सूरज सेवाश्रम पर मौजूद लोग — समृद्धि न्यूज

**पांचाल घाट** स्थित सूरज सेवाश्रम पर विवेकानद की स्मृति में संत संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संचालन सूरज सेवाश्रम के अध्यक्ष समाजसेवी डॉ राजीव कुमार पाठक ने किया। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी, सवायजपुर विधायक मानवेन्द्र प्रताप सिंह रानू व पूर्व विधायक अरविन्द्र प्रताप सिंह व दुर्वाषा ऋषि आश्रम के प्रमुख महंत ईश्वरदास से आशीर्वाद लिया। डा0 राजीव पाठक ने बताया कि माघ मेले में आश्रम पर सूरज हॉस्पिटल की ओर से निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया जायेगा। जिसमें समस्त साधु-संत व कल्पवासियों को फ्री स्वास्थ्य परीक्षण के साथ दवाइयां दी जायेगी। समाजसेवी गोपिका रानी द्वारा बनवाये गये सूरज सेवाश्रम में दंडीस्वामी सत्यदेव महाराज के आशीर्वाद से साधु संत वहां आकर रहते है। इस मौके पर आचार्य अम्बरीश महाराज सहित गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# सेवा समिति द्वारा गरीब व असहाय लोगों को वितरित किये गये कम्बल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**



जरूरतमंदों को कम्बल वितरित करते सेवा समिति के लोग — समृद्धि न्यूज

**सेवा समिति** ने देर रात सड़कों पर गरीब व असहाय लोगों को कम्बल वितरित किये। समिति की ओर से हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सेवा समिति के सेवकों ने देर रात शहर की सड़को पर निकल कर ऐसे लोगों को खोजा जो अपनी राते रोड़ किनारे काटने को मजबूर है व पन्नी ताने व अन्य किसी चीजों से अपना गुजारा कर रहे थे, ऐसे लोगों को सेवा समिति द्वारा कम्बल दिए गए है। टीम के सेवको ने पूरे शहर का भ्रमण कर लोगों को राहत पहुंचाने का प्रयास किया है। सेवा समिति के संस्थापक फरियाब खान ने बताया कि यह सेवा पिछले 5 वर्षो से टीम के सेवक लगातार सेवाभाव से कर रहे है और मैं जब तक जीवित रहूंगा, समाज की सेवा करता रहूंगा। समाज में हर व्यक्ति को अपने हिस्से की जिम्मेदारियों को समझने की जरूरत है। हर व्यक्ति को जरूरतमंदों की मदद करना चहिए, यह हमारा नैतिक दायित्व भी है। जिला प्रभारी मेराजुद्दीन शेख व शहर अध्यक्ष हिलाल शफीकी ने बताया कि हमे सेवा करने में मन को जो शांति मिलती है वो दुनिया में कही नहीं मिलती। इस मौके पर फरीद खान, अमन सलमानी, शारिक अली, आदिल अहमद, अमन खान, शकील अहमद, साहिल खान आदि मौजूद रहे।

## देवरानी को जेठ जेठानी तथा पुत्री ने पीटा मुकदमा दर्ज

**संकिसा, समृद्धि न्यूज**

**मेरापुर** थाना क्षेत्र के गांव नगला सबल निवासी दीपक की पत्नी पूनम ने अपने जेठ अनूप, जेठानी सरोज व अनूप की पुत्री सोनम के विरुद्ध मारपीट, गाली-गलौज करने का मुकदमा दर्ज कराया है। तहरीर के अनुसार 9 जनवरी को पूनम अपने घर पर घरेलू कार्य कर रही थी कि तभी आरोपित जेठ, जेठानी व उनकी पुत्री ने आकर बिना बात गाली-गलौज करने लगे। गाली देने का विरोध करने पर मारपीट कर दी। मेरापुर पुलिस ने मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी।

# सीट बंटवारे पर फैसला जल्द : पवार

## इंडिया गठबंधन की वर्चुअल बैठक में 10 से ज्यादा राजनीतिक दलों में हुई बातचीत

▶ मल्लिकार्जुन खड़गे विपक्षी इंडिया ब्लॉक के अध्यक्ष नामित

एजेंसी



**नई दिल्ली।** शनिवार को इंडिया गठबंधन की वर्चुअल बैठक हुई। इस बैठक में 10 से ज्यादा राजनीतिक दलों के प्रमुख जुड़े। हालांकि इस बैठक से ममता बनर्जी, अखिलेश यादव, उद्धव ठाकरे जैसे चेहरे नदारत रहे। इन सबके बीच इस बैठक को लेकर शरद पवार ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि बैठक के बाद कहा कि मल्लिकार्जुन खड़गे की अध्यक्षता में इंडिया अलायंस की बैठक हुई।

उन्होंने कहा कि हमारी चर्चा हुई कि हम सब जल्द से जल्द सीट शेयरिंग पर फैसला लेंगे। कुछ लोगों ने सुझाव दिया कि गठबंधन का नेतृत्व मल्लिकार्जुन खड़गे को करना चाहिए और सभी इस पर सहमत हुए। हमने आने वाले दिनों की योजना बनाने के लिए एक समिति भी बनाई।

पवार ने आगे बताया कि सभी ने सुझाव दिया कि नीतीश कुमार को संयोजक के रूप में जिम्मेदारी लेनी चाहिए, लेकिन उनकी राय यह है कि जो पहले से ही प्रभारी है, उसे बने रहना चाहिए। पीएम पद के चेहरे पर पर उन्होंने कहा कि चुनाव के बाद, अगर हमें बहुमत मिलता है, तभी हम देश को बेहतर विकल्प दे पाएंगे। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को विपक्षी इंडिया ब्लॉक का अध्यक्ष नामित किया गया है। प्रमुख भूमिका को लेकर गठबंधन दलों के बीच कई हफ्तों तक चली खींचतान के बाद बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को भी संयोजक का पद मिल गया। यह निर्णय शनिवार को शीर्ष भारतीय ब्लॉक नेताओं की आभासी बैठक में लिया गया।

वहीं, खड़गे ने कहा कि इंडिया समन्वय समिति के नेताओं ने आज ऑनलाइन मुलाकात की और गठबंधन पर सार्थक चर्चा की। हर कोई इस बात से खुश है कि सीट बंटवारे पर बातचीत सकारात्मक तरीके से आगे बढ़ रही है। हमने आने वाले दिनों में भारत पार्टियों द्वारा संयुक्त कार्यक्रमों के बारे में भी चर्चा की। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि मैंने राहुल गांधी के साथ सभी भारतीय दलों को अपनी सुविधानुसार भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होने और इस अवसर का उपयोग सामाजिक, राजनीतिक उत्थान के लिए करने के लिए आमंत्रित किया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को विपक्षी इंडिया ब्लॉक का अध्यक्ष बनाया गया है। गठबंधन दलों के बीच कई हफ्तों की खींचतान के बाद बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को संयोजक का प्रमुख पद का ऑफर दिया गया है। हालांकि, मामले से परिचित लोगों ने कहा कि नीतीश कुमार ने संयोजक का पद ठुकरा दिया है। यह निर्णय शनिवार को शीर्ष भारतीय ब्लॉक नेताओं की आभासी बैठक में सर्वसम्मति से लिया गया। घटनाक्रम से परिचित लोगों ने कहा कि समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सुप्रीमो ममता बनर्जी, जो बैठक में मौजूद नहीं थे, को फैसले के बारे में सूचित किया जाएगा।वहीं, संयोजक पद पर अंतिम फैसला ममता बनर्जी और अखिलेश यादव के साथ चर्चा के बाद लिया जाएगा।

# महादेव सट्टेबाजी एप मामले में और दो लोग किए गए गिरफ्तार

एजेंसी

**रायपुर।** प्रवर्तन निदेशालय ने महादेव ऑनलाइन सट्टेबाजी और गेमिंग ऐप मामले में मनी लॉन्ड्रिंग जांच के सिलसिले में दो और लोगों को गिरफ्तार किया है। नितिन टिबरेवाल और अमित अग्रवाल के रूप में पहचाने गए दो आरोपियों को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की कई धाराओं के तहत गिरफ्तार किया गया और शुक्रवार को रायपुर की एक विशेष अदालत में पेश किया गया। टिबरेवाल पर इस मामले के एक आरोपी विकास छापरिया का करीबी सहयोगी होने का आरोप है।

ईडी सूत्रों के हवाले से बताया कि उन्होंने कथित तौर पर दुबई में कुछ अघोषित संपत्तियां खरीदीं और एक कंपनी में बहुसंख्यक शेयरधारक थे, जिसमें चप्पारिया भी एक शेयरधारक हैं। एजेंसी ने कहा कि एजेंसी को संदेह है कि ये संपत्तियां महादेव ऐप के मुनाफे से उत्पन्न अपराध की आय का उपयोग करके खरीदी गई थीं। गिरफ्तार किया गया दूसरा व्यक्ति अमित अग्रवाल इस मामले के एक अन्य आरोपी अनिल कुमार अग्रवाल का रिश्तेदार है। ईडी सूत्रों के मुताबिक, अमित अग्रवाल को अनिल कुमार अग्रवाल से महादेव ऐप फंड मिला और कहा जाता है कि उनकी (अमित अग्रवाल की) पत्नी ने मामले के एक अन्य आरोपी अनिल दम्मानी के साथ मिलकर कई संपत्तियां खरीदीं। अब तक, ईडी ने इस मामले में दो आरोप पत्र दायर किए हैं, जिनमें कथित अवैध सट्टेबाजी और गेमिंग ऐप के दो मुख्य प्रमोटरों - सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल - सहित अन्य शामिल हैं। दोनों को हाल ही में ईडी के आदेश पर जारी इंटरपोल रेड नोटिस के आधार पर दुबई में हिरासत में लिया गया था और एजेंसी उन्हें संयुक्त अरब अमीरात से भारत निर्वासित या प्रत्यर्पित करने की कोशिश कर रही है।

## खबरें एक नजर में

### इंग्लैंड के खिलाफ दो टेस्ट मैच के लिए भारतीय टीम घोषित

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली टेस्ट श्रृंखला के शुरुआती दो मैचों के लिए चयनकर्ताओं ने भारतीय टीम की शुक्रवार को घोषणा कर दी। भारतीय टीम में विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल को भी मौका दिया गया है। रोहित शर्मा 16 सदस्यीय टीम का नेतृत्व करेंगे जबकि जसप्रीत बुमराह उपकप्तान होंगे। अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को टीम में शामिल नहीं किया गया क्योंकि वह पिछले साल हुए एकदिवसीय विश्व कप के दौरान लगी चोट से उबर रहे है। शमी हाल में दक्षिण अफ्रीका दौरे पर गई भारतीय टीम का भी हिस्सा नहीं थे। चोटिल होने के कारण कर्नाटक के तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा के नाम पर भी विचार नहीं किया गया। पहला टेस्ट 25 जनवरी से हैदराबाद में और दूसरा मैच दो फरवरी से विशाखापत्तनम में खेला जाएगा। इंग्लैंड के खिलाफ पहले दो टेस्ट के लिए भारतीय टेस्ट टीम इस प्रकार हैं : रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल (विकेटकीपर), केएस भरत (विकेटकीपर), ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार, जसप्रीत बुमराह (उपकप्तान) और अवेश खान।

### कोलंबिया में भूस्खलन से 18 लोगों की मौत, 35 घायल

**बोगोटा।** पश्चिमी कोलंबिया के चोको प्रांत में भूस्खलन के कारण कम से कम 18 लोगों की मौत हो गयी और 35 अन्य घायल हो गये। अल टिएम्पो समाचारपत्र ने स्थानीय आपातकालीन सेवा के हवाले से शनिवार को अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रिपोर्ट के मुताबिक क्विब्दो और मेडेलिन शहरों के बीच सड़क पर कई भूस्खलन हुए। सड़क के पास एक घर भूस्खलन की चपेट में आ गया , जिससे वहां मौजूद 50 लोग मलबे में फंस गये। हादसे में दुर्घटना में घायल लोगों को एल कारमेन डी अट्राटो नगर पालिका अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दुर्घटनास्थल पर खोज और बचाव अभियान जारी है।

### दो फर्मों पर ईडी की छापेमारी, 64 लाख रुपए जब्त

**कोलकाता।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने महानगर कोलकाता के दो फर्मों के बैंक खातों और क्रिप्टो करेंसी में 64 लाख जब्त किये हैं। ईडी के सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मेसर्स टीएम ट्रेडर्स और मेसर्स केके ट्रेडर्स से संबंधित बिनेंस क्रिप्टो एक्सचेंज में क्रिप्टो वॉलेट में पड़े थे। गुरुवार को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत तलाशी लेने के बाद यह रोक लगायी गयी।

### बांगलादेश क्रिकेट बोर्ड अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे सकते हैं नजमुल

**ढाका।** नजमुल हसन आम चुनाव में जीत के बाद खेल मंत्री बनाए जाने के कारण बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) का अध्यक्ष पद छोड़ देंगे। नजमुल 2012 से बीसीबी के अध्यक्ष हैं। उन्होंने 7 जनवरी को हुए चुनाव में किशोरगंज-6 से जीत दर्ज की थी और इसके चार दिन बाद उन्हें युवा एवं खेल मंत्री पद सौंपा गया। इसके बाद उनके वर्तमान पद से हटने की संभावना है। नजमुल ने पत्रकारों से कहा,''मैं दोनों पदों पर बने रह सकता हूं। `मंत्री पद हासिल करने और बीसीबी के पद से हटने के बीच कोई संबंध नहीं है क्योंकि पहले भी कई मंत्री इस तरह की भूमिकाएं निभा रहे थे। दूसरे देशों में भी ऐसा होता है और यह कोई मुद्दा नहीं है।'' उन्होंने कहा,'' लेकिन अच्छा होगा अगर ऐसा नहीं होगा क्योंकि ऐसे में कहा जा सकता है कि मैं क्रिकेट को प्राथमिकता दे रहा हूं। खेल मंत्री होने के कारण मैं प्रत्येक खेल को प्राथमिकता में रखना चाहता हूं।'' बीसीबी के चुनाव अक्टूबर 2025 में होने हैं और नजमुल के पद छोड़ने की स्थिति में संचालन संस्था का कोई सदस्य यह पद संभाल सकता है।

### 11 दिन बाद मॉडल दिव्या पाहुजा की लाश टोहाना नहर से बरामद

**फरीदाबाद।** गुरुग्राम की मॉडल दिव्या पाहुजा का शनिवार को हरियाणा के टोहाना नहर से बरामद किया गया है। पूर्व मॉडल दिव्या पाहुजा का शव हरियाणा के फरीदाबाद जिले में एक नहर से बरामद हुआ है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पाहुजा की गुरुग्राम के एक होटल में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। गुरुग्राम के सहायक पुलिस आयुक्त (अपराध) वरुण कुमार दहिया ने बताया कि पाहुजा का शव टोहाना में भाखड़ा नहर की सहायक नहर से मिला है। पुलिस ने बताया कि पाहुजा (27) की दो जनवरी को गुरुग्राम स्थित एक होटल के कमरे में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उसने बताया कि पाहुजा की हत्या इसलिए की गई क्योंकि वह कथित तौर पर होटल मालिक की ''अश्लील तस्वीरों'' के जरिए उसे ब्लैकमेल करके पैसे वसूल रही थी। बता दें कि दिव्या पाहुजा का मर्डर 11 दिन पहले हुआ था।

# सचिन तेंदुलकर को मिला प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने का निमंत्रण

एजेंसी



**मुंबई।** भारत रत्न पूर्व भारतीय क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर को उत्तर प्रदेश के अयोध्या में राम मंदिर के 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया गया है। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मुख्य अतिथि होंगे जबकि गण्यमान्य व्यक्तियों की सूची में उद्योगपति गौतम अडानी और रतन टाटा, क्रिकेटर विराट कोहली, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत और योग गुरु बाबा रामदेव तथा अमिताभ बच्चन भी वीवीआईपी आमंत्रित लोगों में शामिल हैं।

जानकारी के अनुसार श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट द्वारा 3,000 वीवीआईपी सहित 7,000 लोगों को निमंत्रण भेजा गया है। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने देश भर से 4,000 संतों को भी आमंत्रित किया है। रामायण फेम एक्टर अरुण गोविल और दीपिका चिखलिया को भी न्योता भेजा गया है। राम मंदिर उद्घाटन समारोह में 1990 में पुलिस फायरिंग में मारे गए कारसेवकों के परिवारों को भी आमंत्रित किया गया है। उस्ताद राशिद खान की मौत के सदमे से संगीत जगत उबर ही रहा है कि आज एक और दुखद खबर सामने आई है। दिग्गज शास्त्रीय गायिका स्वरयोगिनी प्रभा अत्रे का निधन हो गया है। उन्होंने आज सुबह पुणे स्थित अपने आवास पर अंतिम सांस ली। वह 90 साल की थीं। शनिवार सुबह प्रभाताई को दिल का दौरा पड़ा। इसके बाद उन्हें तत्काल दीनानाथ मंगेशकर अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालांकि, डॉक्टर ने बताया कि वहां पहुंचने से पहले ही उनका निधन हो गया।

## गुरुग्राम में अवैध रूप से रह रहा ईराकी नागरिक गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** मुख्यमंत्री उडन दस्ता गुरुग्राम की टीम ने गुरुग्राम में वीजा खत्म होने के बाद भी अवैध रूप से रह रहे ईराकी नागरिक को गिरफ्तार किया है। वह सुशांत लोक थाना क्षेत्र में रह रहा था। मुख्यमंत्री उडन्दस्ता को काफी समय से सूचनाएं मिल रही थी कि काफी विदेशी नागरिक जो भारत में स्टूडेंट व मेडिकल वीजा लेकर गुरुग्राम आते हैं, लेकिन वे वीजा अवधि समाप्त होने के बाद भी वापस नहीं लौटते। अवैध रूप से यहीं पर रहते हैं। वे गुरुग्राम के बड़े अस्पतालों में आए विदेशी मरीजों के लिए इंटर प्रेटर का काम करते हैं। इस सूचना पर मुख्यमंत्री उडन्दस्ता की टीम सुशांत लोक एरिया में फोर्टिस अस्पताल के पास पहुंची। फोर्टिस अस्पताल गुरुग्राम के बाहर गेट पर उसे एक ईराकी व्यक्ति मिला। मुख्यमंत्री उडन दस्ता टीम द्वारा बाहर खड़े व्यक्ति से नाम पता पूछा, जिसने अपना नाम फलीह हुसैन ढेया फलीह बताया। वह सेक्टर-43 क्षेत्र में रह रहा था।

# टी-20 सीरीज जीतने आज उतरेगी टीम इंडिया

एजेंसी

**इंदौर।** अफगानिस्तान के खिलाफ सीरीज में जीत को अब भी क्रिकेट की बड़ी उपलब्धियां में नहीं गिना जाएगा लेकिन भारत के कुछ खिलाड़ी रविवार को इंदौर में होने वाले दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में इसे हासिल करने के लिए बेताब होंगे, ताकि वह टीम में अपनी जगह पक्की करने के लिए दावा मजबूत कर सकें।

इससे पहले भारत ने मोहाली में खेले गए पहले मैच में 6 विकेट से जीत दर्ज करके तीन मैच की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त बनाई। ऐसे में जितेश शर्मा, वाशिंगटन सुंदर और अक्षर पटेल जैसे खिलाड़ियों के लिए यह अनिवार्य हो गया है कि वह अफगानिस्तान के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करके चयनकर्ताओं की नजर में बने रहें जिनका लक्ष्य टी20 विश्व कप के लिए अदद टीम का चयन करना है। भारतीय टीम को जून में होने वाले विश्व कप से पहले कोई अन्य टी20 सीरीज नहीं खेली है और ऐसे में अफगानिस्तान के खिलाफ प्रदर्शन काफी मायने रखता है।



जितेश ने ईशान किशन को पीछे छोड़कर विकेटकीपर बल्लेबाज की दौड़ में खुद को आगे कर दिया है। उन्होंने निचले मध्यक्रम में कुछ अहम पारियां खेली हैं और वह अपना दावा पक्का करने के लिए बड़ी पारियां खेलने की कोशिश करेंगे। तिलक वर्मा का मामला भी ऐसा ही है। उन्होंने पिछले साल वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन मैच की श्रृंखला में 39, 51 और नाबाद 49 रन बनाकर शानदार शुरुआत की थी लेकिन इसके बाद वह अगली 13 पारियों में केवल एक अर्धशतक लगा पाए। इस 21 वर्षीय बल्लेबाज के लिए यह आंकड़े पर्याप्त नहीं होंगे और उन्हें बड़ी पारी खेलने की जरूरत है।

### टीम इस प्रकार है

**भारत :** रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), शिवम दुबे, वाशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल, रवि बिश्नोई, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, आवेश खान, मुकेश कुमार।

**अफगानिस्तान :** इब्राहिम जादरान (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज (विकेटकीपर), इकराम अलीखिल (विकेटकीपर), हजरतुल्लाह जजई, रहमत शाह, नजीबुल्लाह जादरान, मोहम्मद नबी, करीम जनत, अजमतुल्लाह उमरजई, शराफुद्दीन अशरफ, मुजीब उर रहमान, फजलहक फारूकी, फरीद अहमद , नवीन उल हक, नूर अहमद, मोहम्मद सलीम, क़ैस अहमद, गुलबदीन नायब, राशिद खान।

हालांकि यह देखना होगा कि वह अंतिम एकादश में जगह बना पाते हैं कि नहीं क्योंकि स्टार बल्लेबाज विराट कोहली पहले मैच में नहीं खेल पाने के बाद इस मैच के लिए उपलब्ध रहेंगे।

# बच्चों को बनाना चाहते हैं मेंटली स्ट्रांग तो जरूर सिखाएं ये बातें

वर्तमान समय में पेरेंट्स और बच्चों के बीच इमोशनल और मेंटल कनेक्ट काफी कम देखने को मिलती है। इसके पीछे कई कारण हो सकते हैं। लेकिन अगर आप अपने बच्चे को मेंटली मजबूत बनाना चाहते हैं, तो उनको नीचे बताई गई 5 चीजें जरूर सिखानी चाहिए।

वर्तमान समय में पेरेंट्स और बच्चों के बीच इमोशनल और मेंटल कनेक्ट काफी कम देखने को मिलती है। इसके पीछे का कारण बच्चों के लिए समय न निकाल पाना, पेरेंट्स के बीच बढ़ते झगड़े, माता-पिता का अलग-अलग रहना आदि कारण बच्चों के मेंटल हेल्थ पर काफी गहरा असर छोड़ता है। इन वजहों से बच्चा कहीं न कहीं मानसिक रूप से कमजोर हो जाते हैं। इस कारण बच्चे छोटी-छोटी बातें भी नहीं बर्दाश्त कर पाते हैं।

आपने देखा होगा कि कुछ बच्चों को बहुत जल्दी या छोटी-छोटी बातों पर गुस्सा आ जाता है। तो वहीं कुछ बच्चे थोड़ा डरे व सहमे लगते हैं। बता दें कि इन सारी चीजों का सबसे बड़ा कारण होता है कि बच्चों का मानसिक विकास कमजोर है। ऐसे में अगर आप भी पेरेंट्स हैं और अपने बच्चें को मेंटली स्ट्रॉन्ग बनाना चाहते हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसी बातें बताने जा रहे हैं, जिनकी मदद से आप भी अपने बच्चे को भी मेंटली स्ट्रॉन्ग बन सकते हैं।



### असफलता को मैनेज करना सिखाएं

**खेलकूद एक ऐसी चीज होती है, जिससे बच्चे हार व जीत का फर्क समझते हैं। ऐसे में हार मिलने के बाद उनको कैसे संभलना चाहिए, यह सीखने में स्पोर्ट्स उनकी काफी मदद करता है। इसके अलावा एक टीम के साथ मिलकर किस तरह से चीजें मैनेज की जाती हैं, यह भी बच्चे स्पोर्ट्स से ही सीखते हैं। ऐसे में आप क्रिकेट, फूटबॉल, या बच्चे की पसंद का कोई भी खेल खेलने के लिए उनको प्रोत्साहित कर सकते हैं। साथ ही उनके हारने पर उसे कैसे मैनेज करना है, यह भी सिखा सकते हैं।**

### म्यूजिक से कम होगी एंजाइटी

बच्चों के अंदर से एंजाइटी और टेंशन को रिलीज करने का सबसे अच्छा तरीका म्यूजिक होता है। क्योंकि यह बच्चों को मेंटली स्ट्रॅान्ग बनाने में सहायक हो सकता है। वहीं म्यूजिक की मदद से बच्चे का दिमाग भी शार्प हो सकता है।

### ड्राइंग से बढ़ेगा सेल्फ कॉन्फिडेंस

बच्चे अपने अंदर की भावनाओं को ड्राइंग की मदद से आसानी से व्यक्त कर पाते हैं। इससे उनके अंदर का स्ट्रेस भी कम होता है। ऐसे में अगर बच्चे कम उम्र में ही अपनी भावनाओं को व्यक्त नहीं कर पाते हैं, तो यह आगे चलकर उनकी मानसिक स्थिति पर बुरा असर डाल सकती है। ऐसे में बच्चे के आत्म-सम्मान को बढ़ावा देने में ड्राइंग उनकी मदद कर सकती है।

### मानसिक स्वास्थ्य पर सकारात्मक असर

बच्चों को मजबूत बनाएगी बागवानी एक बीज से पौधा और पौधे से फल देने वाला पेड़ बनते देखना बच्चे के मानसिक स्वास्थ्य पर सकारात्मक असर ला सकता है। ऐसा करते हुए देखना उनके अंदर धैर्य को जन्म देता है और साथ ही किसी भी चीज की देखभाल का तरीका सीखने में मदद मिलती है। इसलिए पेरेंट्स अपने बच्चों को बागवानी के काम भी करने को दे सकते हैं।

### स्ट्रेस को कम करता है डांस

बता दें कि डांस एक तरह का वर्कआउट होता है। इसको करने से बच्चा तनावमुक्त रह सकता है। अगर बच्चे को डांस करने में इंट्रेस्ट है, तो यह उनको खुश भी कर सकता है। इसलिए आप बच्चे को उनकी पसंद के मुताबिक कोई भी डांस फोम सीखने व करने दें। जिससे कि वह स्ट्रेस फ्री रहने के साथ मेंटली फिट भी रहें।

## इंडिया गठबंधन की बैठक में नहीं शामिल हुईं ममता


**कोलकाता।** केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार के खिलाफ बनी विपक्षी दलों के इंडी गठबंधन में सबकुछ ठीक नहीं चल रहा। कांग्रेस के आह्वान पर आज (शनिवार) इस गठबंधन की वर्चुअल बैठक में ममता बनर्जी ने शामिल नहीं हो सकीं। उनकी पार्टी तृणमूल कांग्रेस गठबंधन का हिस्सा है लेकिन वर्चुअल बैठक में भी शामिल होने से उन्होंने इनकार कर दिया है। तृणमूल कांग्रेस के एक शीर्ष नेता ने नाम उजागर नहीं करने की शर्त पर बताया कि कांग्रेस अपने मुताबिक गठबंधन को संचालित करने की कोशिश कर रही है, जो तृणमूल को मंजूर नहीं है।

# शास्त्रीय गायिका प्रभा अत्रे का 90 साल की आयु में हुआ निधन

एजेंसी

**नई दिल्ली।** उस्ताद राशिद खान की मौत के सदमे से संगीत जगत उबर ही रहा है कि आज एक और दुखद खबर सामने आई है। दिग्गज शास्त्रीय गायिका स्वरयोगिनी प्रभा अत्रे का निधन हो गया है। उन्होंने आज सुबह पुणे स्थित अपने आवास पर अंतिम सांस ली। वह 90 साल की थीं।

शनिवार सुबह प्रभाताई को दिल का दौरा पड़ा। इसके बाद उन्हें तत्काल दीनानाथ मंगेशकर अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालांकि, डॉक्टर ने बताया कि वहां पहुंचने से पहले ही उनका निधन हो गया। कई लोग सोशल मीडिया के जरिए प्रभाताई को श्रद्धांजलि देते नजर आ रहे हैं। संगीत के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए उन्हें पद्मश्री, पद्म भूषण और पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था।







# कब्ज से निजात दिलाने में मददगार है खसखस

खसखस में पोषक तत्व भरपूर मात्रा में मौजूद होते है। पोषक तत्वों से भरी खसखस का सेवन करने से शरीर स्वस्थ रहता है। पाचन क्रिया और हार्ट हेल्थ को बनाए रखने में मदद करता है। ये बहुत ही खास है क्योंकि इसमें पर्याप्त मात्रा फाइबर होता है।

इसके साथ-साथ इसे प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट, मैग्नीज, कॉपर, कैल्शियम, मैग्नीशियम, जिंक, फास्फोरस और आयरन का अच्छा स्रोत माना जाता है। सेहत बनाए रखने के साथ-साथ इम्यूनिटी बूस्टर फूड का भी काम करता है। त्वचा से जुड़ी समस्याओं के लिए खसखस का तेल बेहद कारगर है। खसखस का इस्तेमाल कई प्रकार के व्यंजनों को बनाने में किया जाता है। चलिए, आज आपको बताते है कि खसखस सेहत के लिए किस तरह फायदेमंद है।



अक्सर देखा जाता है कि लोग कब्ज की समस्या से बहुत परेशान रहते है। उन्हें खसखस का सेवन करना चाहिए, खसखस में फाइबर 20-30 फीसद तक मौजूद होता है। खसखस पाचन क्रिया को संतुलित रखकर कब्ज अपच जैसी समस्या से राहत दिलाता है और साथ ही साथ यह वेट लॉस में मदद करता है।

### इम्यूनिटी को रखे स्ट्रांग

खसखस में जिंक के पोषक तत्व होते है जो इम्यूनिटी को स्ट्रांग रखते है। यह सेल स्ट्रक्चर को इम्प्रूव करके सेल्स को बीमारी फैलाने वाले वायरस से लड़ने के लिए तैयार करता है।

### बोन डैमेज से करें बचाव

कमजोर हड्डियों पर कैल्शियम चढ़ाने के लिए खाएं खसखस खसखस का रोज खाली पेट सेवन करने से इसमें मौजूद मैंगनीज और प्रोटीन कोलेजन हड्डियों को गंभीर क्षति से बचाते है। हड्डियो को मजबूत बनाने में मददगार है।

### स्किन को बनाए हेल्दी

स्किन की समस्याएं जैसे कि खुजली, एक्जिमा और जलन से छुटकारा पाने के लिए आप खसखस का इस्तेमाल कर सकते है। इसे पीसकर पाउडर बनाकर दूध में मिलाकर चेहरे पर लगाने से चेहरे की चमक बढ़ती है और निखार आता है।

## पाकिस्तान में ब्रिटेन की राजदूत ने किया पीओके का दौरा

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने शनिवार को इस्लामाबाद में ब्रिटिश दूत की पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) की हालिया यात्रा पर आपत्ति जताई। पाकिस्तान में ब्रिटेन की उच्चायुक्त जेन मैरियट ने 10 जनवरी को मीरपुर का दौरा किया था। विदेश मंत्रालय द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि मैरियट की यात्रा अत्यधिक आपत्तिजनक थी और एक ऐसा कृत्य था जो भारत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का उल्लंघन था। मंत्रालय के बयान में कहा गया है कि विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा ने इस उल्लंघन पर भारत में ब्रिटिश उच्चायुक्त के समक्ष कड़ा विरोध दर्ज कराया है। विदेश मंत्रालय ने कहा, केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर और लद्दाख भारत का अभिन्न अंग हैं, हैं और हमेशा रहेंगे। क्षेत्र की यात्रा के बाद, जेन मैरियट ने एक्स पर तस्वीरें साझा की थीं और कहा था कि 70 प्रतिशत ब्रिटिश पाकिस्तानी जड़ें मीरपुर से हैं। ब्रिटिश दूत ने कहा कि मीरपुर से सलाम, ब्रिटेन और पाकिस्तान के लोगों के बीच आपसी संबंधों का केंद्र! 70 प्रतिशत ब्रिटिश पाकिस्तानी जड़ें मीरपुर से हैं, जिससे हमारा साथ मिलकर काम करना प्रवासी हितों के लिए महत्वपूर्ण हो।







